## छठे चरण का मतदान आज

# ढाई करोड़ से अधिक मतदाता करेंगे 162 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

- 15 जिलों की 14 लोकसभा सीटों व गैंसड़ी विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र में पड़ेंगे वोट
- सुरक्षा के व्यापक इंतजाम बड़ी संख्या में पुलिस बल सहित, 49 कम्पनी पीएसी व 229 कम्पनी सीएपीएफ तैनात



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लोकसभा** सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत छठवें चरण में उत्तर प्रदेश की 14 सीटों के साथ ही गैंसड़ी विधानसभा उप निर्वाचन के लिए मतदान की प्रक्रिया 25 मई शनिवार को संपन्न होगी। छठवें चरण के मतदान की पूर्व संध्या पर उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान की अपील करते हुए बताया कि छठवें चरण में उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संत कबीरनगर, लालगंज (अ.जा.), आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर (अ.जा.), भदोही लोकसभा क्षेत्रों के साथ ही तथा विधानसभा उपनिर्वाचन क्षेत्र गैंसड़ी में मतदान संपन्न कराया जाएगा। विधानसभा उपनिर्वाचन क्षेत्र गैंसड़ी जनपद बलरामपुर में अवस्थित है। उन्होंने बताया कि फर्रूखाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत मतदेय स्थल 343 प्राथमिक विद्यालय खिरिया पमारान पर पुनर्मतदान भी शनिवार को संपन्न किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान प्रातः 7 बजे से शुरू होकर सायं 6 बजे तक चलेगा। मतदेय स्थलों पर जो मतदाता सायं 6 बजे उपस्थित रहेंगे, उन मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया जा सकेगा।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि छठवें चरण में कुल 2 करोड़ 70 लाख 69 हजार 874 मतदाता हैं, जिसमें 1 करोड़ 43 लाख 30 हजार 361 पुरूष तथा 1 करोड़ 27 लाख 38 हजार 257 महिला एवं 1,256 थर्ड जेण्डर मतदाता हैं। छठवें चरण में मतदाताओं की संख्या की दृष्टि से सबसे अधिक मतदाता संत कबीरनगर तथा सबसे कम मतदाता इलाहाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं। 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 162 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें 146 पुरूष तथा 16 महिला प्रत्याशी हैं।

## सीएम योगी की अपील, पहले मतदान, फिर जलपान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को छठवें चरण के मतदान की पूर्व संध्या पर देश और प्रदेश के सभी मतदाताओं से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की है। सीएम योगी ने मतदाताओं को प्रेरित करते हुए कहा की आपका अमूल्य वोट आत्मनिर्भर विकसित भारत% के संकल्प को साकार करेगा। सीएम योगी ने छठवें चरण में मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहा, लोक सभा चुनाव का ये छठा चरण है। सम्मानित मतदाताओं से मेरी अपील है कि मतदान अवश्य करें। लोकतंत्र के महापर्व में आपकी सहभागिता 'नए भारत' में विरासत के सम्मान के साथ ही देश की विकास यात्रा को और समृद्ध बनाएगी। इसलिए, 'आत्मनिर्भर-विकसित भारत' के निर्माण हेतु पहले मतदान, फिर जलपान। उल्लेखनीय है कि शनिवार को उत्तर प्रदेश के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के साथ ही गैंसड़ी विधान सभा उप निर्वाचन के लिए भी मतदान होना है। जिन लोकसभा सीटों पर मतदान होना है उनमें सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संत कबीरनगर, लालगंज (अ.जा.), आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर (अ.जा.), भदोही लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं। इसके अतिरिक्त विधानसभा उपनिर्वाचन क्षेत्र गैंसड़ी के साथ ही फर्रूखाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत मतदेय स्थल 343 प्राथमिक विद्यालय खिरिया पमारान में भी मतदान संपन्न होगा।

# धर्म के आधार पर आरक्षण देने वालों को बेनकाब करना जरूरी: मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



- योगी आदित्यनाथ ने कोलकाता हाईकोर्ट के फैसले का किया स्वागत

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने ओबीसी-मुस्लिम आरक्षण को लेकर आए कोलकाता हाईकोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान किसी को भी धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता है। पश्चिम बंगाल की टीएमसी सरकार ने राजनीतिक तुष्टिकरण की पराकाष्ठा पर चलते हुए 2010 में 118 मुस्लिम जातियों को जबरन ओबीसी में डाल कर ये आरक्षण दिया था। इंडी गठबंधन द्वारा देश की कीमत पर राजनीति की जो ये नीति चल रही है, इस होड़ को खारिज और बेनकाब किया जाना चाहिए। सीएम योगी शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत के दौरान ये बातें कहीं।

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की ममता सरकार ओबीसी का हक जबरदस्ती हड़प रही थीं। इसी असंवैधानिक कृत्य पर उच्च न्यायालय ने टीएमसी सरकार के फैसले को पलटा है और एक जोरदार तमाचा मारा है। यह कार्य असंवैधानिक था, इसे अनुमति नहीं दी जा सकती है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने संविधान सभा में इसे बार बार कहा था। उन्होंने बताया कि भारत में अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए और मंडल कमीशन के बाद ओबीसी की सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन को ध्यान में रखते हुए आरक्षण की व्यवस्था की गई थी। धर्म के आधार पर आरक्षण की इजाजत भारत का संविधान कभी नहीं देता। बाबा साहब ने इसके लिए बार बार देश को आगाह किया था कि धर्म के आधार पर देश का विभाजन हुआ था और हमें ऐसी कोई स्थिति नहीं पैदा करना चाहिए जो देश को विभाजन की ओर धकेले।

मुख्यमंत्री ने कोलकाता हाईकोर्ट के फैसले को नजीर बताते हुए कहा कि कर्नाटक के अंदर भी कांग्रेस सरकार ने ओबीसी के अधिकार पर इसी प्रकार की सेंधमारी करते हुए मुसलमानों को आरक्षण देने का काम किया है। साथ ही आंध्र प्रदेश में भी इसी प्रकार की शरारत की गई थी। इन सबका जोरदार विरोध करना जरूरी है। किसी भी उसंवैधानिक कार्य को, जो भारत के विभाजन की आधारशिला रखने वाला हो, भारत को कमजोर करने वाला हो उसे कतई स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए।

## भाजपा प्रचंड बहुमत से चुनाव जीत रही है: पाठक



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को सलेमपुर स्थित सेंट पॉल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि लड़ाई एक तरफ राम मंदिर बनवाने वाले राम भक्तों और दूसरी तरफ कारसेवकों पर गोली चलवाने वाले लोगों के बीच है। तय आपको करना है कि आप किसकी तरफ रहेंगे। कमल का बटन दबाने पर ही राम मंदिर का रास्ता प्रशस्त हुआ। भाजपा विकास और विरासत दोनों का संवर्धन करने वाली पार्टी है हम तुष्टिकरण की राजनीति नहीं करते हैं।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार ने रामभक्तों पर गोलियां चलवाईं, जिससे अयोध्या नगरी खून से लाल हो गई थी। उपमुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी की जीत का दावा किया और कहा कि भाजपा जाति संप्रदाय से ऊपर उठकर कार्य करती है। पाठक ने कहा कि आज सभा की भीड़ बता रही है कि भाजपा प्रचंड बहुमत से चुनाव जीत रही है। अयोध्या में भव्य मंदिर बनाया गया, अब सरकार बनते ही मथुरा की बारी है। मथुरा में कृष्ण भगवान बांसुरी बजाकर इंतजार कर रहे हैं। आप मोदी जी के हाथों को मजबूत कीजिए।

# देश को सबसे ज्यादा कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोगों ने पहुंचाई क्षति: योगी

- मुख्यमंत्री ने महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र की फरेंदा विधानसभा में जनसभा को किया संबोधित



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ महाराजगंज

**देश** को सबसे ज्यादा क्षति कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोगों ने पहुंचायी है। इन्होंने सत्ता के लिए पहले देश का विभाजन किया, फिर देश के सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न किया। ये कहते हैं कि हम संविधान बदलकर ओबीसी के आरक्षण में सेंधमारी करके मुसलमानों को दे देंगे। ये देश के खिलाफ गहरी साजिश रच रहे हैं, जिसे हम स्वीकार नहीं कर सकते हैं। इसी के तहत पश्चिम बंगाल में कांग्रेस की सहयोगी तृणूल कांग्रेस पार्टी ने ओबीसी का सारा आरक्षण मुसलमान को दे दिया था। इस पर कलकत्ता हाईकोर्ट ने इसे असंवैधानिक करार देते हुए इसे खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि देश में मुसलमान आरक्षण पाने के अधिकारी नहीं हैं। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने भी कहा था कि संविधान के तहत अनुसूचित जाति, जनजाति और मंडल कमीशन के तहत ओबीसी जातियों को ही आरक्षण पाने का अधिकार है। यह आरक्षण धार्मिक आधार पर नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा था कि धर्म के आधार पर आरक्षण देश के विभाजन की नींव डालने जैसा है। वर्ष 1947 में भारत का विभाजन हो चुका है, अब दूसरा विभाजन नहीं होने देंगे।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को महराजगंज लोकसभा क्षेत्र की फरेंदा विधानसभा में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री और लोकसभा प्रत्याशी पंकज चौधरी के पक्ष में वोट की अपील की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज अयोध्या में रामलला अपने दिव्य मंदिर में विराजमान हैं। यह डबल इंजन की सरकार की वजह से साकार हो सका है। यह आपके वोट की ताकत से हुआ है। ऐसे में आपको अपने वोट की ताकत से हिंदू और सनातन विरोधियों को मुंहतोड़ जवाब देना है। वहीं सपा और कांग्रेस की सरकार में सारा पैसा कब्रिस्तान की बाउंड्री के लिये दिया जाता था। उस दौरान गांव में गरीब की जमीन पर चार लोग टोपी पहनकर पहुंचते थे और जबरन बाउंड्री बना करके कब्रिस्तान का बोर्ड लगा देते थे। वहीं आज यह पैसा भारत की विरासत और भारत के देवालयों को सजाने में खर्च होता है। इसके साथ ही यात्रियों और श्रद्धालुओं की सुविधा में खर्च हो रहा है। एक-एक करके हर एक स्थान को भव्य स्वरूप देने के साथ आम जनमानस की भावनाओं का सम्मान किया जा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि इंडी गठबंधन में शामिल समाजवादी पार्टी, राजद, आप समेत अन्य पार्टियां बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की विरोधी रही हैं। उन्होंने बाबा साहब को चुनाव हराया था। इंडी गठबंधन में शामिल सपा ने अपनी सरकार में प्रदेश में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, कांशीराम के नाम पर जो संस्थान बने थे, उन सभी नाम को हटा दिया था। सीएम योगी ने अखिलेश यादव पर आरोप लगाया कि वह कहते थे कि राजधानी लखनऊ में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, साहू जी महाराज, सावित्रीबाई फुले जैसे जितने भी महापुरुषों के स्मारक बने हैं, उन सभी को तोड़ देंगे। अपने स्वार्थ के लिए संविधान के साथ छेड़छाड़ करना, देश में इमरजेंसी लगाना, भारत की भावना के साथ खिलवाड़ करना आदि ये सब कांग्रेस और इंडी गठबंधन की फितरत रही है। कांग्रेस आज भी वही शरारत पर उतारू है। इनके मेनिफेस्टो में खतरनाक घोषणा इसका प्रमाण हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज महराजगंज विकास के नये आयाम गढ़ रहा है। इसी के तहत आनंदनगर से सिसवा तक पूरी रेल लाइन की स्वीकृत हो चुकी है। जल्द ही कार्य प्रारंभ होने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के पहले महाराजगंज की सड़कें सबसे खराब मानी जाती थी जबकि आज हाइवे और चकाचक सड़कें देखने को मिलती है।

## लेफ्टिनेंट जनरल के बेटे को प्रत्याशी बना कर भापजा ने सुरक्षा बलों का सम्मान किया




- देवरिया लोकसभा के पथरदेवा में सीएम बोले, कांग्रेस ने एक बार नहीं बल्कि कई बार संविधान के साथ किया है खिलवाड़

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ देवरिया

**सीएम** योगी ने कहा है कि ्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज अयोध्या में रामलला अपने दिव्य और भव्य मंदिर में विराजमान हो गये हैं। वहीं कांग्रेस कहती थी कि राम हुए ही नहीं। समाजवादी पार्टी ने अयोध्या में राम भक्तों पर गोलियां चलवाई थी। कांग्रेस के एक बुद्धिदाता कहते हैं कि भारत में राम मंदिर का निर्माण नहीं होना चाहिये। ये सब रामद्रोही और राष्ट्रद्रोही हैं। इनको जवाब देने का वक्त आ गया है क्योंकि देश में बिना प्रभु श्रीराम के कोई काम ही नहीं होता है। पिछले दस वर्षों में देश में जो विकास और विरासत का सम्मान हुआ है, उसके असली हकदार जनता जनार्दन है। आपके वोट की ताकत से ही आज दुनिया नये भारत का दर्शन कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंच प्रण में सुरक्षा बलों के सम्मान की बात भी कही थी। इसी के तहत मोदी सरकार ने देवरिया लोकसभा क्षेत्र से लेफ्टिनेंट जनरल प्रकाश मणि त्रिपाठी के पुत्र शशांक मणि त्रिपाठी को प्रत्याशी बनाया है। अब आप इनको जीता कर सुरक्षा बलों का मनोबल बढ़ाना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को पथरदेवा के देवरिया लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी के पक्ष में वोट की अपील की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले देवरिया को लेकर पिछली सरकारों की सोच संकुचित थी। यही वजह था कि उन्होंने देवरिया के विकास को लेकर कुछ नहीं कहा, लेकिन आज देवरिया विकास की नई गाथा लिख रहा है। यहां पूज्य देवराहा बाबा के नाम पर मेडिकल कॉलेज का निर्माण हो रहा है। वहीं बगल में कृषि विश्वविद्यालय बना रहा है। पहले जून समाप्त होते ही इंसेफेलाइटिस को लेकर हर घर में एक विचलन पैदा होती थी, लेकिन हमने इंसेफेलाइटिस को पूरी तरह समाप्त कर दिया है। सीएम योगी ने कहा कि मोदी सरकार सबका साथ, सबका विकास के तहत काम कर रही है। वहीं कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का गठबंधन अनर्थकारी है क्योंकि जब यह बनता है तो देश और प्रदेश में आतंकवादी घटनाएं होती है। यह हर बार नया ब्रांड लेकर आ जाते हैं, लेकिन माल पुराना ही है।

## प्रधानमंत्री आज गाजीपुर में करेंगे जनसभा

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार 25 मई को गाजीपुर में जनसभा को सम्बोधित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीसायं 04:30 बजे आरटीआई ग्राउण्ड गाजीपुर में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इसके साथ ही भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह शनिवार 25 मई को सोनभद्र के प्रवास पर रहेंगे। इसके साथ हीं केन्द्रीय मंत्री बीएल वर्मा शनिवार 25 मई को मिर्जापुर में जनसम्पर्क करेंगे। केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल शनिवार 25 मई दोपहर 02 बजे ग्राम पंचायत कोहरौल, भौरोपुर, नगमां, सोनभद्र में जनसभा को सम्बोधित करेंगी। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शनिवार 25 मई को महराजगंज तथा कुशीनगर के प्रवास पर रहेंगे। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य दोपहर 12:20 बजे बापू शताब्दी इंटरमीडिएट कॉलेज, जहदा, महराजगंज में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे तथा दोपहर 01:45 बजे नगर पंचायत दुधई के सामने मैदान,फाजिलनगर, कुशीनगर में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक शनिवार 25 मई को मऊ के प्रवास पर रहेंगे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक दोपहर 02 बजे केन्द्रीय चुनाव कार्यालय, विजय प्लाजा, मऊ में आयोजित चिकित्सक एवं अधिवक्ता बैठक को सम्बोधित करेंगे तथा सायं 5 बजे मंगलम मैरेज हॉल, करहां सुरहरूपुर, मोहम्मदाबाद, मऊ में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह सुबह 10 बजे दुद्धी तुलसी निकेतन, दुद्धी, सोनभद्र में आयोजित संगठनात्मक बैठक में मार्गदर्शन करेंगे।

**E-AUCTION NOTICE**
**FIRE DAMAGED BUILDING, PLANT & MACHINERY ETC. FOR SALE**

Online bids, separately for each Lot, are invited for sale of Two Lots of Fire damaged building, plant & machinery etc., comprising as under :

| Lot No. | Estimated Weight | EMD (Rs.) |
|---|---|---|
| 1 | 726000 Kg | 20,00,000 |
| 2 | 448755 Kg | 12,00,000 |

The abovesaid Lots of materials shall be sold on " **LUMPSUM WHOLE LOT BASIS"** and **"AS IS WHERE IS BASIS"** which belong to **M/s M.H. Polymers Pvt. Ltd.,** B-14, B-15, D-23 & E-115, Site B, Surajpur Industrial Area, Greater Noida, Gautam Budh Nagar, Uttar Pradesh, Bids can be done at portal **https://www.indiaengineering.com/multibid** after submitting the Earnest Money Deposit by Demand Draft/RTGS for each lot separately, in favour of **M/s M.H. Polymers Pvt. Ltd.,** payable at **Greater Noida,** on or before 5.00 P.M. on 11.06.2024 at the address given below. The E-Auction will be conducted from 03:00 PM onwards on 12.06.2024. Details of items and its Terms & Conditions of E-Auction can be obtained at free of cost, which are available at site and the following address:

**A) M/s Synise Technologies Ltd.,** 14th Floor, Antriksh Bhawan, 22, Kasturba Gandhi Marg, New Delhi-01. Contact for Registration & participation in E-Auction: Mr. Ashish /Lalit 9811907274/9773836114 E-mail: ashishk@synise.com

**B) Rohit Kumar & Co., Insurance Surveyors,** 507, Indra Prakash, Barakhamba Road, New Delhi – 110001. Mobile Nos. : 09871904532, 09810109369 e-mail : rohits4@gmail.com

**C) At Site : For both Lot # 1 & Lot # 2 :** Mobile Nos. : 9810063768, 9810159975

पायनियर वर्गीकृत

**NOTICE**

I Pankaj Kumar Pushkar,Service No.14942442M Rank NK declare that in my army record my daughter's name has been mentioned Avika Pushkar which is wrong while the correct name of my daughter is Anshi Pushkar.Hence,in all my documents the correct name of my daughter Anshi Pushkar will be written and known. Pankaj Kumar Pushkar S/O Mahavir Prasad R/O Village Mohkampur,Post-Parsada,Tehseel-Mishrikh, District-Sitapur

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने बेटे मो. सरफराज व उसकी पत्नी रजिया खातून को उसके गलत क्रियाकलाप व गलत चाल–चलन के कारण मैंने दोनों को अपनी समस्त चल– अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किये गए किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई उत्तरदाई नहीं होगा। मुनव्वर जहां पत्नी इदरीश पता 10 ताल कटोरा रोड लखनऊ

**सूचना**

मैं सूचित करता हूँ कि मेरी पुत्रियों मोहसिना खान व बुशरा खान और पुत्र मोहम्मद कामरान खान के शैक्षणिक प्रमाण–पत्रों में मेरा नाम संक्षिप्त रूप में ए.आर. खान के रूप में छपा है। जबकि मेरे सभी प्रमाण–पत्रों एवं कार्यालय अभिलेखों में मेरा पूरा नाम अब्दुर रहमान खान के रूप में दर्ज है। यह तथ्य सभी उद्देश्यों के लिए अधिसूचित किया जाता है।अब्दुर रहमान खान, 92 कच्चा हाता, अमीनाबाद, लखनऊ–226018

# छठे व सातवें चरण में इंडिया गठबंधन सभी सीटें जीतकर इतिहास रचने जा रहा: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि लोकसभा चुनाव-2024 में उत्तर प्रदेश से भाजपा की विदाई होना तय है। लगातार पांच चरणों के मतदान में भाजपा का ग्राफ गिरता रहा है। पूर्वांचल से भारतीय जनता पार्टी का पूरी तरह से सफाया होगा। समाजवादी पीडीए परिवार इंडिया गठबंधन के साथ जिस तरीके से मिलकर भाजपा का सफाया कर रहा है उससे साफ जाहिर है कि छठवें और सातवें चरण के चुनाव में इंडिया गठबंधन लोकसभा की 27 की 27 सीटें जीतकर इतिहास रचने जा रहा है।

यादव ने कहा कि भाजपा ने जनता से जितने झूठे वादे किए उससे व्यापक आक्रोश है। लोगों को अब भाजपा नेतृत्व के वादों और गारन्टी पर तनिक भी विश्वास नहीं हो रहा है। भाजपा ने लोगों को वैक्सीन लगवाकर उनका जीवन संकट में डाल दिया। वैक्सीन कम्पनी अपनी वैक्सीन वापस ले रही है लेकिन जो वैक्सीन लोगों को लग गयी है वो अब कैसे वापस होगी? वैक्सीन बनाने वाली कम्पनी से भी इलेक्टोरल बांड से वसूली कर ली। कम्पनियों ने महंगाई बढ़ाकर लोगों को लूटा है। इसीलिए भाजपा जनता के मुद्दों से मुंह चुरा रही है और मतदाताओं को दूसरे मुद्दों से भटकाने में लग गई है। लेकिन सच यही है कि काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती है। जनता का भरोसा भाजपा पूरी तरह से खो चुकी है। अखिलेश यादव ने कहा कि खेतीबाड़ी से जुड़े लोग जानते हैं कि 10 साल में किसान सबसे ज्यादा परेशान रहा है। किसान की आय दुगनी तो हुई नहीं उत्पादन लागत बढ़ा दी गई। बिजली, खाद, कीटनाशक, डीजल, पेट्रोल सब महंगा कर दिया। किसान लगातार घाटे में जा रहा है। किसान को एमएसपी नहीं मिल रही है। यादव ने कहा कि नौजवानों की एक तिहाई जिंदगी बेकार हो गई है। नौकरी, रोजगार के सभी अवसर बंद है। बड़ी कम्पनियां छंटनी कर रही है। सरकार पेपर लीक कराकर पेपर रद्द करने का बहाना बनाकर नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। 30 लाख नौकरियां खाली है पर भाजपा सरकार भर्ती नहीं कर रही है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में गरीब ज्यादा गरीब हुआ है जबकि बड़े-बड़े उद्योगपतियों को बैंक से लिया गया 25 लाख करोड़ का कर्ज माफ करने के बाद उन्हें फिर कर्ज दिया गया है। भाजपा सरकार में बैंक से कर्ज लेकर तमाम बड़े कारोबारी विदेश भाग गए। आज तक उनको कानून के घेरे में नहीं लाया जा सका है।

# वातावरण भारतीय जनता पार्टी के अनुकूल है: धर्मपाल सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने शुक्रवार को चन्दौली लोकसभा तथा राबर्ट्सगंज लोकसभा संचालन समिति, लोकसभा व विधानसभा के प्रभारी व संयोजकों के साथ बैठक में बूथ प्रबंधन के माइक्रोमेनेजमेन्ट पर चर्चा की। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि बूथ प्रबंधन पर केन्द्रित रणनीति के तहत कार्य करते हुए निश्चित विजय के फार्मूले पर काम करना है। बूथ प्रबंधन में बूथ समिति के सदस्यों और पन्ना प्रमुखों के कार्यों का विभाजन करके जिम्मेदारी तय करते हुए काम करना है। प्रत्येक बूथ पर अधिकतम मतदान और भाजपा के पक्ष में मतदान सुनिश्चित करना है। इसके लिए जन जागरण अभियान चलाकर प्रत्येक व्यक्ति से सम्पर्क करके अवश्य मतदान और भाजपा के लिए मतदान का बार-बार आग्रह होना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिवार पर्ची, वोटर पर्ची तथा मोदी जी का पत्र प्रत्येक परिवार तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करते हुए मतदान पूर्ण होने तक मजबूती से बूथ पर डटे रहना है। प्रत्येक बूथ पर पिछले चुनाव से 370 अधिक वोटों को भाजपा से जोड़ने के लक्ष्य का निश्चित लक्ष्य लेकर काम करना है। उन्होंने कहा कि पार्टी के बूथ से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक प्रत्येक पदाधिकारी पन्ना प्रमुख की जिम्मेदारी में है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि मजबूत बूथ प्रबंधन से ही बूथ विजय सुनिश्चित होती है। इसलिए बूथ समिति, पन्ना प्रमुखों सहित बूथ के प्रत्येक व्यक्ति तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की योजनाओं व ऐतिहासिक निर्णय को पहुंचाने का काम करना है। बूथ पर जाकर मोदी-योगी सरकार के कामों और सपा, बसपा और कांग्रेस सरकारों के कालखंड के कारनामों की चर्चा भी करना है। उन्होंने कहा कि वातावरण हमारे अनुकूल है।

कब्जा सूचना
(अचल संपत्ति हेतु)

**जब कि,**
**इंडियाबुल्स कमर्शियल क्रेडिट लिमिटेड (CIN:U65923DL2006PLC150632)** प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्योरीटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम **3** के साथ धारा **13(12)** के साथ सिक्योरीटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, **2002** के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **परमानंद सिंह प्रॉपराइटर मेसर्स लक्ष्मी इंडस्ट्रीज और लक्ष्मी** को **25.04.2023** की सूचना में वर्णन के अनुसार कर्ज खाता नं. **HLLAMOR00495005** की राशि **रू.5,19,015.56/- (रुपए पाँच लाख उन्नीस हजार पंद्रह और छप्पन पैसे मात्र)** और **20.04.2023** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट **60** दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी।

धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतत्द्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा **13** की उप धारा **(4)** के साथ उक्त कानून के नियम **8** के तहत सिक्योरीटी ईन्ट्रेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **22.05.2024** को संपत्ति पर **सांकेतिक आधिपत्य** कर लिया है। विशेषत: कर्जदारों और सामान्यत: जनता को एतत्द्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि **रू.5,19,015.56 /- (रुपए पाँच लाख उन्नीस हजार पंद्रह और छप्पन पैसे मात्र) 20.04.2023** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **इंडियाबुल्स कमर्शियल क्रेडिट लिमिटेड** के आधीन होगा।

उधारकर्ताओं का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप - धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**

**संपत्ति मापित लगभग 69.12 स्के.मी. के मकान के सभी भाग और खंड, खसरा नं.763 के भाग की जमीन, बेंकी मोहल्ला पर स्थित, एकता कॉलोनी, गाँव माजोला, परगना और जिला मोरादाबाद, मोरादाबाद-244001, उत्तर प्रदेश, जो निम्ननुंसार परिबद्ध है:**
**पूर्व: रोड 12 फीट चौड़ा** **पश्चिम: लोकेंद्र सिंह मकान**
**उत्तर: प्लॉट राम सिंह सैनी** **दक्षिण:मकान दाल चंद**

**दिनांक:22.05.2024**
**स्थान : मोरादाबाद**

सही/-
प्राधिकृत अधिकारी
इंडियाबुल्स कमर्शियल क्रेडिट लिमिटेड

# प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी करने वाले गैंग के तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**एसटीएफ** ने लखनऊ कमिश्नरेट के चिनहट थाना क्षेत्र से नशीली व प्रतिबन्धित दवाओं की तस्करी करने वाले अंतरराष्ट्रीय गैंग के तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से 13500 नशीली दवाएं बरामद हुईं। इसे एसटीएफ की बड़ी कामयाबी मानी जा रही है। अधिकारियों की माने तो एसटीएफ इन तस्करों को पकड़ने के लिए काफी समय कोशिश में लगी थी।

पकड़े गए अभियुक्तों में साहिल उर्फ हैदर अली उर्फ साहिल मुखौटा निवासी इरादतनगर, डालीगंज, थाना मदेयगंज, लखनऊ का रहना वाला है। जबकि अब्दुला सुहैल उर्फ अंधा निवासी 474ए/130बी, ब्रह्मनगर, सीतापुर रोड, थाना हसनगंज, लखनऊ का निवासी है। इसके साथ ही एसटीएफ के हत्थे चढ़ा तीसरा तस्कर मो. एनफ उर्फ दानिश उर्फ दानिश कालिया भी 482/84 नई बस्ती थाना मदेयगंज, लखनऊ का रहने वाला है।

गिरफ्तार अभियुक्तो क्रमश: साहिल उर्फ हैदर अली उर्फ साहिल, अब्दुला सुहैल उर्फ अंधा एवं मो. एनफ उर्फ दानिश ने बताया कि उनका एक गिरोह है जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पर प्रतिबन्धित और नशीली दवाओं की तस्करी करता है। साहिल व अब्दुला 'डार्कवेब व व्हाईट वेब' वेबसाइट के माध्यम से भारत, यूएसए सहित अन्य कई देशो के कस्टमर्स का डेटा प्राप्त करते है। जिसके बाद टेक्सट नाऊ, सेकेंड लाइन एप आदि एप्लीकेशनों के माध्यम से वर्चुअल नम्बर प्राप्त करके उन कस्टमरों से सम्पर्क करते है। जिस कस्टमर को प्रतिबन्धित/ नशीली दवाओं की जरूरत होती है उनसे विभिन्न पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से पैसे प्राप्त करके उनको नशीली दवाइयां उपलब्ध कराते है। इस काम में इन लोगों को काफी अच्छा मुनाफा होता है। ये तीनों शातिर तस्कर काफी समय से इस काम को अंजाम दे रहे थे। इसकी भनक एसटीएफ को लगी। जिसके उपरान्त एसटीएफ हरकत में आई और अपने मजबूत नेटवर्क के सहारे इस गिरोह के सदस्यों को पकड़ने में सफल रही। एसटीएफ के अधिकारियों के मुताबिक इस खुलासे के बाद कई सुराग हाथ लगे हैं जिस पर काफी गंभीरता से काम शुरू कर दिया गया है।

## गोंडा नगर पालिका अध्यक्ष का प्रशासनिक और वित्तीय अधिकार सीज करने का आदेश खारिज

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**नगर** पालिका परिषद, गोंडा की अध्यक्ष (चेयरपर्सन) उजमा राशिद को बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने उनके प्रशासनिक व वित्तीय अधिकार सीज करने सम्बंधी आदेश को रद् कर दिया है। पीठ ने पाया कि नगर पालिका अध्यक्ष को सुनवाई का मौका दिए बिना ही उक्त आदेश जारी किया गया था। जस्टिस संगीता चंद्रा एवम जस्टिस बृजराज सिंह की पीठ ने यह आदेश उजमा राशिद की याचिका पर दिया है। इनकी ओर से कहा गया कि 18 अप्रैल 2024 को उन्हें कारण बताओ नोटिस दिया गया। जिसके द्वारा उनसे पूछा गया कि क्यों न उन्हें उनके पद से हटा दिया जाए। इस नोटिस के साथ ही उनके प्रशासनिक और वित्तीय अधिकारों पर रोक लगा दी गई। कहा गया कि जिस समय यह नोटिस जारी किया गया, उस समय वह जेल में थी। उन्हें सुनवाई का मौका दिए बगैर ही उक्त आदेश जारी किया गया। गौरतलब है कि नगर पालिका अध्यक्ष पर एक शत्रु सम्पत्ति को हड़पने का आरोप लगाया गया है।

# बढ़ रही गर्मी में विद्युत आपूर्ति पर सजगता बरतें अधिकारी: डॉ. आशीष गोयल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में लगातार गर्मी बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में प्रदेशवासियों को बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो इसके लिये उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल लगातार मानीटरिंग कर रहे है। अध्यक्ष ने प्रदेश की विद्युत आपूर्ति की समीक्षा में निर्देशित किया है कि आगामी 2 जून तक अपरिहार्य कारणों को छोड़कर शटडाउन से बचें।

स्थानीय दोषों को ठीक करने के लिये पर्याप्त गैंग, ट्राली ट्रांसफार्मर आदि सामाग्री की व्यवस्था रहे, जिससे कम से कम समय में स्थानीय दोषों को ठीक कर विद्युत आपूर्ति सामान्य की जा सके। एसएलडीसी के आंकड़ो के अनुसार वर्तमान समय में प्रदेश में 24 घण्टे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। अध्यक्ष ने निर्देशित किया है ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त न हों इसके लिये सम्बन्धित कार्मिक पूरी सावधानी बरतें। सुरक्षा एवं आवश्यक अनुरक्षण कार्य करायें।

गर्मी बढ़ने के साथ ही प्रदेश में बिजली की खपत और मांग का नया रिकार्ड बना है। पावर कारपोरेशन के इतिहास में अब तक अधिकतम 590.6 एमयू 20 मई को बिजली की खपत का



रिकार्ड था। 22 मई को खपत 605.48 मेगावाट तक पहुंच गई है। इसी तरह बिजली की अधिकतम मांग पिछले वर्ष 24 जुलाई 2023 को 28284 मेगावाट का नया रिकार्ड बना था। लेकिन 22 मई 2024 को 28336 मेगावाट तक मांग पहुॅच गई। जोकि एक नया रिकार्ड बन गया। पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल का कहना है कि विद्युत मांग के अनुरूप बिजली की व्यवस्था की जा रही है। पावर कारपोरेशन ने पूर्वानुमान के अनुरूप विद्युत उपलब्धता की प्रर्याप्त व्यवस्था कर रखी है और मांग बढ़ने पर अतिरिक्त अरेन्जमेन्ट भी ससमय किया जायेगा। अध्यक्ष ने बताया है कि सिस्टम की कैपेसिटी के कारण कही भी रोस्टिंग नही हो रही है। लोकल फाल्ट के कारण विद्युत आपूर्ति के बाधित होने की सूचनाएं है। इस संदर्भ में भी कड़े निर्देश दिये गये है कि जहॉ कही भी लोकल फाल्ट हो उसे कम से कम समय में ठीक कर आपूर्ति बहाल की जाये।

## यूपीएसआईएफएस मेधावी छात्रों को देगा चाणक्य मेरिटोरियस स्कालरशिप: डॉ. जीके गोस्वामी

● प्रवेश पाने वाले 21 छात्रों को प्रदान की जाएगी स्कॉलरशिप

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइन्स, लखनऊ अब नये शैक्षणिक सत्र में मेधावी छात्रो को 'चाणक्य मेरिटोरियस स्कॉलरशिप' प्रदान करेगा। यह स्कॉलरशिप प्रतिभाशाली और मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदान किया जायेगा ताकि संस्थान में आने वाले छात्र छात्राएं अपने प्रतिभा के स्तर को लगातार बढ़ा सके।

यूपीएसआईएफएस के निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने बताया कि हमारे संस्थान में उक्त स्कॉलरशिप स्नातक एवं स्नातकोत्तर के प्रत्येक कोर्स में प्रवेश पाने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के छात्रों को ट्यूशन फीस में क्रमश: 100 प्रतिशत, 75 प्रतिशत एवं 50 प्रतिशत की स्कॉलरशिप दी जायेगी। उन्होंने यह भी बताया कि स्नातक के 3 कोर्स एवं स्नातकोत्तर के 4 कोर्सो में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले कुल 21 छात्रों को यह स्कॉलरशिप दी जायेगी। डॉ. गोस्वामी ने यह भी बताया कि संस्थान में प्रवेश पाने वाले छात्रों को राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा में सर्वोत्तम अंक के आधार पर उक्त स्कॉलरशिप प्रदान की जायेगी प्रवेश परीक्षाओं में सर्वोत्तम अंक अर्जित करने वाले छात्रों के अलावा भी शैक्षणिक सत्र के दौरान सेमेस्टर में भी सर्वोत्तम अंक अर्जित करने वाले छात्रों को भी रैंक के आधार पर स्कॉलरशिप दी जायेगी। इस संस्थान का द्वितीय शैक्षणिक सत्र अगस्त 2024 के प्रथम सप्ताह में प्रारम्भ होगा।

## अवैध निर्माण की फाइल गायब करने के आरोपी में कनिष्ठ लिपिक निलम्बित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एलडीए** द्वारा अवैध निर्माण की फइल गायब करने के आरोपी कनिष्ठ लिपिक सुबीर भाल को शुक्रवार को निलम्बित कर दिया गया। साथ ही एलडीए उपाध्यक्ष द्वारा आरोपी बाबू के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिये गये हैं।

अवैध निर्माण की फाइल गायब करने पर एलडीए ने बाबू पर कड़ी कार्रवाई की। एलडीए उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बाबू सुबीर भाल को निलंबित किया। निलम्बित आरोपी बाबू के खिलाफ विभागीय जांच के भी आदेश दिए हैं। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि विपिन सिंह व अन्य द्वारा हुसैनगंज क्षेत्र में अवैध निर्माण किया जा रहा था, जिसके विरूद्ध विहित प्राधिकारी न्यायालय प्रवर्तन जोन.6 द्वारा वाद संख्या.401/2021 योजित किया गया था। विहित प्राधिकारी न्यायालय प्रवर्तन जोन.6 में पेशकार के पद पर तैनात कनिष्ठ लिपिक सुबीर भाल पर आरोप है कि उसने अवैध निर्माणकर्ता के साथ दुरभि.संधि करते हुए उन्हें लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से उक्त वाद की मूल पत्रावली गायब कर दी।

सुबीर भाल के इस कृत्य से अवैध निर्माण के खिलाफ की जाने वाली कार्यवाही में बाधा पहुंची, जिससे कि प्राधिकरण की छवि भी धूमिल हुयी। कनिष्ठ लिपिक सुबीर भाल के इस मामले में प्रथम दृष्ट्या दोषी पाये जाने पर उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी ने कठोर कार्यवाही करते हुए आरोपी बाबू को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया। उपाध्यक्ष ने निलम्बन आदेश जारी करने के साथ ही आरोपी बाबू के खिलाफ विभागीय जांच के भी आदेश दिये हैं, जिसके लिए विशेष कार्याधिकारी देवांश त्रिवेदी को जांच अधिकारी नामित किया गया है।

## सरप्लस वाले विद्यालयों से हटेंगे शिक्षक

**लखनऊ।** बेसिक शिक्षा विभाग ने सरप्लस विद्यालयों से शिक्षकों को अन्यत्र तैनाती देने का निर्णय लिया है। इससे जहां पर छात्र-शिक्षक अनुपात की संख्या में सुधार होगा वहीं प्रत्येक विद्यालयों को आवश्यकतानुसार शिक्षक उपलब्ध कराये जा सकेंगे। इसके लिए बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव ने सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को पोर्टल पर छात्रों व शिक्षकों का विवरण अपडेट करने को कहा है। सचिव, बेसिक शिक्षा परिषद की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि पोर्टल से ही शिक्षकों के एक विद्यालय से दूसरे विद्यालय में स्थानांतरण किया जा सके। ये प्रक्रिया जून तक पूरी कर ली जायेगी। बता दें कि हर जनपद में काफी संख्या में ऐसे विद्यालय हैं। जहां पर शिक्षकों और बच्चों का अनुपात बराबर नहीं है। जिसका सीधा असर बच्चों पर पड़ रहा है। कई विद्यालयों में बच्चों की संख्या 25 से 30 है और शिक्षकों की संख्या 4 से 5। इसके बीच कई विद्यालय ऐसे भी हैं जहां शिक्षकों की संख्या 2 से 3 है लेकिन वहां बच्चों की संख्या 200 से 300 है। इस स्थिति को देखते हुए विभाग का प्रयास है कि इस अनुपात में सुधार किया जाए। नियमत: 30 बच्चों पर एक शिक्षक का होना अनिवार्य है। इस संबंध में सचिव ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि वह समायोजन से पूर्व मानव संपदा पोर्टल पर शिक्षकों के सारे विवरण को सहीं करा लें जिससे कि मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से समायोजन प्रक्रिया पूरी हो सके।

# पन्नी में लपेटकर बाग में फेंका नवजात का शव

● शिशु के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच में जुटी पुलिस

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**कनकहा** इलाके में मां की ममता एक बार फिर शर्मसार हो गई। किसी निर्दयी ने जन्म के बाद नवजात को आम की बाग में लाकर फेंक दिया। नवजात का शव मिलने की सूचना से इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शिशु को सीएचसी पहुंचाया लेकिन डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मोहनलालगंज के दौलत खेड़ा गांव के बाहर शुक्रवार की सुबह आम की बाग में पन्नी में लिपटा नवजात का शव मिलने से सनसनी मच गई। खेतों की ओर निकले ग्रामीणों ने आम के सूखे पत्तों के बीच नवजात का शव देखकर फौरन पुलिस को सूचना दी। ग्रामीण शिशु को लेकर मोहनलालगंज सीएचसी चले आए। सीएचसी में बालरोग विशेषज्ञ ने नवजात को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद अस्पताल में मौजूद ग्रामीण ही नही स्वास्थ्य कर्मी और पुलिस के अधिकारी भी क्रूर माता पिता की इस हरकत को लेकर कोसते रहे। वहीं ग्रामीणों में किसी निजी अस्पताल में गर्भपात अथवा नवजात के जन्म के बाद उसका शव छिपाने के लिए बाग में फेंकने की भी चर्चा रही। चौकी इंचार्ज उमेश सिंह ने बताया मामले की जांच की जा रही है। घृणित कार्य करने वाले गुनहगारों को बख्शा नही जाएगा। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया नवजात के शव के बारे में पुलिस टीम पता लगाने में जुटी हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## सेफ्टी किट को लेकर सख्ती बढ़ी अफसरों ने कसे मातहतों के पेंच

**मोहनलालगंज।** विद्युत लाइनों की मरम्मत के दौरान सेफ्टी किट नही पहनने वाले स्टाफ के लिए खतरे की घण्टी बज गई है। मोहनलालगंज में एसडीओ ने जेई और सभी स्टाफ के लिए पत्र जारी कर सेफ्टी किट बगैर काम करते पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई का अल्टीमेटम दिया है। उधर वर्कशॉप के ठेकेदारों को भी सेफ्टी किट के लिए चेताया गया है। मोहनलालगंज में फुंके ट्रांसफार्मर बदलने और एलटी व एचटी लाइनों की मरम्मत के दौरान कुछ विद्युतकर्मी और वर्कशॉप के ठेकेदार के कर्मी सेफ्टी किट पहने बगैर ही पोल पर चढ़कर काम करते दिखाई देते रहते हैं। ऐसे में जरा सी चूक इन कर्मियों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। जिसे लेकर पायनियर में प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने के बाद विद्युत विभाग के अफसरों ने सेफ्टी किट पहनने में लापरवाही बरत रहे कर्मियों पर शिकंजा कस दिया है। एसडीओ एसवी यादव ने जेई और स्टाफ के लिए संयुक्त पत्र जारी कर सेफ्टी किट बगैर लाइन मरम्मत का कार्य करते हुए पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेजने की हिदायत दी है। एसडीओ की सख्ती के बाद संविदा और नियमित कर्मियों में हड़कंप मच गया है। हालांकि कुछ कर्मी विभाग की ओर से सेफ्टी किट नही दिए जाने का भी आरोप लगा रहे हैं। उधर वर्कशॉप के अधिकारियों ने भी ठेकेदारों को अपने कर्मियों को सेफ्टी किट पहनाने के लिए आगाह किया है।

## रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात महिला का शव

**मोहनलालगंज।** डलौना में रेलवे ट्रैक पर अज्ञात महिला का क्षत विक्षत शव मिलने से हड़कंप मच गया। महिला के चेहरे की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर पुलिस शव के शिनाख्त की कोशिश कर रही है। मोहनलालगंज के डलौना में शुक्रवार को निजी स्कूल के पीछे रेलवे ट्रैक पर लगभग 35 वर्षीय अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस के तमाम प्रयासों के बावजूद शव की शिनाख्त नही हो सकी।

## बीएससी दूसरे सेमेस्टर के छूटे छात्र परीक्षा को लेकर 5 जून तक दे सकते हैं आवेदन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बीएससी** दूसरे सेमेस्टर के छूटे और एग्जाम्टेड छात्रों को प्रैक्टिकल देने का एक और मौका लखनऊ विश्वविद्यालय ने दिया है। ऐसे छात्र विवि परिसर स्थित रसायन विज्ञान विभाग में 5 जून तक आवेदन पत्र दे सकते हैं।

एलयू में बीएससी दूसरे सेमेस्टर में कई विद्यार्थियों का केमिस्ट्री का प्रैक्टिकल छूट गया था। लिहाजा एलयू ने ऐसे विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल देने का एक और मौका दिया है। एलयू व संबद्ध कॉलेजों के छात्रों को केमिस्ट्री का प्रैक्टिकल देने के लिए पांच जून तक अगला रसायन विज्ञान विभाग में प्रार्थना पत्र देना होगा। सम्बद्ध कॉलेजो विद्यार्थियों को प्रार्थना पत्र प्रधानाचार्य से फॉरवर्ड कराना होगा। 500 रुपये फीस ऑनलाइन जमा करनी होगी। प्रैक्टिकल 10 जून को विभाग में ही होगा। छात्र-छात्राओं को सुबह 9:30 बजे रसायन विज्ञान विभाग में रिपोर्ट करना होगा। दूसरे सेमेस्टर का प्रवेश पत्र फीस रसीद और आईडी कार्ड साथ में ले जाना होगा।

# पर्यावरण में रासायनिक प्रक्रियाओं के बारे में छात्रों को मिली जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शैक्षणिक** और अनुसंधान उत्कृष्टता प्राप्त करने के अपने निरंतर प्रयास में, लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग की तरफ से शुक्रवार को नौवें विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया। यह व्याख्यान हिंदू कॉलेज, मुरादाबाद से प्रोफेसर अलका रानी द्वारा दिया गया था। प्रारंभ में, रसायन विज्ञान विभाग के प्रमुख प्रोफेसर अनिल मिश्र ने अतिथियों का स्वागत किया और पर्यावरण में होने वाली रासायनिक प्रक्रियाओं का अध्ययन करके पर्यावरण रसायन विज्ञान के महत्व पर जोर दिया और बताया कि मानव गतिविधियाँ इन प्रक्रियाओं को कैसे प्रभावित करती हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि अनुसंधान और अनुप्रयोगों के दायरे का विस्तार जारी रखते हुए, पर्यावरण रसायन विज्ञान ग्रह के लिए एक स्थायी और स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करने के प्रयासों में सबसे आगे बना हुआ है। प्रोफेसर अलका रानी का परिचय प्रोफेसर वी.के. शर्मा द्वारा कराया गया। डॉ. नीरज कुमार मिश्र द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।



पर्यावरण रसायन विज्ञान और टिकाऊ जीवन में इसकी भूमिका विषय पर अपने व्याख्यान में प्रोफेसर अलका रानी ने पर्यावरण में होने वाली रासायनिक प्रक्रियाओं का अध्ययन करके और मानव गतिविधियां इन प्रक्रियाओं को कैसे प्रभावित करती हैं, इसका अध्ययन करके पर्यावरण रसायन विज्ञान टिकाऊ जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह क्षेत्र हवा, पानी और मिट्टी सहित प्राकृतिक सेटिंग्स में रासायनिक पदार्थों की संरचना और व्यवहार को समझने पर केंद्रित है। उन्होंने कुछ प्रमुख तरीकों का उल्लेख किया जिनसे पर्यावरणीय रसायन विज्ञान स्थिरता में योगदान देता है जैसे प्रदूषण नियंत्रण और निवारण, हरित रसायन विज्ञान, जलवायु परिवर्तन शमन, जल गुणवत्ता प्रबंधन, वायु गुणवत्ता निगरानी, स्थायी कृषि आदि। इन पहलुओं को एकीकृत करके, पर्यावरण रसायन विज्ञान उन प्रथाओं और प्रौद्योगिकियों के विकास का समर्थन करता है जो पर्यावरणीय प्रभाव को कम करना, संसाधन संरक्षण को बढ़ावा देना और जीवन की समग्र गुणवत्ता को बढ़ाना, एक स्थायी भविष्य का मार्ग प्रशस्त करना।


इंडियन बैंक Indian Bank

इलाहाबाद ALLAHABAD

मण्डलीय कार्यालय लखनऊ: न्यू बिल्डिंग, द्वितीय तल, हजरतगंज, लखनऊ–226001
फोन: 0522–2286272, 2287283, फैक्स: 0522–2288033, ई–मेल: zolucknow@indianbank.co.in

**ई- नीलामी बिक्री सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी) 2002 के पठित नियम 8(6) के अन्तर्गत बैंक में बंधक रखी अचल सम्पत्तियों की ई–नीलामी की सूचना

जैसाकि, इंडियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक) के बकायों के तथा उसमें वर्णितनुसार ब्याज की वसूली हेतु "जहाँ है जो है, जो कुछ भी है वहाँ पर" के आधार पर उसे बेचने के अधिकार के साथ निम्नलिखित ऋण खाता में वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के धारा 13(2) के अधीन जारी की गई सूचना के अनुपालन में बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने निम्नलिखित सम्पत्ति/यों का रचनात्मक कब्जा ले लिया है और जैसा कि बकायों का पुर्न भुगतान न करने के फलस्वरूप, अधिनियम की धारा 13(4) के अधीन प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी कथित सम्पत्ति/यों की ई–नीलामी सेवाप्रदाता के माध्यम से बिक्री करके बैंक के बकायों की वसूली का प्रस्ताव रखता है। वर्तमान में सम्पत्तियों का **सांकेतिक कब्जा** उपलब्ध है।

| क्र. सं. | ऋणी/प्रोपराइटर/पाटनर्स/निदेशक/जमानतकर्ता का नाम एवं पता | अचल सम्पत्ति बंधक का विवरण | मांग सूचना की तिथि / कब्जा सूचना की तिथि / मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि | (क) आरक्षित मूल्य (ख) धरोहर राशि (ग) ईएमडी जमा करने के लिए खाता विवरण (घ) वृद्धि बोली राशि | ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि व समय / ई–निलामी की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| **शाखा: राजकमल रोड** | | | | | |
| 1. | 1. **मेसर्स एस आर इंटरप्राइजेज, (प्रोप–श्रीमती दीपा जोशी पत्नी भूपेन्द्र जोशी) (ऋणी), पता–1:** नबीगंज, पल्हरी चौराहा, फैजाबाद रोड, बाराबंकी 225001 **पता–2:** प्लॉट सं. 7 (मकान सं. एएनआर/426), मोहल्ला आशुतोष नगर, वार्ड–चित्रा गुप्त नगर, जिला–लखनऊ, पिन–226023 2. **श्री भूपेन्द्र जोशी पुत्र नन्द किशोर जोशी (मृतक) (बंधककर्ता),** प्लॉट सं. 7 (मकान सं. एएनआर/426), मोहल्ला आशुतोष नगर, वार्ड– चित्रा गुप्त नगर जिला– लखनऊ, पिन– 226023 3. **श्रीमती दीपा जोशी पत्नी भूपेन्द्र जोशी (जमानतकर्ता एवं भूपेन्द्र जोशी के कानूनी उत्तराधिकारी),** प्लॉट सं. 7 (मकान सं. एएनआर/426), मोहल्ला आशुतोष नगर, वार्ड–चित्रा गुप्त नगर जिला– लखनऊ, पिन– 226023 4. **श्री भूपेन्द्र जोशी पुत्र नन्द किशोर जोशी (मृतक) (जमानतकर्ता),** प्लॉट सं. 7 (मकान सं. एएनआर/426), मोहल्ला आशुतोष नगर, वार्ड–चित्रा गुप्त नगर जिला–लखनऊ, पिन– 226023 5. **श्री दुष्यन्त जोशी पुत्र भूपेन्द्र जोशी (जमानतकर्ता एवं भूपेन्द्र जोशी के कानूनी उत्तराधिकारी),** प्लॉट सं. 7 (मकान सं. एएनआर/426), मोहल्ला आशुतोष नगर, वार्ड– चित्रा गुप्त नगर जिला– लखनऊ, पिन– 226023 | संपत्ति के सभी भाग व खण्ड को मिलाकर खसरा सं. 2174/13/1मि, 2188/1/2मि, 2188/2/3, प्लॉट सं. 7 (मकान सं. एएनआर/426), मोहल्ला आशुतोष नगर, वार्ड चित्रा गुप्त नगर, ग्राम कनौसी, परगना, तहसील एवं जिला लखनऊ, क्षेत्रफल 227.69 वर्ग मीटर, **मालिक:** श्री भूपेन्द्र कुमार जोशी, **चौहद्दी: उत्तर:** 12 फीट लेन, **दक्षिण:** 60 फीट चौड़ी सड़क, **पूर्व:** प्लॉट सं. 8, **पश्चिम:** प्लॉट सं. 6 | 19.02.2024 / 15.05.2024 / रू. 33,31,001.00 दिनांक 19.02.2024 तक + ब्याज + लागत, अन्य शुल्क एवं उस पर खर्चे | (क) रू. 1,26,44,000/- (ख) रू. 12,70,000/- (ग) 6127853725 IFSC: IDIB000H561 हजरतगंज शाखा (घ) रू. 10,000/- | दिनांक 28.06.2024 प्रातः 11.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक / दिनांक 29.06.2024 प्रातः 11.00 बजे से सायं 05.00 बजे |
| **शाखा: जानकीपुरम** | | | | | |
| 2. | 1. **श्री मुदित रस्तोगी पुत्र गिर्राज धरन रस्तोगी (ऋणी एवं जमानतकर्ता) (ए).** 441/आरसी/51, रेलवे कॉलोनी, जल निगम रोड, बालागंज लखनऊ लखनऊ। **(बी).** ई–4110, आवास विकास कॉलोनी, राजाजीपुरम, लखनऊ 2. **श्रीमती सौम्या रस्तोगी पत्नी मुदित रस्तोगी (ऋणी, बंधककर्ता एवं जमानतकर्ता) (ए).** 441/आरसी/51, रेलवे कॉलोनी जल निगम रोड, बालागंज लखनऊ **(बी).** ई–4110, आवास विकास कॉलोनी राजाजीपुरम, लखनऊ | आवासीय मकान संपत्ति सं. ई–4110 के सभी भाग व खण्ड, क्षेत्रफल 36.75 वर्ग मीटर स्थित वार्ड कुँवर ज्योति प्रसाद, मोहल्ला राजाजीपुरम, जिला लखनऊ, बुक नंबर 1, खंड संख्या 9037, पृष्ठ 319 से 356, क्रमांक 11841 दिनांक 24.10.2013 को उप रजिस्ट्रार–पंचम, लखनऊ के कार्यालय में पंजीकृत, **मालिक:** श्रीमती सौम्या रस्तोगी पत्नी श्री मुदित रस्तोगी, **चौहद्दी:–उत्तर:** सड़क 6 मीटर चौड़ी, **दक्षिण:** मकान नंबर ई–4014, **पूर्व:** मकान नंबर ई–4108, **पश्चिम:** मकान नंबर ई–4112 | 02.11.2023 / 23.04.2024 / रू. 8,81,215.00 दिनांक 02.11.2023 तक + ब्याज + लागत, अन्य शुल्क एवं उस पर खर्चे | (क) रू. 34,13,000/- (ख) रू. 3,41,300/- (ग) 6127853725 IFSC: IDIB000H561 हजरतगंज शाखा (घ) रू. 10,000/- | दिनांक 28.06.2024 प्रातः 11.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक / दिनांक 29.06.2024 प्रातः 11.00 बजे से सायं 05.00 बजे |

इच्छुक बोलीदाता शीर्षक दस्तावेज, संपत्ति और उसके निरीक्षण के बारे में सत्यापन के लिए इंडियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक), उपरोक्त शाखा से कार्यालय समय में दिनांक 27.06.2024 से पहले संपर्क कर सकते हैं एवं नीलामी से संबंधित जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाता उपरोक्त शाखा से संपर्क कर सकते हैं।

अधिक जानकारी और नियम एवं शर्तें डाउनलोड करने के लिए कृपया देखें– (1) http://www.ibapi.in (2) https://www.mstcecommerce.com
सरफेसी अधिनियम 2002 के तहत उधारकर्ताओं/जमानतकर्ताओं को बिक्री सूचना के बारे में अधिसूचित किया जाता है।

स्थान: लखनऊ, दिनांक : 25.05.2024 — प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक)


# बड़े मंगल के भंडारे के लिए नगर निगम में पंजीकरण अनिवार्य

● जारी किए गए हेल्प लाइन नम्बरों से सहायता मिलेगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बड़े** मंगल के भंडारे के लिए नगर निगम में पंजीकरण कराना अनिवार्य है। इसके लिए नगर निगम द्वारा जारी किए गए हेल्प लाइन नम्बरों से सहायता मिलेगी। जेष्ठ माह को सफ्ल बनाने एवं जीरो वेस्ट भंडारे सम्पन्न कराने के लिए समस्त इंतज़ाम कराए गए हैं। एलएमसी द्वारा कचरा संग्रहण पृथक्करण और निपटान के लिए वाहन इत्यादि सुविधाएं प्रदान किये जाने के निर्देश दिए गए।

बड़ा मंगल का भंडारा कराने से पूर्व आयोजकों को नगर निगम में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। नगर आयुक्त श्री इंद्रजीत सिंह के निर्देशानुसार पूर्व की भांति इस वर्ष भी जीरो वेस्ट बड़ा मंगल सम्पन्न कराए जाने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। इस वर्ष भी जेष्ठ माह में कराए जाने वाले बड़े मंगल के भंडारे का लिए सर्वप्रथम शहरवासियों को नगर निगम के पोर्टल या वन एप पर या नियंत्रण कक्ष के टोल फ्री नम्बरों पर कॉल करके पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। जिससे कि उक्त स्थल पर साफसफाई सहित अन्य सुविधाएं सुनिश्चित कराई जा सकें।

बताते चले कि लखनऊ में 28 मई से बड़ा मंगल उत्सव की शुरुआत होगी, जो लगभग एक महीने तक चलेगा। यह यूपी की राजधानी का एक खास उत्सव है, इस लिए नगर निगम द्वारा पूर्व की भांति इस वर्ष भी इसे सफल बनाने के लिए लोगों को सहूलियत प्रदान करने के खास इंतज़ाम किये गए हैं। पंजीकरण करवाने से उस भंडारे स्थल पर भंडारे से पूर्व व पश्चात साफसफाई करवाये जाने के साथ ही एक बैनर भी उपलब्ध कराया जाएगा।

**पंजीकरण कराने की प्रक्रिया:** सर्वप्रथम भंडारा आयोजक को एलएमसी पोर्टल अथवा लखनऊ वन एप अथवा नियंत्रण कक्ष के टोल फ्री नम्बरों..1533, 9219902911, 9219902912, 9219902913, 9219902914 पर कॉल करके अपना नाम, नम्बर, स्थान एवं लोगों की अनुमानित संख्या इत्यादि पंजीकृत करवानी होगी, उसके बाद ही वे भंडारे को सफल रूप से सम्पन्न करवा सकेंगे।

## प्लास्टिक मुक्त करने की अपील

**बड़े** मंगल को ज़ीरो वेस्ट एवं स्वच्छता के साथ संपन्न कराने के लिए नगर निगम द्वारा इसे प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए लोगों से अपील की गई है। साथ ही भंडारे स्थल पर आयोजन के बाद साफ सफ ाई करवाई जाएगी जैसे भंडारे से पूर्व में होगी। इसी के साथ भंडारे का पश्चात कूड़ा संग्रहण, पृथक्करण एवं उठान इत्यादि के साथ अन्य तमाम व्यवस्थाएं भी उपलब्ध करवाई जाएंगी। इस लिए नगर आयुक्त द्वारा सभी शहरवासीयों से अधिक से अधिक संख्या में पंजीकरण करवाए जाने और बड़े मंगल के उत्सव को सफ्ल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

# कांग्रेस राज में सुबह भ्रष्टाचार, शाम को होते थे आतंकी धमाके: योगी

**● कहा-रामद्रोही देना चाहते हैं गोकशी की छूट, इन्हें वोट देकर पाप के भागीदार न बनें**

## मुख्यमंत्री ने बांसगांव लोकसभा सीट के लिए चुनावी जनसभा को किया संबोधित



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ देवरिया

**यूपी** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कांग्रेस के राज में सुबह भ्रष्टाचार की खबरों से होती थी ओर शाम होते होते कहीं आतंकी धमाके हो जाते थे। उन्होंने इंडी गठबंधन को रामद्रोही बताते हुए कहा कि ये लोग देश में गोकशी की छूट देना चाहते हैं। इन्हें वोट देने का मतलब पाप का भागीदार बनना होगा। योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को बरहज में बांसगांव लोकसभा सीट के लिए पार्टी प्रत्याशी कमलेश पासवान के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वह पूरे देश में चुनाव प्रचार कर रहे हैं और एक ही आवाज हर तरफ सुनाई दे रही है कि फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार। कांग्रेस और सपा की हालत 400 पार का नारा सुनकर जलेबी जैसी हो गई है।

मुख्यमंत्री ने अनंत महाप्रभु बाबा राघवदास जी की पावन भूमि को कोटि कोटि नमन करते हुए कहा कि देश कह रहा है कि 'रामभक्त ही राज करेगा दिल्ली के सिंहासन पर।' उन्होंने कहा कि एक तरफ भारत के सम्मान, सुरक्षा की चिंता करने वाले, विकास और गरीब कल्याणकारी योजना से जोड़ने वाले पीएम मोदी हैं तो दूसरी ओर राम का विरोध करने वाले, आतंकवाद और नक्सलवाद का समर्थन करने वाले वे लोग हैं, जिन्हें विकास से कोई लेना देना नहीं है। ये भारत को कमजोर करना चाहते हैं और हमारी आस्था पर चोट करने वाले हैं। पांच चरण ने तय कर दिया है कि रामभक्त एक तरफ हैं और रामविरोधी दूसरी ओर। उन्होंने बताया कि कांग्रेस और सपा के लोग कहते हैं कि राममंदिर बेकार बना है। राममंदिर नहीं बल्कि इनकी बुद्धि बेकार है। आज अयोध्या में हर रोज लाखों लोग पहुंच रहे हैं। राममंदिर मोदी के नेतृत्व में जरूर बना है, मगर इसके पुण्य के भागीदार आप बनेंगे। क्योंकि आपने कमल चुनाव चिह्न दबाकर मोदी जी और मुझे ताकत दी है। सीएम ने कहा कि हमारा देश बदल चुका है। 10 साल में कोई आतंकी हमला नहीं हुआ। पाकिस्तान को भी पता है कि आज का भारत छेड़ता नहीं है, और किसी ने छेड़ने की कोशिश की तो उसे छोड़ता भी नहीं है। हमें मजबूत हिन्दुस्तान के लिए मजबूत सरकार चाहिए और मजबूत सरकार के लिए मोदी चाहिए।



पश्चिम बंगाल की सरकार के विरोध में हजरतगंज गांधी प्रतिमा पर प्रदर्शन करते अखिल भारतीय हिंदू महासभा के लोग

# देश शरीयत से नहीं संविधान से चलेगा: मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गोरखपुर



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत से आतंकवाद और भ्रष्टचार समाप्त हो गया है। जबकि कांग्रेस और सपा के शासन में सुबह की शुरूआत घोटाले से होती थी और शाम होते-होते कहीं न कहीं आतंकी विस्फोट हो जाता था। आज तो पटाखा भी कहीं फट जाए तो पाकिस्तान सफाई देते फिरता है कि इसमें मेरा हाथ नहीं है। यह नया भारत है जो किसी को छेड़ता नहीं है लेकिन किसी ने छेड़ा तो उसे छोड़ता भी नहीं है। सीएम योगी शुक्रवार शाम पिपराइच में गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद व भाजपा प्रत्याशी रविकिशन शुक्ल के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा और दोनों के कार्यकाल और साथ को कटघरे में खड़ा किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश का नाम और मान दुनिया में बढ़ाने वाली मोदी सरकार है तो दूसरी तरफ कांग्रेस और सपा का अनर्थकारी गठबंधन। इन दोनों के बीच जब भी गठबंधन हुआ तो अनर्थ ही हुआ है। याद करिए जब केंद्र में कांग्रेस और यूपी में सपा की सरकार थी तो अयोध्या में आतंकी हमला हुआ, वाराणसी में आतंकी हमला हुआ। इनके शासन में रामभक्तों पर गोलियां चलती थीं। हर तरफ अराजकता का तांडव था। सीएम ने कांग्रेस और सपा के चुनावी घोषणा पत्रों पर भी करारा हमला बोला। कहा कि अब यह अनर्थकारी गठबंधन अपने घोषणा पत्र में कह रहा है कि अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग का आरक्षण मुसलमानों में बांट देंगे। यह गठबंधन भारत में पर्सनल रूल यानी तालीबानी शासन लागू करने की फिराक में है। तालीबानी शासन यानी महिलाएं घरों से नहीं निकल सकतीं, बेटियां स्कूल नहीं जा सकतीं। पर, भाजपा किसी भी दशा में देश में तालीबानी शासन नहीं आने देगी। भाजपा का स्पष्ट कहना है कि यह देश शरीयत से नहीं संविधान से चलेगा। कांग्रेस और सपा की मंशा गोकशी की छूट देने की है। हिन्दू गाय को माता मानता है और कांग्रेस-सपा की मंशा कभी पूरी नहीं होने दी जाएगी। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस और सपा के लोगों को सबक सिखाने की आवश्यकता है। योगी ने कहा कि सपा और कांग्रेस के लोग पाकिस्तान का राग आलापते हैं। ऐसे लोगों को भारत पर बोझ बनने की बजाय पाकिस्तान में ही चले जाना चाहिए। एक तरफ पाकिस्तान है जहां के लोग भूखों मर रहे हैं तो दूसरी तरफ मोदी जी के नेतृत्व वाला भारत है जो अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दे रहा है। पाकिस्तान का राग आलापने वालों को वहां भीख भी नहीं मिलेगी। सीएम योगी ने कहा कि जब सही मत पड़ता है तो विकास, सुरक्षा, सम्मान और गरीब कल्याण की गारंटी होती है। जैसा कि जनता ने सही मत देकर मोदी सरकार बनाई तो आज देश में अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है। 60 करोड़ लोगों को पांच लाख रुपये तक के इलाज के लिए आयुष्मान योजना का लाभ मिल रहा है। अब तो तीसरी बार मोदी सरकार में 70 वर्ष से ऊपर के प्रत्येक बुजुर्ग को आयुष्मान का लाभ मिलने जा रहा है। मोदी सरकार में किसान को सम्मान निधि मिल रही है जबकि सपा की सरकार में किसान आत्महत्या करता था। सपा के शासन में गरीब के हक पर डकैती पड़ती थी जबकि आज हर गरीब का शौचालय बन गया है, उज्जवला योजना के तहत 10 करोड़ परिवारों को निशुल्क रसोई गैस कनेक्शन मिल गया है। पहले जहां रसोई गैस के लिए लाठी पड़ती थी तो वहीं अब यूपी में होली और दिवाली में गैस सिलेंडर मुफ्त दिया जा रहा है। मोदी सरकार ने चार करोड़ गरीबों के मकान बनवाए हैं।

तीसरी बार मोदी सरकार बनने पर जो गरीब बच गए हैं, उनके भी मकान बन जाएंगे। सीएम ने गोरखपुर में हुए विकास कार्यों में एम्स, खाद कारखाना, आयुष विश्वविद्यालय आदि का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सब सही मत पड़ने की वजह से संभव हुआ।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार की पत्नी के निधन पर सीएम योगी ने जताया शोक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की बरेली लोकसभा सीट से 8 बार सांसद रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार की धर्मपत्नी के निधन पर शोक जताते हुए परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। सीएम योगी ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, 'भाजपा परिवार के वरिष्ठ सदस्य, पूर्व केंद्रीय मंत्री, सांसद संतोष गंगवार जी की धर्मपत्नी का निधन अत्यंत दुखद है। मेरी ओर से उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान एवं शोक संतप्त परिजनों को यह अथाह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। ऊं शांति।' उल्लेखनीय है कि संतोष गंगवार की पत्नी सौभाग्यवती काफी लंबे समय से बीमार चल रही थीं। उन्होंने सुबह पांच बजे अपने घर भारत सेवा ट्रस्ट में अंतिम सांस ली।

## पंजीकरण कराने के बाद ही चार धाम यात्रा पर जाएं यूपी के श्रद्धालु

**● प्रदेश सरकार के गृह विभाग ने की रजिस्ट्रेशन की तिथि पर ही उत्तराखंड जाने की अपील**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तराखण्ड** राज्य में चार धाम यात्रा पर जाने वाले उत्तर प्रदेश के सभी इच्छुक श्रद्धालुजन पंजीकरण कराने के बाद ही यात्रा हेतु वहां जाएं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखकर उत्तराखण्ड सरकार द्वारा चार धाम यात्रा-2024 के लिए अनिवार्य पंजीकरण व्यवस्था लागू की गई है। बगैर पंजीकरण चार धाम यात्रा के लिए जाने पर श्रद्धालुओं को असुविधा हो सकती है। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि गृह विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा चार धाम यात्रा (गंगोत्री, यमुनोत्री, बद्रीनाथ एवं केदारनाथ) पर जा रहे अथवा जाने के इच्छुक प्रदेश के तीर्थ यात्रियों से यह अपील की गई है कि वे अनिवार्य रूप से रजिस्ट्रेशन कराते हुए रजिस्ट्रेशन की तिथि पर ही जाएं। प्रवक्ता ने बताया कि चार धाम यात्रा-2024 के लिए उत्तराखण्ड सरकार द्वारा जारी यूआरएल अथवा मोबाइल ऐप टूरिस्ट केयर उत्तराखंड अनिवार्य पंजीयन की व्यवस्था लागू की गई है। इसलिए चारधाम यात्रा-2024 के लिए अनिवार्य पंजीकरण प्रक्रिया पूरी नहीं करने वाले तीर्थ यात्री-श्रद्धालु चार धामों की यात्रा न करें। ऐसे यात्री, जिनका पंजीयन नहीं है, उन्हें निर्धारित चेक प्वांइन्ट्स पर रोक दिया जायेगा और वे उसके आगे नहीं जा सकेंगे। प्रदेश के समस्त टूर ऑपरेटर तथा ट्रैवल एजेन्ट भी यह सुनिश्चित कराएं कि उनके ग्राहकों द्वारा यात्रा प्रारम्भ करने से पहले आवश्यक पंजीकरण करा लिया गया है। उत्तर प्रदेश के समस्त इच्छुक श्रद्धालु यात्रा सम्बन्धी दिशा-निर्देशों से अवगत रहें, जिससे उनकी चार धाम यात्रा बिना किसी व्यवधान के सुगमतापूर्ण ढंग से सम्पन्न हो सके।

## गोमतीनगर में धंसी सड़क देखने पहुंचे भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव

**● जल्द दुरुस्त करवाने का दिया आश्वासन**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पूर्वी** विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी द्वारा विरामखंड गोमतीनगर में धंसी सड़क का संज्ञान लिया गया। भाजपा प्रत्याशी द्वारा बारी-बारी से पीडब्लूडी, जलकल, विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को फोन मिलाया गया। विधायक प्रत्याशी द्वारा अधिकारियों को शाम तक सड़क बनकर पूरी तरह तैयार करने के लिए कहा गया। साथ ही अधिकारियों को सड़क बनाने के बाद नई फोटो देने का निर्देश भी दिया गया।

शुक्रवार को पूर्वी विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव ने बीती शाम बिजली विभाग की लापरवाही से विरामखंड गोमतीनगर में धंसी सड़क का स्वत: संज्ञान लेते हुए सम्बंधित विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क किया।

ओपी श्रीवास्तव ने बारी-बारी से पीडब्लूडी के अधिशाषी अभियंता मनीष वर्मा, जलकल के जीएम मनोज आर्य और विद्युत विभाग के धीरज यादव को फोन किया और मौके की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों से समस्या के तेजी से निराकरण के लिए चर्चा की। सुनिश्चित किया कि आज शाम तक सड़क बनकर तैयार हो जाये। बताते चले कि सुबह सड़क धंसने की सूचना मिलते ही ओपी श्रीवास्तव ने गोमतीनगर स्थित राजीव गाँधी द्वितीय वॉर्ड के पार्षद अरुण तिवारी से कहा कि वो मौके पर पहुँच कर स्थिति का जायजा लें और वहाँ की स्थिति की फोटो उन्हें भेजें। जनता को तकलीफ से निजात मिली या नहीं इसकी भी जानकारी दें।

# हजरतगंज सहित 233 भवन स्वामियों की आपत्तियां निस्तारित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**हजरतगंज** सहित सभी जोनों के भवन स्वामियों को जीआईएस हाउस टैक्स के संशोधन को अफसरों द्वारा बड़ी राहत दी गयी। हजरतगंज की रमाकांत तिवारी का हाउस टैक्स 7965 आया था, जिसे संशोधित कर 2670 किया गया। इन सभी भवन स्वामियों द्वारा कर निर्धारण के विरुद्ध लिखित आपत्तियां और साक्ष्य के साथ भवन की वर्तमान फोटो सहित बुलाया गया था। अपर नगर आयुक्त सहित कर निर्धारण अधिकारी द्वारा 233 मामलों का निस्तारण किया गया।

राजधानी में स्थित भवनों के जीआईएस सर्वे में किए गए कर निर्धारण के विरुद्ध आपत्तियों के निराकरण के लिए शुक्रवार को जीआईएस समाधान दिवस का आयोजन लखनऊ नगर निगम मुख्यालय स्थित त्रिलोकीनाथ हॉल में किया गया। हजरतगंज के आपत्तिकर्ता रमाकांत तिवारी 9157, 44830 का जीआईएस का वार्षिक मूल्य 7965 और निस्तारण के बाद निर्धारित वास्तविक मूल्य 2670 रुपए किया गया।

वहीं दूसरे आपत्तिकर्ता मो. आसिफ 9157, 04418 का जीआईएस का वार्षिक मूल्य 4536 और निस्तारण के बाद निर्धारित वास्तविक मूल्य 1377 किया गया। समाधान दिवस में भवन स्वामियों से जीआईएस द्वारा किए गए कर निर्धारण के विरुद्ध लिखित आपत्तियां साक्ष्य व भवन की वर्तमान फोटो सहित आमंत्रित की गई थी। उक्त जीआईएस समाधान दिवस में नगर आयुक्त, सभी अपर नगर आयुक्त, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, सहायक नगर आयुक्त, सभी जोनल अधिकारी, कर अधीक्षक, राजस्व निरीक्षक व कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ जीआईएस सर्वे की टीम मौजूद रही। समाधान दिवस में जोनवार 233 आपत्तियां प्राप्त हुई जिसमें से सभी 233 आपत्तियों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

जीआईएस समाधान दिवस में नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह द्वारा अध्यक्षता करते हुए सभी भवनस्वामियों की शिकायतों को सुना गया एवं सभी जोनल अधिकारियों को शत-प्रतिशत निस्तारण के निर्देश दिये गये। नगर आयुक्त द्वारा स्वयं सुनवाई कर आपत्तियों का निराकरण कराये जाने पर भवन स्वामियों द्वारा नगर आयुक्त का आभार व्यक्त किया गया। जीआईएस समाधान दिवस में समस्त जोनल अधिकारीगण अपने अधीनस्थ कर अधीक्षक एवं राजस्व निरीक्षको के साथ उपस्थित रहे, जिनके द्वारा आवेदन प्राप्त होने पर तत्काल ही गणना व जाँच करते हुए मौके पर निस्तारण कराया गया।

**जोनवार प्राप्त आपत्तियां और निस्तारण की स्थिति**

| जोन | प्राप्त आपत्तियां | निस्तारित |
|---|---|---|
| जोन-1 | 20 | 20 |
| जोन-2 | 16 | 16 |
| जोन-3 | 62 | 62 |
| जोन-4 | 1 | 1 |
| जोन-5 | 26 | 26 |
| जोन-6 | 30 | 30 |
| जोन-7 | 71 | 71 |
| जोन-8 | 7 | 7 |
| **योग** | **233** | **233** |

## 103 लोगों ने आवंटन पत्र किया प्राप्त



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अकबर** नगर में एलडीए द्वारा विस्थापितों को आवंटन पत्र सौंपा गया। अपर सचिव की उपस्थित में 103 लोगों ने आवंटन सूचना पत्र प्राप्त किये।

एलडीए ने अकबर नगर प्रथम एवं द्वितीय के विस्थापितों को बसन्तकुंज योजना में निर्मित प्रधानमंत्री आवास आवंटित किये जा रहे हैं। जिसके लिए प्राधिकरण ने अकबर नगर में कैम्प करके पात्र व्यक्तियों को आवंटन सूचना पत्र वितरित किये जा रहे हैं। शुक्रवार को भी अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा की उपस्थिति में एलडीए के अधिकारियों व कर्मचारियों ने विस्थापितों को पत्र सौंपे। इस दौरान 103 लोगों ने आवंटन सूचना पत्र प्राप्त किये।

# लोकसभा चुनाव बना स्वामी प्रसाद मौर्य के लिए राजनीतिक कॅरियर की अग्निपरीक्षा

**सतीश सिंह।** लखनऊ



**राजनीति** में कब किसकी किस्मत चमक जाए, इस बारे में कोई नहीं बता सकता है और कब किसका राजनीति कॅरियर अवसान की तरफ बढ़ चले, सटीक अनुमान लगाना मुश्किल है। बात यूपी में मौर्य समाज के कद्दावर नेता स्वामी प्रसाद मौर्य से जुड़ी है। जिनके लिए यह लोकसभा चुनाव किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं है। चुनाव में यदि स्वामी जीते तो ठीक और न जीते एक अच्छा-खासा राजनीतिक कॅरियर उन्हें हाशिये पर लाकर खड़ा कर देगा।

यूपी ही नहीं देश की राजनीति में ऐसे नेताओं की लंबी फेहरिस्त है, जिन्होंने पार्टी से बगावत कर नई पार्टी खड़ी की लेकिन जनाधार न होने की वजह से उन्हें हाशिए पर जाना पड़ा।

चाहे वह प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. नारायण दत्त तिवारी हो या फिर कोई और नेता। अपनी पार्टी बनाने के बाद जब इन नेताओं का जनाधार घटने लगा तो उन्हें लौटकर अपनी मूल पार्टी में आना पड़ा। या फिर स्वाभिमान के चक्कर में दूसरे दलों की भीड़ में शामिल होकर राजनीतिक जमीन की तलाश करना पड़ा।

सनातन पर टीका-टिप्पणी से चर्चा में आये स्वामी प्रसाद मौर्य वर्तमान में कुशीनगर सीट से अपनी पार्टी राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के उम्मीदवार के रूप में मैदान में हैं। छात्र राजनीति से निकले स्वामी प्रसाद मौर्य कुशीनगर लोकसभा सीट से न केवल मैदान में भाजपा से लड़ रहे हैं वरन बसपा और सपा से भी लड़ रहे हैं। ऐसे में स्वामी के लिए यह सीट निकाल पाना काफी मुश्किल दिखाई दे रहा है।

### भाजपा से अलग होने के बाद 2022 में फाजिलनगर से लड़े चुनाव

**स्वामी** प्रसाद मौर्य के राजनीतिक कॅरियर पर नजर डालें तो 1980 में अपना राजनीतिक कॅरियर शुरू करने वाले पहली बार 1996 में विधायक बने।

मार्च से अक्टूबर 1997 तक वे भाजपा समर्थित मायावती सरकार में मंत्री रहे। 2002 से 2003 तक वे बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सरकार में मंत्री बने। स्वामी प्रसाद डलमऊ और पडरौना निर्वाचन क्षेत्रों से पांच बार विधानसभा के सदस्य रहे हैं और साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री, विपक्ष के नेता और सदन के नेता भी रहे हैं। वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव से पूर्व स्वामी प्रसाद मौर्य बसपा से अलग होकर भाजपा में चले गये और भाजपा के टिकट पर पड़रौना से विधानसभा पहुॅचे। लेकिन 2022 का चुनाव आने से पूर्व स्वामी का भाजपा से मोहभंग हो गया और वह सपा में चले गये। 2022 का चुनाव सपा के टिकट पर स्वामी फाजिलनगर सीट से विधानसभा चुनाव लड़े। चुनाव में हार के बाद सपा ने उन्हें विधानपरिषद भेज दिया।

### सनातन पर टिप्पणी स्वामी पर पड़ी भारी

**सपा** से विधानपरिषद पहुॅचने के बाद स्वामी के निशाने पर लगातार भाजपा रही। उन्होंने सनातन पर टिप्पणी करने से लेकर रामचरित मानस जैसे हिन्दू ग्रंथ को बकवास बताने वाले स्वामी को लेकर समाजवादी पार्टी के बीच असहज स्थिति उत्पन्न होने लगी। जिसका पार्टी के अंदर ही विरोध शुरू होने लगा। अंतत: स्वामी ने सपा की सदस्यता के त्यागपत्र देने के साथ ही उन्होंने विधान परिषद से भी इस्तीफा दे दिया।



**स्वामी प्रसाद** मौर्य इस बार अपनी पार्टी से मैदान में जरूर हैं लेकिन हारे तो अपनी सीट खो देंगे। चुनाव बाद जब महसूस करेंगे कि कहां चूक हुई तब जाकर इन्हें अहसास होगा। राजनीति में प्रिंसिपल-फालोवर और बेस तीनों का होना जरूरी है। बेस वोट तो है इनके पास लेकिन आज देश में सबसे अधिक ओबीसी मतदाता हैं। ऐसे में हर दल की निगाह इन पर लगी हुई है। ऐसे में स्वामी को ओबीसी का एकमुश्त वोट मिल पाना मुश्किल है। ऐसे में चुनाव परिणाम में गड़बड़ी हुई तो स्वामी प्रसाद मौर्य को उत्थान के लिए फिर से सोचना पड़ेगा।

**प्रो. डॉ. कमल कुमार**
**राजनीतिशास्त्र विभाग- लखनऊ विश्वविद्यालय**

### पहले इंडी गठबंधन फिर सपा से नजदीकी बढ़ाने का फार्मूला नहीं आया काम

**सपा** से अलग होने के बाद स्वामी प्रसाद मौर्य ने अपनी पार्टी राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी बनाई। लोकसभा चुनाव को देखते हुए स्वामी प्रसाद मौर्य ने इंडी गठबंधन के साथ नजदीकियां बढ़ाई लेकिन वह सफल न हो सके। इसके बाद उन्होंने सपा से भी तालमेल करने का प्रयास किया पर, वह सफल न हो सके। अंतत: स्वामी अपनी पार्टी से मैदान में हैं।

# मांगने वाला नहीं देने वाला देश बन गया भारतः जेपी नड्डा

● भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने चुनावी सभा को किया संबोधित

संवाददाता। सोनभद्र



**भारतीय** जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि मां ज्वालामुखी और क्रान्तिकारियों की धरती पर आकर धन्य हो गया। क्रान्तिकारी पंडित महादेव चौबे समेत अन्य को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। कहा कि दस साल पहले भारत का आम नागरिक कहता था कि भारत में कुछ नहीं बदलने वाला है। सभी नेता एक समान हैं, यूपीए सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है। वे स्थानीय हाइडिल मैदान में शुक्रवार को एनडीए की लोकसभा प्रत्याशी रिंकी कोल व दुद्धी विधानसभा उपचुनाव के बीजेपी प्रत्याशी श्रवण गोंड़, के समर्थन में सभा को संबोधित कर रहे थे।

बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि मोदी की अगुवाई में विकसित देश का संकल्प भारत की ओर चल चुका है। देश की जनता के आशीर्वाद से वे तीसरी बार पीएम जरूर बनेंगे। कहा कि 70 साल कांग्रेस के शासन मे जाति, धर्म की राजनीति की गई। मोदी ने सबका साथ, सबका विकास कर विकास वादी की राजनीति को जन्म दिया। अभी भी विपक्षी जाति, धर्म की राजनीति कर रहे हैं। हम तीन साल के अंदर दुनिया की तीसरी अर्थ व्यवस्था पर होंगे। दवा उत्पादन में देश दूसरे नबर पर है। भारत मांगने वाला नहीं देने वाला देश बन गया है। इस्पात उत्पादन में दूसरे नंबर पर आ चुका है। पहले मोबाइल फेन पर मेड इन चाइना लिखा होता था, अब मेड इन इंडिया लिखा होता है। सपा नेता अखिलेश पर तंज कसते हुए कहा कि वे बोलते थे डिजिटल क्या करेगा।

अब सब्जी वाला भी डिजिटल पेमेंट लेता है। योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि आयुष्मान कार्ड समेत अन्य योजनाओं का लाभ पात्रों को मिल रहा है। देश की कोई माता, बहन, बुजुर्ग 70 साल के होंगे तो उन्हें पांच लाख का आयुष्मान कार्ड इलाज के लिए मिलेगा। कहा कि मोदी सरकार में चार करोड़ आवास बना। आने वाले समय में बिजली का बिल शून्य होगा। हर घर पर सौर ऊर्जा लगेगा। जिससे बची बिजली सरकार क्रय करेगी। आने वाले समय में पाइप लाइन से गैस घरों तक पहुंचेगा। हाइवे बन रहे हैं, ओवरब्रिज बन रहा है। मोदी ने यूपी का रेलवे बजट बढ़ा दिया। अब यूपी बीमारू राज्य से उत्तम प्रदेश बन गया है।

कहा कि सोनभद्र और रेणुकूट रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण हो रहा है। विपक्षियों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि सपा और कांग्रेस को षड्यन्त्र के सिवा कुछ नहीं आता। कहते हैं कि मोदी संविधान और आरक्षण समाप्त कर देंगे। कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं लेने देंगे। विपक्षी मुस्लिमों को आरक्षण देने के लिए पिछले दरवाजे से षड़यंत्र करते हैं। पश्चिम बंगाल में कोर्ट ने कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं मिलेगा। अखिलेश, राहुल की पार्टी परिवारवाद पार्टी है। कांग्रेस ने कोयला, चीनी, पनडुब्बी, आदि का घोटाला किया। अखिलेश ने अनाज, लैपटॉप खाया। सभी घोटाले बाज एक हो गए हैं, सभी की जगह जेल है। कहा कि एक तरफ राम और देश विरोधी हैं, दूसरी तरफ भाजपा है। जनसभा का संचालन सदर विधायक भूपेश चौबे ने किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल ने किया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलिप सिंह पटेल राज्यसभा सांसद रामशकल समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव गोंड कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल जयप्रकाश चतुर्वेदी कैलाश खरवार अनिल मौर्या अनिल सिंह रुबी प्रसाद रामप्रकाश दूबे सत्यनारायण पटेल एमएलसी विनीत सिंह अमरेश पटेल, रमेश मिश्रा, अजीत रावत, अजीत चौबे लोकसभा प्रत्याशी रिंकी कोल, विधानसभा प्रत्याशी श्रवण गोंड़, अनूप तिवारी कमलेश सिह खाम्बें आदि मौजूद रहे।

# काव्य गोष्ठी के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदान करने को किया गया प्रेरित

संवाददाता। सोनभद्र



**शहीद** स्थल प्रवंधन ट्रस्ट करारी सोनभद्र के तत्वावधान में बार एसोसिएशन सभागार में मतदाता जागरूकता काव्य गोष्ठी व अभिनंदन समारोह का आयोजन शुक्रवार वरिष्ठ साहित्यकार रामनाथ शिवेंद्र की अध्यक्षता व मुख्य अतिथि पूर्व विधायक तीरथराज व बार एसोसिएशन की अध्यक्ष पूनम सिंह एड विनोद चौब एड सुरेन्द्र पांडेय की उपस्थिति मे किया गया। वाणी वंदना करते हुए दिवाकर मेघ ने मां शारदे ज्ञान दे सुनाया। वरिष्ठ साहित्यकार जगदीश पंथी ने चुनाव व मतदान पर सशक्त रचना सुनाकर मतदान जागरूकता के लिए संदेश दिया।

इस अवसर पर ओज श्रृंगार की सशक्त कवयित्री कौशल्या चौहान का अभिनंदन किया गया शहीद स्थल प्रवंधन ट्रस्ट करारी द्वारा साथ ही देश का लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था भारतीय प्रतापगढ़ राष्ट्रीय कवि डा, रणजीत सिंह द्वारा सुभद्रा कुमारी चौहान अलंकरण से विभूषित किया गया और लेखनी पुस्तिका अंगवस्त्र धनराशि प्रतीक चिन्ह प्रशस्ति पत्र देकर सारस्वत अभिनंदन किया गया उनकी रचना शत प्रतिशत मतदान कीजिए कहता हिंदुस्तान है सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। धर्मेश चौहान ने जागो अब मतदाता जागो बूथ पर जाकर करना मतदान सराही गई।

दिलीप सिंह दीपक दयानंद दयालू, राकेश शरण मदन चौबे प्रभात सिंह चंदेल ने भी अपने काव्य पाठ के माध्यम से मतदान का संदेश दिया। आयोजक प्रद्युम्न तिवारी की रचना अनमोल शक्ति संविधान दिया है अधिकार नागरिक मतदान दिया है सुनाकर जागरण किया आयोजन की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार रामनाथ शिवेंद्र ने जहां गजल हमें रोटियां ही दीजिए बहुत भूख लगी है दें रहे हैं गीता कुरान किसलिए सुनाकर सवाल किया वहीं मतदान जागरूकता अभियान पर वक्तव्य देकर इसे अनिवार्य बताया। आभार आयोजक प्रदुम्न त्रिपाठ ने व्यक्त किया।

# बीएलओ घर-घर जाकर करेंगे वोटर गाइड लाइन व वोटर स्लिप वितरण

● सकलडीहा विधान सभा में कुल 339498 मतदाता करेंगे मतदान

**सकलडीहा, चन्दौली।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम मिश्रा के निर्देश पर सकलडीहा विधान सभा के सभी बीएलओ को शुक्रवार को वोटर सूची सहित अन्य सामान का वितरण किया गया। बीएलओ डोर टू डोर मतदाताओं को वोटर गाइड लाइन के साथ मतदाता स्लिप का वितरण करेंगी। इससे वोटरों को मतदान के दिन सीधे मतदान देने का सुविधा मिलेगा।

मतदान के दिन मतदाताओं को बूथ पर किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिये जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से लगातार चुनाव आयोग द्वारा जारी सुविधाओं को दिलाने में जुटा है। सकलडीहा तहसील में कुल 206 मतदान केन्द्रों पर 357 बूथ बनाये गये है। प्रत्येक बूथ पर बीएलओं को तैनात किये गये है। बीएलओ के माध्यम से मतदाताओं को वोटर स्लिप व वोटर गाइड लाइन वितरण किया जाना है। इसको लेकर उपजिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम मिश्रा के निर्देशन में सभी बीएलओ को वोटर सूची के साथ वोटर स्लिप व वोटर गाइड लाइन वितरण किया गया। इस मौके पर सुबह से बीएलओ को निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा सुपरवाईजरों की निगरानी में वितरण कराया गया। इसके साथ ही सभी बीएलओ को बीएलओ रजिस्टर भी मुहैया कराया गया।

इस बाबत तहसीलदार राहुल सिंह ने बताया कि दो दिनों के अंदर सभी मतदाताओं को वोटर स्लिप डोर टू डोर पहुंचाने के लिये निर्देशित किया गया है। इस मौके पर सुपरवाईजर रंजना सिंह, प्रशांत, सुजीत, सुरेश जायसवाल, शाकिब अली, अजीत, रचना भारती, सतीश, लोकनाथ सहित अन्य रहे।

# ग्रामोदय विवि के अकादमिक परिदृश्य की झलकियों को किया साझा

● सचिव द्वारा ली गई सेल्फी के माध्यम से आईटीआईपी पाठ्यक्रम के छात्र छात्राओं की प्रसन्नता को किया प्रदर्शित

संवाददाता। चित्रकूट



**संपूर्ण** देश में बीएड, एमएड, बीएलएड और आईटीईपी (इंट्रीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम) आदि शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के संचालन के लिए केंद्रीय मान्यता प्रदाता संस्था एनसीटीई दिल्ली ने एक्स प्लेटफार्म के माध्यम से महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के अकादमिक परिदृश्य की झलकियो को साझा किया है।

इसके अलावा विभिन्न चित्रों और दो पोस्ट के द्वारा एनसीटीआई की सचिव द्वारा ली गई सेल्फी के माध्यम से आईटीआईपी पाठ्यक्रम में अध्ययन कर रहे के छात्र छात्राओं की प्रसन्नता को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया है।

नेशनल काउन्सिल फॉर टीचर एजुकेशन की ऑफिशियल पोस्ट मे लिखा गया है कि सुश्री केसांग शेरपा,आईआरएस सदस्य सचिव एनसीटीई द्वारा आईटीईपी कार्यान्वयन पर सूचना साझाकरण सत्र के लिए 6 मई को महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय का दौरा किया गया। एनसीटीई की विशेषज्ञ टीम ने आईटीईपी को प्रभावी ढंग से चलाने के लिए पाठ्यक्रम रूपरेखा, पाठ्यक्रम सामग्री एवं संचालित गतिविधियों को देखा था। उच्च स्तरीय टीम के सदस्यों ने महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो भरत मिश्रा से सौजन्य भेंट कर ग्रामोदय विश्वविद्यालय में संचालित आईटीईपी पाठ्यक्रम की सराहना भी किया था। इस मौके पर ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा संचालित शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़ी गतिविधियों का प्रत्यक्ष प्रदर्शन कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो नंद लाल मिश्रा की अगुवाई में संयोजक डॉ श्याम सिंह गौर ने किया था। विशेषज्ञ टीम के दौरे के दौरान सुश्री केसांग वाई. शेरपा,आईआरएसध् सदस्य सचिव एनसीटीई ने एनसीटीई टीम के प्रमुख के साथ महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के आईटीईपी छात्रों के पहले बैच के साथ आकर्षक और गहन बातचीत की थी। एनसीटीई दिल्ली की इस विशेष पोस्ट पर ग्रामोदय विश्वविद्यालय के आईटीईपी पाठ्यक्रम में अध्ययन कर रहे छात्र छात्राओं ने एनसीटीई दिल्ली का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें गर्व कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय के सशक्त और ऊर्जावान अकादमिक परिदृश्य के कारण ही ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्मान मिल रहा है।

## क्विक न्यूज

### नुक्कड़ नाटक के द्वारा दिया गया स्वच्छता का संदेश

**सोनभद्र।** एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर द्वारा स्वच्छता पखवा 2024 के अंतर्गत परियोजना के आसपास के क्षेत्रो में बैढन बस स्टैंड, नवजीवन बिहार चौराहा आदि जगहों में स्वच्छता अभियान के माध्यम से नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने एवं अपने गाँव घर मोहल्ले शहर व देश को साफस्वच्छ रखने हेतु प्रेरित किया गया एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। सीएसआर द्वारा आयोजित नुक्कड़ नाटक में सैकड़ो लोगों ने अपनी उपस्थिती दर्ज कराई। ग्रामीणों द्वारा एनटीपीसी विंध्याचल के सौजन्य से आयोजित स्वच्छता अभियान के माध्यम से स्वच्छता विषय पर किए गए नाटक मंचन को काफी सराहा गया।

### सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड द्वारा नि:शुल्क जल प्याऊ सेवा



**प्रयागराज।** शुक्रवार को सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा भीषण गर्मी से राहत देने के लिए जनता की सेवा में नि:शुल्क जल प्याऊ सेवा का आयोजन निरंतर किया जाता रहता है। इस क्रम नि:शुल्क सेवा का आयोजन केंद्रीय चिकित्सालय के बाहर एवं आकस्मिक विभाग के गेट के पास 30 लीटर के चार बड़े बड़े घड़ों में शीतल जल की व्यवस्था की गयी है। जिससे अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके सहायकों तथा राहगीरों को शीतल जल पिलाकर नि:स्वार्थ उनकी सेवा की जा सके। सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड के मंडल सचिव आलोक कुमार वर्मा अनूप कुमार श्रीवास्तव और अमरकांत चौधरी द्वारा मिष्ठान वितरित कर शीतल जल पिलाकर नि:शुल्क जल प्याऊ सेवा का उद्घाटन किया गया। लोगों को जल संरक्षण के महत्त्व को समझातें यह अपील भी की है कि जल को व्यर्थ न करें। इस कार्यक्रम में सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड के सेवानिवृत्त अधिकारी ए के आर्य सतीश चंद्र मो हिबुल्लाह सहित तीस सदस्यों ने भी भाग लिया। यह जानकारी अमित कुमार सिंह जनसंपर्क अधिकारी प्रयागराज मंडल उत्तर मध्य रेलवे ने दी।

### मुजरिम को ढूंढने की तेजी से हो रही कोशिश

**प्रयागराज।** पॉपुलर शो कैसे मुझे तुम मिल गए अपनी दिलचस्प कहानी के साथ साथ अमृता सृति झा और विराट अर्जित तनेजा की शानदार ऑन स्क्रीन केमिस्ट्री के चलते अपनी शुरुआत से ही दर्शकों को बेहद पसंद आ रहा है। इस समय दर्शक अमृता और विराट की नकली शादी देख रहे हैं। जहां तमाम धूमधाम के बीच दोनों उस मुजरिम को ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं। जिन्होंने उनकी अंतरंग तस्वीरें लीक की थीं। इसी के साथ विराट की मां बबीता आहुजा किशोरी शहाणे विज भी पकड़े जाने से बचने की कोशिश कर रही हैं। बबिता का किरदार ऐसा है जो हमेशा अपने बेटे विराट को बचाती है। हालांकि अमृता के प्रति उसकी नफरत अपने बेटे के लिए उनके प्यार से कहीं ज्यादा है। इसी वजह से बबीता को अपने ही बेटे के खिलाफ कुछ कड़े फैसले लेने पड़े। अपने किरदार में आए इस बदलाव के बावजूद किशोरी पूरी लगन से इसे निभा रही हैं। जिस तरीके से बबीता विराट को अमृता के करीब जाने से रोक रही हैं वो बहुत ही बेरहम है लेकिन किशोरी ने अपनी शानदार अदाकारी से अपने किरदार के साथ पूरा न्याय किया है। आगे क्या होगा जानने के लिए देखिए कैसे मुझे तुम मिल गए रोज रात दस बजे सिर्फ जी टीवी पर आएगा। किशोरी शहाणे विज बताती हैं जब मुझे पता चला कि बबीता का किरदार बेहद नेगेटिव होने वाला है तो मैं हैरान रह गई।

### विद्यालय से चोरों ने बैटरी सहित इंवर्टर किया गायब

**सकलडीहा, चन्दौली।** कोतवाली क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय डेढ़ावल में बीती रात चोरों ने विद्यालय का ताला तोड़कर 5 बैटरी, 2 इनवर्टर 3 सीपीयू, एक कंप्यूटर सेट सहित अन्य सामान चुरा लिया। घटना की जानकारी होने पर प्रधानाध्यापक ने इसकी सूचना बीईओ और चौकी पुलिस को दिया है। चोरों ने प्राथमिक विद्यालय के छोटा गेट का ताला तोड़कर अंदर घुस गए। इसके पश्चात विद्यालय भवन के मुख्य गेट के दो तालों को काटकर अंदर घुस कर कार्यालय का ताला तोड़कर उसमें रखा कंप्यूटर, सीपीयू सहित पूरा सेट उठा लिए । फिर पाल लैब को निशाना बनाते हुए उसमें से 5 बड़ी बैटरी,2 सीपीयू एवं दो इनवर्टर सहित अन्य सामान उठा ले गए। शुक्रवार को सुबह जब प्रधानाचार्य विद्यालय पहुंचे तो सभी कमरों का दरवाजा खुला देख सन्न रह गए,फिर ग्राम प्रधान सहित अन्य सभ्रांत नागरिकों को बुलाया गया तथा घटना की सूचना स्थानीय पुलिस चौकी पर दी गई। प्रधानाध्यापक मदन राम ने बताया कि इससे पूर्व पिछले वर्ष भी ताला तोड़कर लगभग दो सौ बच्चों के खाने की थाली गिलास गैस सिलेंडर एवं 5 सीलिंग फैन,लड़कियों को सीखने के लिए रखी 6 साइकिल आदि चुरा ले गए थे। घटना की सूचना खंड शिक्षा अधिकारी सकलडीहा को भी दे दी गई।

# जनपद में निर्वाचन की तैयारियां पूरी, पोलिंग पार्टियों का माला पहनाकर किया स्वागत

संवाददाता। अंबेडकर नगर



**निष्पक्ष,** पारदर्शी एवं सकुशल चुनाव संपन्न कराने हेतु जनपद अंबेडकर नगर में 1899 बूथ बनाए गए हैं जिसके लिए 38 जोनल मजिस्ट्रेट व 155 सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। जनपद अंबेडकर नगर मे समस्त तैयारी पूरी हो गई हैं शुक्रवार को प्रात: से ही पोलिंग पार्टियां हवाई पट्टी अकबरपुर से रवानगी की गई।

हवाई पट्टी पर विधानसभा वार टांडा, अकबरपुर, आलापुर, कटेहरी तथा जलालपुर के लिए अलग-अलग पंडाल बनाए गए थे। जिसमें कार्मिकों की बैठने की व्यवस्था, ईवीएम वितरण, मेडिकल कैंप आदि की व्यवस्था की गई थी। प्रात: काल से ही मतदान कार्मिक अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र पंडाल में उपस्थित हुए और निर्धारित सामग्री प्राप्त की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा पोलिंग पार्टियों को माला पहनाकर पुष्प वर्षा कर रवाना किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रात: काल से ही हवाई पट्टी तथा जिला निर्वाचन कार्यालय परिसर का निरीक्षण किया गया।

सभी पोलिंग पार्टियों को सकुशल रवाना किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा जोनल मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने पोलिंग पार्टियों को मतदान केंद्र तक पहुंचने की सूचना प्रेषित करें। सभी मजिस्ट्रेटों द्वारा यह सूचना दी गई है कि पोलिंग पार्टियां अपने-अपने मतदान स्थल तक पहुंच चुकी हैं। 25 मई को मतदान के दिन सभी अधिकारी फील्ड में भ्रमण शील रहेंगे साथ ही साथ कलेक्ट्रेट परिसर में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है जिसमें सभी अधिकारी, कर्मचारी नियत समय से उपस्थित होकर अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे।जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा जनपद अंबेडकर नगर के सभी सम्मानित मतदाताओं से अपील की है कि 25 मई 2024 को आप अपने मतदान केंद्र पर जाकर मतदान में प्रतिभाग करें।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए किया गया वृक्षारोपण

**सोनभद्र।** एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत परियोजना के नगर परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने पर्यावरण संवर्धन एवं संरक्षण हेतु वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण समीर शर्मा नें अपने उद्बोधन में पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण की आवश्यकता पर बल देते हुये कहा कि एनटीपीसी विंध्याचल पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए उल्लेखनीय कार्य कर रही है और आगे भी इसी तरह कार्य करती रहेगी।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए सयंत्र में कार्य करने के साथ अपने दैनिक दिनचर्या में पर्यावरण संरक्षण को भी महत्व देना चाहिये। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भारी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

# समस्याओं की पहचान व तकनीक पर आधारित होगा समाधान

**प्रयागराज।** ऑफलाइन सेशंस के जरिए स्कूली विद्यार्थी मूलभूत सिद्धांतों पर सवाल करने असली दुनिया की समस्याओं को पहचानने और तकनीक पर आधारित समाधान देने का अनोखा मौका पाएंगे। देश के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्राण्ड सैमसंग ने देश के चुनिंदा स्कूलों में अपनी पहलह डिजाइन थिंकिंग एण्ड ट्रेनिंग वर्कशॉप की पेशकश की है। यह अनोखी पहल सैमसंग के सॉल्व फॉर टुमॉरो प्रोग्राम का हिस्सा है।

यह ह्यूमन सेंटर्ड डिजाइन थिंकिंग की रूपरेखा के माध्यम से विद्यार्थियों में जरूरी कौशल बढ़ाने पर फोकस करती है। इन कौशल में प्रॉब्लम सॉल्विंग क्रिटिकल थिंकिंग प्रोबिंग और क्रियेटिविटी शामिल हैं। राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा एवं नवाचार प्रतियोगिता का मकसद अगली पीढ़ी में नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देना है। खासकर भारत के लिये तैयार की गई एक दिन की वर्कशॉप ने विद्यार्थियों को डिजाइन थिंकिंग के आइडिया को पसंद करने लिये प्रोत्साहित किया।

उन्हें दुनिया की असल समस्याओं को समझने और हल करने की प्रेरणा भी मिली। शैक्षणिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत ह्यूमन सेंटर्ड डिजाइन थिंकिंग समस्याओं को हल करने का एक दमदार तरीका है। डिजाइन की दुनिया की प्रक्रियाओं और टूल्स का इस्तेमाल कर ह्यूमन सेंटर्ड डिजाइन की रूपरेखा संवेदना परिभाषा जगह प्रोटोटाइपिंग और परीक्षण पर जोर देती है। फिर ऐसे समाधान मिलते हैं जो लोगों का जीवन बेहतर बनाते हैं। सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के कॉर्पोरेट वाइस प्रेसिडेंट एसपी चुन ने कहा सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो हमारी सोच का अहम हिस्सा है।

# देश व समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है अधिवक्ता समाजः अनुप्रिया पटेल

● विकास यात्रा जारी रखने को अनुप्रिया पटेल ने अधिवक्ताओं से मांगा सहयोग

संवाददाता। मीरज़ापुर



**भाजपा**, अपना दल एस और निषाद पार्टी की संयुक्त प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल ने कचहरी चुनार में जनसंपर्क कर अधिवक्ता गण व जनता से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी के नेतृत्व में एक बार फिर भारी बहुमत से एनडीए गठबंधन को जिताने की अपील की। अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष व राजग प्रत्याशी श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने शुक्रवार को जनपद के चुनार कचहरी में पैदल मार्च कर जनसंपर्क किया।

इस दौरान उन्होंने सम्मानित अधिवक्ता गण व लोगों को भाजपा-अपना दल एस गठबंधन सरकार की नीतियां और उपलब्धियां बतायी। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता समाज सदैव देश व एक अच्छे समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कहा कि पिछले 10 साल के दौरान जनपद में किये गए विकास कार्यों से आप सभी अवगत हैं।

उन्होंने कहा कि जनपद की सभी तहसीलों में वादी प्रतिवादी भवन बनवाई और आज उसका उपयोग अधिवक्ता भाई और आम जनमानस के द्वारा किया जा रहा है। मुझे इसकी बड़ी प्रसन्नता है। उन्होंने कहा कि जनपद मुख्यालय कचहरी में जो आवश्यकता थी उनको भी पूर्ण करने का प्रयास किया है। चुनाव में अधिवक्ता भवन का निर्माण हुआ है और लोहे की जाली गेट की मांग पर मैंने अपनी सांसद निधि से लगाया था। और इसके साथ ही चुनार का पुल, निर्यात सुविधा केंद्र, लॉजिस्टिक्स सेंटर, हाईवेज, रामपुर पुल, मेडिकल कॉलेज, केंद्रीय विद्यालय, मां विन्ध्वासिनी विश्वविद्यालय आदि 10 वर्षों में मिर्जापुर का विकास कार्य आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि 10 वर्षों की मेरी कार्य शैली को आप सभी ने देख लिया है और समझ लिया है। अब समय है आप सभी एक बार फिर अपना आशीर्वाद देते हुए एक जून 2024 को ईवीएम मशीन पर पहले नंबर पर कप प्लेट चुनाव चिन्ह पर बटन दबा कर मुझे ताक़त दें।

उन्होंने कहा कि आप जितनी ताकत देंगे, उतनी ही ऊर्जा से मैं कार्य करूंगी। आपका मत ही आपके द्वारा मुझे दी जाने वाली ताकत है इसलिए आप सभी मुझे आशीर्वाद देते हुए एक बार फिर इस क्षेत्र की सेवा करने का अवसर दें और मैं आज आप सबको यही विश्वास दिला सकती हूं कि जैसे मैं 10 वर्षों में विकास किया, वैसे ही अगले 5 वर्षों में भी जनपद विकास का नया कीर्तिमान रचेगा और एक नई ऊंचाइयों पर जाएगा। उन्होंने कहा कि पहली तारीख पहला खाना कप प्लेट का बटन दबाना।

उन्होंने कहा कि अधिवक्ता समाज का वोट उन्हें ताक़त व ऊर्जा देगा। उन्होंने कप-प्लेट पर अधिक से अधिक वोट दिलाकर तीसरी बार उन्हें सांसद बनाने की अपील की।

# डीएम-एसपी ने स्ट्रांग रूम जाकर व्यवस्थाओं का लिया जायज़ा



**चित्रकूट।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने को 236 चित्रकूट व 237 मानिकपुर विधानसभा को बनाये स्ट्रांग रूम राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर का निरीक्षण किया।

शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने दोनों विधानसभाओं को मतगणना टेबल, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरा, ऑब्जर्वर रूम, फोन फैक्स मशीन, एआरओ टेबल, पीए सिस्टम, एजेंट व कर्मियों के वाहन पार्किंग आदि व्यवस्था का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने एडीएम एफआर से कहा कि जो मैप मतगणना का बनाया है, उसी अनुसार दोनों विधानसभा के लिए बैरिकेडिंग, छाया आदि की व्यवस्था करायी जाये। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। इस मौके पर एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम, सीओ सिटी राजकमल समेत संबंधित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सनातन धर्म का प्रचार करना है लक्ष्यः महामंडलेश्वर हिमांगी सखी



**प्रयागराज।** विश्व की प्रथम किन्नर कथावाचक महामंडलेश्वर स्वामी हिमांगी सखी ने कहा कि महाकुंभ का आयोजन तीर्थराज प्रयागराज के संगम की रेती पर दिव्य भव्य होने जा रहा है। जिसकी तैयारियां व्यापक स्तर पर शुरू हो गयी हैं। यह तैयारियां समय से पूरी भी होंगी। जिसका लाभ देश और विश्व के कोने कोने से प्रयागराज आने वाले लाखों करोड़ों कल्पवासियों श्रद्धालुओं संत महात्माओं को मिलेगा। महामंडलेश्वर स्वामी हिमांगी सखी मां ने कहा कि इस बार महाकुंभ मेला के दौरान शिविर में माहभर धार्मिक आयोजन चलता रहेगा। इस दौरान प्रतिदिन सुबह माघ महात्म्य होगा। उसके बाद रूद्राभिषेक पूजन और हवन चलता रहेगा। उन्होंने बताया कि महाकुंभ के दौरान माहभर पांच अलग अलग भाषाओं में श्रीराम कथा और श्रीमद्भागवद् कथा होगी जो सुबह और शाम को होगा जबकि दोपहर और रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम रामलीला और रासलीला का आयोजन होगा इसके लिए कलाकार वृन्दावन और चित्रकूट से आयेंगे। उन्होंने बताया कि महाकुंभ के दौरान देश के कोने कोने और विदेश से बड़ी संख्या में शिष्य और श्रद्धालु शामिल होंगे।महामंडलेश्वर स्वामी हिमांगी सखी ने बताया कि केंद्र और प्रदेश सरकार इस बार महाकुंभ के आयोजन की तैयारियां व्यापक स्तर पर कर रहा है।

# निर्वाचन आयोग

## कठोर चेतावनी

**निर्वाचन आयोग** ने राजनीतिक पार्टियों को कठोर निर्देश दिए हैं कि वे चुनाव प्रचार में ईमानदारी बरतें तथा आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करें। वर्तमान लोकसभा चुनाव अंतिम चरणों की ओर बढ़ रहा है। निर्वाचन आयोग-ईसी ने कांग्रेस और भाजपा को कठोर निर्देश दिए हैं कि वे फर्जी विमर्श न बनाएं तथा सांप्रदायिक बयानबाजी से बचें। मजेदार बात है कि यह निर्देश सात चरणों वाले लोकसभा चुनाव में पांच चरण पूरे होने के बाद आया है। इसके साथ ही इस हस्तक्षेप के समय और प्रभाव पर भी सवाल उठते हैं। क्या निर्वाचन आयोग ने यह निर्देश स्वतंत्र या मुक्त चुनाव कराने के लिए दिया है अथवा इसका उद्देश्य अपनी गिरती हुई छवि सुधारना है? वैसे अतीत में भी विपक्ष निर्वाचन आयोग के कामकाज पर आपत्ति करता रहा है। निर्वाचन आयोग पर विपक्ष का आरोप है कि वह सत्तारूढ़ दल के प्रति उदार तथा विपक्ष के प्रति स्पष्ट रूप से कठोर रहा है। 2019 से तीन विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ 27 शिकायतें दर्ज कराईं, पर निर्वाचन आयोग ने इन पर कोई कार्रवाई नहीं की। लेकिन तथ्यों को देखते हुए यह आरोप सही नहीं है। निर्वाचन आयोग ने भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिार्जुन खड़गे को नोटिस भेज कर 'स्टार प्रचारकों' की बयानबाजी पर लगाम लगाने को कहा है। इस प्रकार परोक्ष रूप से निर्वाचन आयोग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी से अपने बयानों में संतुलन बरतने को कहा है।

निर्वाचन आयोग के अनुसार उसे लगभग 425 बड़ी शिकायतें मिली हैं जिनमें चुनाव प्रचार संबंधी या स्पष्टीकरण मांगने वाले मामले शामिल नहीं हैं। ये शिकायतें विभिन्न पार्टियों और उम्मीदवारों की ओर से की गई हैं। इनमें से 400 शिकायतों पर कार्रवाई की गई है या समस्या का समाधान किया गया है। अधिकांश मामलों में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले उम्मीदवार को दो दिन या उससे अधिक चुनाव प्रचार से प्रतिबंधित किया गया है। अब चुनाव के केवल दो चरण बाकी होने के कारण इस निर्देश का ज्यादा प्रभाव पड़ने की उम्मीद नहीं है क्योंकि चुनावी विमर्श की दिशा लगभग तय हो गई है। इसका एक कारण यह भी है कि मीडिया चैनलों की अधिकता के कारण जनता की राय काफी सीमा तक प्रभावित हुई है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देश का उद्देश्य चुनाव प्रचार के अंतिम चरणों में बेलगाम बयानबाजी पर लगाम लगाना है। निर्वाचन आयोग की यह चेतावनी प्रभावी बनाने के लिए अनेक अन्य सहायक तत्वों की भी आवश्यकता है जिनमें प्रशासन और आम जनता की जागरूकता शामिल है। हालांकि, निर्वाचन आयोग अपने निर्देश से तथ्य-आधारित व जिम्मेदारी-पूर्ण चुनाव अभियान के पक्ष में सकारात्मक माहौल बनाना चाहता है, पर इसमें आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले उम्मीदवारों के लिए कठोर दंडात्मक प्राविधान भी शामिल होने चाहिए। सेना की 'अग्निवीर' जैसी परियोजनाओं के खिलाफ गैर-जिम्मेदार बयानबाजी करने पर कठोर दंड की व्यवस्था जरूरी है। ऐसी बयानबाजी से सैनिकों तथा देश की जनता का मनोबल गिरता है। निर्वाचन आयोग को वर्तमान लोकसभा चुनाव में प्रचार के गिरते स्तर व आक्रामक बयानबाजी को देखते हुए भविष्य में ज्यादा निष्पक्ष व लोकतांत्रिक चुनाव सुनिश्चित करने की दिशा में कदम उठाने चाहिए। उसे तेजी से हस्तक्षेप करने तथा उल्लंघनों पर कठोर दंड देने के रास्ते निकालने चाहिए। इस संबंध में वह अपने इतिहास से प्रेरणा ले सकता है जब टी.एन. शेषन ने इस संस्थान को शक्तिशाली बना दिया था।




# मूलाधिकार के रूप में बाल विकास

**ज्यादा समतापूर्ण समाज बनाने की दिशा में प्रारंभिक बाल विकास के सर्वव्यापीकरण को मूलाधिकार के रूप में स्वीकार करना चाहिए। बच्चों का प्रारंभिक विकास समूचे समाज तथा देश के विकास हेतु महत्वपूर्ण है।**



**अपराजिता शर्मा**
(लेखिका, ईसीडी अधिकार एलायंस से संबद्ध हैं)



प्रारंभिक बाल विकास-ईसीडी को एक दानदाता खैरात के बजाय मूलाधिकार के रूप में स्वीकार करना चाहिए क्योंकि यह ज्यादा समतापूर्ण समाज बनाने की दिशा में अत्यधिक महत्वपूर्ण है। प्रारंभिक बाल विकास को सर्वव्यापक बनाने के प्रयासों को महत्व दिया जाना चाहिए। अनेक स्वयंसेवी संगठन, चिकित्सक तथा समाजसुधारक व बुद्धिजीवी प्रारंभिक बाल विकास-ईसीडी के सर्वव्यापीकरण की पैरवी करते रहे हैं। 2024 में लोकसभा के आम चुनाव जन्म से 18 वर्ष की आयु तक ईसीडी के सर्वव्यापीकरण की मांग का बहुत अच्छा अवसर दे रहे हैं।

गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा और बच्चों की देखभाल बच्चों के समग्र विकास तथा इस प्रकार पूरे समाज की व्यापक प्रगति के लिए जरूरी हैं। इस प्रकार ईसीडी मूलाधिकार है। भारत ने समाज कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को अपने संविधान में महत्वपूर्ण स्थान दिया है। संविधान में उल्लिखित राज्य नीति के निर्देशक सिद्धान्त सरकार पर आजीविका के समुचित साधन उपलब्ध कराने, संसाधनों के समतापूर्ण वितरण तथा बच्चों और संकटग्रस्त तबकों के विशेष संरक्षण का दायित्व डालते हैं। बचपन की प्रारंभिक अवस्था बच्चों के संज्ञानात्मक, भावनात्मक तथा सामाजिक विकास के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। नेशनल ईसीसीई पालिसी, 2013 में 6 वर्ष की आयु तक बच्चों को गुणवततापूर्ण स्वास्थ्य, पोषण, प्रारंभिक शिक्षा तथा संरक्षण का महत्व रेखांकित करती है। शिक्षा अधिकार कानून-आरटीई एक्ट के अंतर्गत ईसीसीई को एक उचित अधिकार के रूप में स्वीकार किया गया है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जन्म से 18 वर्ष और कम से कम 6 वर्ष तक उनके विकास के लिए मूलभूत आवश्यक सहायता प्रदान की जाए।

लेकिन सरकार की इस घोषणा और प्रयासों के बावजूद ईसीडी प्रदान करने के रास्ते में अनेक चुनौतियां भी सामने आई हैं। 2009 में आरटीई कानून लागू करने के बाद पिछले 13 साल में देश भर के केवल 25.5 प्रतिशत स्कूल ही आरटीई पूरी तरह लागू करने के योग्य बने हैं। वर्तमान समय में प्रारंभिक स्कूलों में शिक्षकों के लगभग 8.4 लाख पद खाली हैं और लगातार अनुबंध वाले या संविदा शिक्षकों की ओर झुकाव बढ़ रहा है। भारत के लगभग 19 प्रतिशत स्कूलों में शिक्षकों के पद खाली हैं और सात में से एक स्कूल केवल एक शिक्षक के सहारे चल रहा है। हालांकि, बिना पेशेवर ढंग से प्रशिक्षित व अभिप्रेरित शिक्षकों के बिना गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित नहीं की जा सकती है, लेकिन देश भर में लगभग 44 प्रतिशत शिक्षक समुचित 'रोजगार अनुबंध' के बिना काम कर रहे हैं। इनमें से अनेक शिक्षकों को सामाजिक सुरक्षा लाभ नहीं मिलते हैं और उनको शिक्षणेत्तर काम के लिए बाध्य किया जाता है। अनुमान है कि शिक्षकों के कामकाज के कुल घंटों में से 20-25 प्रतिशत शिक्षणेत्तर काम में लगते हैं।

प्रति व्यक्ति पूर्व-प्राइमरी पर 8,997, सेकेंड्री पर 9,913 तथा हायर सेकेंड्री पर 13,845 रुपये औसतन खर्च होते हैं। शहरी क्षेत्रों तथा निजी बिना सहायता वाले शिक्षण संस्थानों में यह खर्च और अधिक है। ईसीडी का महत्व स्वीकार करते हुए भी इसके संपूर्ण रूप से क्रियान्वयन में अनेक बड़ी चुनौतियां सामने आ रही हैं। हालिया सर्वेक्षणों से पता चलता है कि 3-6 वर्ष आयु के केवल 38 प्रतिशत बच्चे ही सरकारी आंगनबाड़ी केन्द्रों में स्कूलपूर्व शिक्षा में पंजीकृत हैं। इसके साथ ही 0-3 वर्ष आयु वाले बच्चों के सरोकार देश में अधिकारों व दायित्वों के मामले में सबसे निचले स्तर पर हैं। बच्चों में भार कम होना, बौनेपन व एनीमिया जैसे मुद्दों से समग्रता से निपटना आवश्यक है। इसके लिए समग्र प्रारंभिक बचपन कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए जो छोटे बच्चों की सभी शैक्षणिक व पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरे करते हों। 2018-19 तक समन्वित बाल विकास योजना-आईसीडीएस में बाल विकास परियोजना अधिकारी-सीडीपीओ के 30.1 प्रतिशत तथा सुपरवाइजर के 27.7 प्रतिशत पद खाली थे।

इसी प्रकार आंगनबाड़ी कर्मियों-एडब्लूडब्लू के 6.9 प्रतिशत तथा आंगनबाड़ी सहायिकाओं-एडब्लूएच के 7.6 प्रतिशत स्वीकृत पद खाली थे। यह देश में बच्चों की देखभाल सेवाओं के सर्वव्यापीकरण की दिशा में गंभीर चिन्ता का विषय है। इसके साथ ही स्पष्ट होता है कि परियोजना के स्तर पर प्रशासन में व्यापक सुधार की भी जरूरत है। हालांकि, महिला कामगारों के बच्चों के लिए क्रेचों की स्थापना तथा बच्चों की देखभाल सेवाओं पर अनेक कानून हैं, पर इसके बावजूद ऐसे क्रेचों की संख्या में 3400 की कमी आई है और उसके लाभार्थी केवल 84,000 रह गए हैं। महिला कामगारों के बच्चों के लिए क्रेच सुविधाओं के विकास को राजनीतिक पार्टियों के एजेंडे में महत्वपूर्ण स्थान मिला है जो एक स्वागत योग्य कदम है। लेकिन बिना बच्चों की देखभाल सेवाओं के सर्वव्यापीकरण तथा उपयुक्त सार्वजनिक प्राविधानों के ऐसे वादों का कोई अर्थ नहीं है। इनके बिना समाज के सर्वाधिक हाशियाकृत वर्ग के बच्चे पीछे छूट जांएगे और केवल कुछ ही बच्चों को लाभ मिलेगा।

बाल अधिकारों के लिए कार्यरत चार राष्ट्रीय स्तर के नेटवर्कों ने एक सार्वजनिक घोषणापत्र जारी कर बच्चों के अधिकारों, उनको मिलने वाली सुविधाओं तथा उनकी समग्र बेहतरी के लिए संवैधानिक प्राविधानों की आवश्यकता पर जोर दिया है। इस घोषणापत्र में शिक्षा के अधिकार-आरटीई कानून को विस्तार देकर इसे जन्म से लेकर 18 वर्ष तक सभी बच्चों पर लागू करने की मांग की गई है। यह मांग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 'बचपन' की स्वीकृत परिभाषा के अनुरूप है। बाल अधिकारों के लिए कार्यरत राष्ट्रीय नेटवर्कों द्वारा तैयार इस घोषणापत्र में निजी स्कूलों तथा ईसीसीई केन्द्रों के लिए राष्ट्रीय नियामक ढांचा तैयार करने तथा उसे क्रियान्वित करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। इसका उद्देश्य शिक्षा के लगातार बढ़ते वाणिज्यीकरण तथा निजीकरण पर रोक लगाना है। शिक्षा के लगातार वाणिज्यीकरण तथा निजीकरण के कारण समाज का बड़ा तबका इस मूलाधिकार से वंचित हो रहा है जिससे हाशियाकृत वर्ग के बच्चे सर्वाधिक प्रभावित होते हैं। शिक्षा में आई इन विकृतियों को रोकने की मांग दशकों से हो रही है, पर इस दिशा में समुचित कदम न उठाए जाने के कारण स्थिति दिनोंदिन बिगड़ती जा रही है। शिक्षा के वाणिज्यीकरण के कारण आज मध्य वर्ग व निम्न मध्य वर्ग के लोगों को भी अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाना कठिन होता जा रहा है। बाल-अधिकार नेटवर्कों द्वारा तैयार इस घोषणापत्र में कहा गया है कि फीस पर नियंत्रण, गुणवत्तापूर्ण मानकों के साथ नियमों का पालन सुनिश्चित कराने तथा गरीबों के सामाजिक अलगाव को संबोधित करने के लिए एक नियामक ढांचा जरूरी है।

सरकार को यह सुनिश्चित करने के कदम तत्काल उठाने चाहिए कि सभी निजी स्कूल उन शर्तों का पालन करें जिनके अंतर्गत उनको मान्यता दी गई है और किसी गैर-मान्यता वाले स्कूल को चलाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। राज्य को यह गारंटी देने के लिए जवाबदेह ठहराना चाहिए कि सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। शिक्षा नीतियों के सफल क्रियान्वयन के लिए स्कूल प्रबंधन समितियों-एसएमसी को मजबूत करना तथा सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करना जरूरी है। इसके साथ ही आंगनबाड़ी व्यवस्था मजबूत करना जरूरी है। एडब्लूडब्लू तथा एडब्लूएच जैसे महत्वपूर्ण पद कभी खाली नहीं रहने चाहिए। आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा उसके कर्मियों की क्षमताओं में सुधार होना चाहिए।

ईसीडी में निवेश के महत्वपूर्ण दीर्घकालीन लाभ होते हैं। देश-विदेश में हुए अध्ययनों से संकेत मिलता है कि प्रारंभिक बचपन को गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुधारने के कार्यक्रमों में निवेश से पूरे समाज और देश तथा खासकर बच्चों को बहुत लाभ होता है। इससे बच्चों का स्वास्थ्य और शिक्षा बेहतर होती है जिसके बेहतर आर्थिक नतीजे सामने आते हैं। उपयुक्त प्रारंभिक देखभाल और शिखा प्राप्त करने वाले बच्चे स्कूल में सफल होते हैं, उनको बेहतर नौकरियां मिलती हैं और वे समाज में सकारात्मक योगदान करते हैं। इसलिए ईसीडी को मूलाधिकार के रूप में स्वीकार करना चाहिए। उपयुक्त फंडिंग तथा जीवन्त नीतियों के माध्यम से इसके सर्वव्यापीकरण को समर्थन देना चाहिए। इससे हाशियाकृत बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित होगी। इस लक्ष्य के लिए स्पष्ट रोडमैप की प्रतीक्षा है।

# भारत की विदेश नीति के समक्ष चुनौतियां

> रूस-चीन संबंधों के साथ वैश्विक भू-राजनीतिक परिदृश्य और भी जटिल होता जा रहा है।

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक अभ्यासों में से एक, भारत में होने वाले भीषण चुनाव एक या दो सप्ताह में समाप्त हो जाएंगे। लंबित नीतिगत निर्णयों की व्यस्तता तुरंत शुरू होने की संभावना है। यदि मौजूदा पार्टी वापस आती है, तो अधिकांश प्रमुख सरकारी विभागों द्वारा सौ दिनों का एक्शन-पैक एजेंडा पेश किया जाएगा, जो कि प्रधानमंत्री मोदी के घोषित उद्देश्य के अनुसार है कि चुनाव समाप्त होने के बाद एक मिनट भी बर्बाद नहीं करना चाहिए। हालांकि, चुनाव घोषित होने के समय जो भू-राजनीतिक स्थान मौजूद था, वह अब कहीं अधिक जटिल हो गया है और जल्द ही समाप्त होने से इनकार कर रहा है।

सच कहें तो कुछ बदलाव 2024 के दौरान दुनिया भर में होने वाले चुनावों से प्रेरित हैं, जिनमें प्रमुख यूरोपीय संघ और अमेरिका भी शामिल हैं। यह सुनिश्चित करेगा कि लगभग सभी बहुपक्षीय मंच, जहां ये प्रमुख घटक और भारत प्रमुख योगदानकर्ता हैं, घरेलू राजनीति और मुद्दों के दबाव के अधीन होंगे। इस बीच, भारत के लंबे समय से साथी रूस ने लगभग एक महीने पहले अपने चुनाव समाप्त कर लिए हैं और फिर से चुने जाने पर राष्ट्रपति पुतिन ने पिछले सप्ताह चीन की अपनी पहली राजकीय यात्रा की।

रूस और चीन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रमुख स्थायी सदस्य बनकर उभरे हैं, जिनके हितों और नीतियों के निकट भविष्य में अमेरिका के नेतृत्व वाले ब्लॉक के साथ संरेखित होने की संभावना नहीं है। राष्ट्रपति पुतिन की चीन यात्रा के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य ने चीन की उनकी यात्रा के महत्व पर प्रकाश डाला। यह यूक्रेन पर रूस के आक्रमण का विरोध करने वाले देशों के व्यापक पश्चिमी ब्लॉक के लिए एक संदेश था, जो ऐसे समय में आया जब चीनी राष्ट्रपति यूरोपीय संघ के हर वरिष्ठ नेता, फ्रांसीसी राष्ट्रपति से मिलने के बाद वापस आए थे और उन्होंने कुछ पूर्वी यूरोपीय देशों से दृढ़ समर्थन की पुष्टि की थी। यूरोपीय संघ और हाल ही में अमेरिका ने चीन की गैर-प्रतिस्पर्धी व्यापार प्रथाओं, विशेष रूप से राज्य-सब्सिडी वाले सस्ते इलेक्ट्रिक वाहनों के बारे में गंभीर चिंता व्यक्त की है और कुछ टैरिफ उपाय किए हैं जो उनके बाजारों में बाढ़ ला रहे हैं।



भारतीय व्यापार संघों द्वारा आशंका जताई गई है कि चीनी इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए आकर्षक अमेरिकी बाजार के नुकसान के कारण, इन ऑटोमोटिव उत्पादों को भारत में डंप किया जा सकता है जिससे यूरोप और अमेरिका जैसी स्थिति पैदा हो सकती है। इस संदर्भ में ऐसा लगता है कि रूस चीनी ऑटोमोटिव क्षेत्र के पूर्ण समर्थन में सामने आया है, शायद यूरोप और अमेरिका को भी एक कड़ा संदेश भेज रहा है। श्री पुतिन की चीन की राजकीय यात्रा के दौरान जारी मीडिया वक्तव्य में उन्होंने कहा, द्विपक्षीय औद्योगिक सहयोग के बारे में, हम रूसी बाजार में चीनी वाहन निर्माताओं और घरेलू उपकरण निर्माताओं के सक्रिय विस्तार को देखकर प्रसन्न हैं। जैसा कि हमारी वार्ता के दौरान चर्चा की गई और जैसा कि राष्ट्रपति ने कहा, हम किसी भी गैरकानूनी कार्रवाई, प्रतिबंध या प्रतिबंधों के हानिकारक प्रभाव को स्वीकार करते हैं। हम अपने चीनी समकक्षों के साथ सहयोग को तहे दिल से अपनाते हैं। चीन ने यूक्रेन में युद्ध को लेकर रूस की खुलकर आलोचना करने से परहेज किया है और अतीत में उस पर सैन्य उपकरणों की चोरी-छिपे आपूर्ति करने का आरोप लगाया गया है। भले ही राष्ट्रपति पुतिन और राष्ट्रपति शी जिनपिंग दोनों के वक्तव्यों में यूक्रेन का उल्लेख किया गया हो, लेकिन यह बड़े अंतरराष्ट्रीय विदेश नीति के मुद्दों और भू-राजनीतिक मामलों पर समग्र टिप्पणी के तहत मखमली दस्ताने में था।

विदेश नीति के मामलों पर रूसी राष्ट्रपति के वक्तव्य में कहा गया, हम संयुक्त राष्ट्र और इसकी सुरक्षा परिषद की केंद्रीय भूमिका, अंतरराष्ट्रीय कानून, सांस्कृतिक और सभ्यतागत विविधता के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सभी सदस्यों के हितों के संतुलित संतुलन के आधार पर एक अधिक निष्पक्ष और अधिक लोकतांत्रिक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था बनाने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

हमारा मानना है कि इस तरह के गठबंधनों का निर्माण बेहद हानिकारक और प्रतिकूल है। बहुपक्षीय संस्थाओं, खास तौर पर संयुक्त राष्ट्र और स्थायी सदस्यता में सुधार करना प्रधानमंत्री मोदी के लिए दीर्घकालिक विदेश नीति का लक्ष्य रहा है। भू-राजनीति के मद्देनजर, नई सरकार के लिए विदेश नीति पर काम करना कठिन होगा।

## आप की बात

### पीओके पर चुप्पी

**प्रधानमंत्री मोदी**, गृहमंत्री, रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री सहित अन्य सभी महत्वपूर्ण मंत्री कई बार घोषणा कर चुके हैं कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर-पीओके हमारा है एवं इसे हम जरूर लेकर रहेंगे। आज हिंदुस्तान की जनता भी इसे एक आकर्षक भविष्य की तरह देख रहा है। सैकड़ों बरसों की प्रतीक्षा के बाद तैयार राम मंदिर जनता का सपना पूरा होने का प्रतीक है। अत: अब पीओके वापस लेना हर भारतीय की इच्छा है। खुशी है कि मोदी के नेतृत्व में भाजपा और केन्द्र सरकार डंके की चोट पर घोषणा करती है कि उसके एजेंडे में पीओके वापस लेना है। दुख है कि भाजपा के अलावा आज कोई भी विपक्षी पार्टी पीओके पर एक शब्द तक बोलने के लिए तैयार नहीं है। कांग्रेस, सपा, आप, टीएमसी, बसपा, भाकपा, माकपा, द्रमुक व विपक्षी इंडिया गठबंधन में शामिल अन्य पार्टियों को जैसे भाजपा की इस घोषणा से सांप सूंघ गया है। कश्मीर के अनेक नेता तो दशकों तक भारतीय जम्मू कश्मीर को पाकिस्तान में मिलाने के सपने देखते रहे हैं और वह अनुच्छेद 370 वापस लाने की मांग कर रहे हैं जिसने भारत को मजबूत किया है और कश्मीर को मुख्यधारा में लाया है। देश की जनता पीओके पर चुप्पी मारने वाले दलों की असलियत समझ रही है। वह उनको खारिज कर रही है।

– **एमएम राजावत,** शाजापुर

### मुकदमों का बोझ

**अदालतों** में बढ़ते राजनीतिक मुकदमों के कारण आम आदमी की तकलीफें बढ़ती जा रही हैं। आम आदमियों के मुकदमों से अदालतों में फाइलों के ढेर बढ़ते जा रहे हैं और अनगिनत मुकदमों के फैसलों में पीढ़ियां गुजर रही है फिर भी निर्णय नहीं मिल पा रहे हैं। ऊपर से राजनीतिक व रसूखदार लोगों के मुकदमों की भीड़ अदालतों पर और अधिक भार बढ़ाती जा रही है। फास्ट ट्रैक कोर्ट भी बढ़ते मुकदमों के भार से दबी जा रही हैं। इसे देखते हुए जरूरी है कि देश के कानूनमंत्री और सर्वोच्च न्यायालय बढ़ते मुकदमों के मद्देनजर उनके निर्णय की समय सीमा बांधे ताकि लोगों को शीघ्र न्याय मिल सके। हालांकि, सरकार ने तीन नए कानूनों के माध्यम से इस दिशा में पहल कर दी है, पर सरकार के हर कदम में खुचड़ निकालने वालों ने इनके खिलाफ भी याचिका दायर कर दी थी। सर्वोच्च न्यायालय ने इसे खारिज कर देश में न्याय की गति तेज करने का मार्ग खोल दिया है। अब उम्मीद करनी चाहिए कि भारत में आम जनता को त्वरित न्याय मिलेगा तथा राजनेता और रसूखदार लोग अपने निहित स्वार्थों के लिए न्यायिक प्रक्रिया के दुरुपयोग से यथासंभव बाहर किए जाएंगे। यह भारत को विकसित देश बनाने के लिए जरूरी है।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### ट्रोल का रोग

**कुछ दिन** पहले कोयम्बटूर में दो बच्चों की एक मां ने सोशल मीडिया पर ट्रॉलर्स से परेशान होकर खुदकुशी कर ली। हाल ही में यूपी बोर्ड की टॉपर प्राची निगम को उसके रंग रूप और शारीरिक बनावट के आधार पर ट्रोल किया गया। ट्रोलिंग का मामला इतना संगीन बनता जा रहा कि लोग सोशल मीडिया से कतराने लगे हैं। ट्रॉलर्स का उद्देश्य लोगों का मनोबल तोड़ना और उनका मजाक उड़ाना होता है। ट्रॉलर्स के पीछे छिपी मानसिकता को समझना होगा। भले ही कोई सेलिब्रिटी बहुत अच्छे प्रदर्शन कर रहा है, पर एक दो बार प्रदर्शन न दोहरा पाने पर ट्रॉलर्स का शिकार बन जाता है। महेंद्र सिंह धौनी, विराट कोहली, आमिर खान, शाहरुख खान, आदि कभी न कभी ट्रोल का शिकार बने हैं। ज्यादा भावुक लोग इसे सहन नहीं कर पाते और आत्महत्या तक कर बैठते हैं या अवसाद जैसी मानसिक विकृतियों से ग्रस्त हो जाते हैं। ट्वीटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि पर एक दूसरे से लड़ते झगड़ते रहते हैं। यहां तक कि आपस में अंजान लोग गाली गलौज भी करने लगते हैं। इस बढ़ती हुई खतरनाक प्रवृत्ति को रोकने के लिए सख्त नियम बनाए जाने की आवश्यकता है। वैसे इस सामाजिक बीमारी पर लगाम लगाने के लिए पूरे समाज को साथ आना होगा।

–**मंगल सिंह,** लखनऊ

### कमाई के रास्ते

**हर पिता** अपनी बेटी के लिए अच्छा कमाने वाला दूल्हा ही ढढेगा। मगर अच्छा कमाने के लिए सिर्फ नौकरी ही एकमात्र जरिया नहीं है। आजकल ग्रामीण क्षेत्र में सरकार द्वारा मुफ्त आवास के लिए धन दिए जाने से निर्माण कार्य, सिलावट, सुथार, लोहार, इलेक्ट्रीशियन, प्लंबर, मजदूर आदि की बड़ी तंगी चल रही है। यह सभी कारीगर प्रतिदिन 1000 रुपये रोज पर काम करते हैं। ठेका लेने पर वे इससे भी अधिक कमाई कर लेते हैं। मगर विडंबना यह है कि ग्रामीण युवा परिश्रम पूर्वक काम करने से कतराने लगा है और यही उसके बेरोजगार रहने और कुंवारे रह जाने की मुख्य वजह है। अब ऐसे कार्यों के लिए सरकार ब्याजमुक्त कर्ज व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है। गांव से शहरों में सैलून और लॉन्ड्री खोलना फायदे का काम हो गया है। युवकों को ऐसे रोजगार के कार्यों में लग जाना चाहिए ताकि उनकी शादी भी हो जाए और खुद के बलबूते पर अच्छी कमाई भी कर सके। यह संभव नहीं कि सरकार हर युवक को सरकारी नौकरी दे सके। वैसे भी एआई जैसी तकनीक के कारण रोजगार और कमाई के नए रास्ते खोजने ही होंगे।

–**विभूति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# जिले में मतदान आज, एचआरपीजी कालेज से पोलिंग पार्टी हुई रवाना

**संवाददाता।** संतकबीरनगर





**62-संत कबीर** नगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन प्रक्रिया/मतदान को सकुशल, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से संपन्न कराये जाने हेतु रिटर्निंग आफिसर/जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा संयुक्तरूप से हीरालाल राम निवास पी0जी0 कालेज से पोलिंग पार्टी रवाना स्थल का निरीक्षण किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा विधानसभावार पोलिंग पार्टियों की रवानगी का जायजा लिया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने बताया कि 25 मई 2024 को छठवें चरण में 62-संतकबीरनगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतदान होना है, जिसके लिए तीनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 1437 पोलिंग स्टेशन बनाये गये है। 312-मेंहदावल विधानसभा क्षेत्र में 493 बूथ, 313-खलीलाबाद विधानसभा क्षेत्र में 508 बूथ एवं 314-धनघटा (अ0जा0) विधानसभा क्षेत्र में कुल 436 बूथ बनाये गये है। निर्वाचन प्रक्रिया को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु कुल 11 जोनल मजिस्ट्रेट जिसमें मेंहदावल विधानसभा क्षेत्र में 4, खलीलाबाद विधानसभा क्षेत्र में 4 एवं धनघटा विधानसभा क्षेत्र हेतु 3 जोनल मजिस्ट्रेट को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार निर्वाचन प्रक्रिया को सम्पन्न कराने हेतु कुल 105 सेक्टर मजिस्ट्रेट, जिसमें विधानसभा मेंहदावल क्षेत्र में 35, विधानसभा खलीलाबाद क्षेत्र में 34 एवं विधानसभा धनघटा क्षेत्र में 36 सेक्टर मजिस्ट्रेट को तैनात किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधीक्षक के देख-रेख में आज स्ट्रांग रूम हीरालाल पी0जी0 कॉलेज से पोलिंग पार्टियां रवाना हुई। उन्होंने सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देशित करते हुए कहा कि आप सब अपने-अपने जोन एवं सेक्टर में भ्रमणशील रहकर निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न करायेगें।

# विदाई समारोह में छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किये सांस्कृतिक कार्यक्रम




**अमेठी।** राजर्षि रणंजय सिंह कॉलेज ऑफ फार्मेसी में शुक्रवार को बी.फार्मा व डी.फार्मा अंतिम वर्ष के छात्र- छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन हुआ। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के प्राचार्य डॉ अनूप मैती द्वारा सरस्वती माता के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन करके किया गया। इस अवसर पर संस्थान के समस्त शिक्षकगण, स्टाफ एवं छात्र -छात्राएं उपस्थित रहे।

कॉलेज परिसर हॉल में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य डा. अनूप मैती ने पास आउट बैच को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी । संस्थान के शिक्षकगणों डॉ. जयदेव पांडे, डॉ. धर्मेंद्र कुमार ओझा, डॉ. विनय कुमार पाठक, डॉ. सादिक अली, अमरजीत राम, विजयेंद्र पांडे, अनुराग पांडे आदि ने छात्र-छात्राओं को सफलता के पथ पर आगे बढने और अनुशासन में रहने की सलाह दी। कार्यक्रम में छात्र- छात्राओं को स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्र- छात्राओं ने कॉलेज में एक दूसरे के साथ गुजारे पलों को याद किया। इस दौरान छात्र- छात्राओं ने नृत्य, भाषण और नाटिका प्रस्तुत कर सबका मनोरंजन किया।

# पहले पूरा करें मतदान का दायित्व फिर दें परिवार को समयः जिलाधिकारी

**संवाददाता।** संतकबीरनगर



**जिला** निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी मतदाताओं से कहा कि 25, मई, 2024 को कल मतदान करने के लिए अवश्य अपने मतदेय स्थल पर पहुँचे मतदान का समय सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक है। उन्होंने कहा कि जनपद में मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। साप्ताहिक अवकाश के दिन इसके बदले में काम नहीं करना होगा।

पहले मतदान करें फिर परिवार को समय दें। उन्होंने कहा कि यह लोकतान्त्रिक पर्व है सबसे बड़ा पर्व है इसलिए आप निडर होकर अपने मत का प्रयोग करें। इसी क्रम में उप श्रम आयुक्त बी0के0 शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि शनिवार को मतदान दिवस पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा-35 के प्राविधानों के अन्तर्गत जनपद में स्थित अविरल प्रक्रिया वाले प्रतिष्ठानों/कारखानों में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को मतदान का उपयुक्त अवसर प्रदान किया जायेगा तथा अनविरल प्रक्रिया वाले प्रतिष्ठानों/कारखानों में मतदान के दिवस को सार्वजनिक सवेतन अवकाश रहेगा।

इसी प्रकार बस्ती मण्डल के समस्त जिलों बस्ती, संतकबीरनगर एवं सिद्धार्थनगर में होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिये विनिर्दिष्ट मतदान के लिए छठवें चरण में दिनांक 25, मई, 2024 को मतदान किया जाना है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत बस्ती मण्डल के अन्तर्गत आवर्त समस्त जनपदों में मतदान दिवस 25, मई, 2024 को दुकानों एवं वाणिज्यिक अधिष्ठानों में बन्दी के दिवस के रूप में मनाया जायेगा।

भले ही उन क्षेत्रों के लिए पूर्व से सामान्य साप्ताहिक बन्दी दिवस घोषित हो अथवा न हो। तत्क्रम में बस्ती क्षेत्रान्तर्गत आवर्त जनपद यथा बस्ती, संतकबीरनगर एवं सिद्धार्थनगर में निम्नानुसार समस्त दुकान एवं वाणिज्यिक अधिष्ठान बन्द रहेंगे। उन्होंने बताया कि यह अवकाश सवैतनिक होगा।

# बलिदान दिवस पर युवाओं ने शहीदों को अर्पित की श्रद्धांजलि

**संवाददाता।** लालगंज, रायबरेली

**जय** हिंद युवा सेना द्वारा बलिदान दिवस के अवसर पर गौतम खेड़ा के खेल मैदान में विभिन्न वर्गों की दौड़ व वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया साथ ही होली मिलन का आयोजन कर शहीदो को नमन किया गया। दौड़ प्रतियोगिता के 100 मीटर दौड़ में कौशलेंद्र सिंह प्रथम, शुभम साहू द्वितीय, पीयूष मिश्रा तृतीय स्थान पर रहे। वही 1600 मीटर की दौड़ में पंकज वर्मा प्रथम, अभिषेक द्वितीय, राम सुमेर तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में 400 मीटर दौड़ में अनामिका प्रथम, आंचल यादव द्वितीय, काजल सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि जय हिंद युवा सेवा के संस्थापक एवं आयोजक पवन सिंह द्वारा विगत कई वर्षों से खेल मैदान बनाकर युवाओं को सेना के प्रति प्रेरित कर रहे है। उन्होंने अमर शहीदों के बलिदान दिवस पर बच्चों नवयुवक साथियों को सेना में भर्ती होने के लिए अनेकों प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाये हैं।

बलिदान दिवस के अवसर पर दौड़ प्रतियोगिता वॉलीबॉल प्रतियोगिता होली मिलन का आयोजन कराकर समाज में एक नया संदेश दिया है। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानाचार्य अवनीश प्रताप सिंह व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह फौजी, कैप्टन राजकिशोर यादवा, सूबेदार ओ पी सिंह, सूबेदार धर्मेंद्र मिश्रा, सूबेदार विजय सिंह व अनन्त विजय सिंह ने सभी प्रतिभागियों को मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन कैप्टन अवधेश बहादुर सिंह द्वारा किया गया। आयोजक सूबेदार पवन सिंह ने सभी आए हुए अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर राम बहादुर सिंह विजय सिंह, अभिनव तिवारी, कैप्टन राकेश बहादुर सिंह, रवि सिंह, और महिला टीम की प्रमुख कुमकुम सिंह सहित भारी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मानस संत सम्मेलन के तृतीय दिवस पर जगद्‌गुरु ने नारी महिमा पर दिया व्याख्यान

**संवाददाता।** रायबरेली

**मानस** संत सम्मेलन के तृतीय दिवस पर जगद्गुय श्री रामानंदाचार्य श्री श्री 108 रामस्वरूपाचार्य जी महाराज कामदपीठाधीश्वर चित्रकूट मध्य प्रदेश विश्राम दिवस के अवसर पर नारी महिमा पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। श्री जगद्गुरू ने अपने वक्तव्य में कहा कि मनुष्य के अन्दर सनातन सोच आवश्यक है। पश्चिम सभ्यता पर बोलते हुए स्वामी जी ने कहा कि एक लड़का विद्वान होकर घर आया और जब चर्चा हुई तो उसने अपने को अपने पिता से श्रेष्ठ बताया।

उसने कहा कि आपने तो मुझे सिर्फ जन्म दिया है बाकी सब हमारी मेहनत व प्रतिभा का फल है। सनातनी सोच में पिता केवल जन्म ही नहीं देता है बल्कि उसके जीवन को संवारने और श्रेष्ठ बनाने में भरपूर योगदान करता है। जगद्गुरू ने कहा कि जीवन को यदि आप मिठासों से भरना चाहते है तो अपनी बुद्धि को अयोध्या में मन को मिथिला से और चित को चित्रकूट से जोड़े। अहंकार मिट जायेगा आपके भाग्य के सभी दरवाजे खुल जायेंगे जीवन में मिठास भर जायेगा। जगद्गुरू ने कहा कि हर व्यक्ति को बरासन तो मिल जाता है। परन्तु कुश-आसन और सिंघासन नहीं मिलता है। परन्तु मर्यादा पुरूषोत्म भगवान राम को यह तीनो आसन प्राप्त हुआ। राम सिंघासन के दौर में कभी नहीं थे। जब उन्हें 14 वर्षो का बनवास मिला तो उन्होने अयोध्या के राज्य की समस्त जिम्मेदारी अपने अनुज भरत को सौंप दिया था। नारी की महिमा पर जगद्गुरू ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सीता के चरित्र, कौशल्या का चरित्र और सुनैना का चरित्र से महिलाओं को सीख लेना चाहिए। माता सीता ज्योही भगवान राम को वन जाने का आदेश हुआ कोई विवाद नहीं वे साथ में जाने हेतु तैयार हो गयी। वर्तमान समय में जमीन, धन, मकान इन सबो के लिए भाई-भाई और माता-पिता से भी झगड़े होते है। परन्तु राम व सीता सहर्ष वन जाने हेतु तैया हो गये साथ में अनुज लक्ष्मण भी तैयार हो गये। जगत गुरू ने कहा कि नारी चाहे तो पति मा मार्ग सही हो जाता है।

पति यदि भ्रष्टाचार में लिप्त है तो पत्नी उस भ्रष्ट आचरण से आया हुआ धन का उपयोग न करे तो भ्रष्टाचार स्वयं ही छोड़ देगा।

इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता शंकर लाल गुप्ता, फिरोज गांधी कालेज के प्रबंध सचिव अतुल भागर्व, कमलेश पाण्डेय, राजेन्द्र अवस्थी, सहित हजारों की संख्या में श्रोतागण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन अम्बिकेश त्रिपाठी प्रतापगढ़ ने किया।

# मृतक होमगार्ड की पत्नी को मिली 30 लाख की धनराशि

**बांदा।** जिला मजिस्ट्रेट दुर्गा शक्ति नागपाल ने सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड राम प्रताप पुत्र स्व. महावीर की दिनांक 18 फरवरी, 2024 को ड्यूटी से जाते समय सड़क दुर्घटना में आकस्मिक मृत्यु हो गयी थी, उनके परिजनों कुसमा, निवासी ग्राम व पोस्ट लामा को आज कलेक्ट्रेट में 30 लाख रूपये की धनराशि का चेक एचडीएफसी बैंक के सहयोग से भेंट किया। इसके साथ ही 5 लाख रूपये की धनराशि उप्र होमगार्ड विभाग द्वारा अनुग्रह राशि के रूप में उनकी पत्नी के बैंक खाते में भेजी गयी। जिला मजिस्ट्रेट ने मृतक होमगार्ड की धर्मपत्नी कुसमा से भेंट कर उनकी कुशलक्षेम लेते हुए आवश्यक सहयोग भी दिये जाने को आश्वस्त किया। इस अवसर पर एचडीएफसी बैंक के शाखा प्रबन्धक जितेन्द्र सिंह, दिलीप कुमार यादव, एचडीएफसी से यूनिट हेड संतोष प्रजापति सहित मण्डलीय कमाण्डेन्ट होमगार्ड बाँदा राजेन्द्र सिंह, जिला कमाण्डेन्ट होमागार्ड दिलीप कुमार सहित होमगार्ड विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### खलीलाबाद एफएसटी ने 2 लाख से अधिक रुपये किये जब्त

**संतकबीरनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर के निर्देशन में लोकसभा क्षेत्र में उड़नदस्ता टीम (एफएसटी) चेकिंग का कार्य कर रही है। शुक्रवार को खलीलाबाद विधानसभा क्षेत्र खलीलाबाद चिउटना चौराहा परं कार्यपालक मजिस्ट्रेट धर्मेन्द्र चौधरी ने टीम के साथ वाहन चेंकिग में 2 लाख 6 हजार 130 रूपये नगद बरामद किया। बरामद किये गये नगदी रूपया अख्तर हबीब खान से पूछे जाने पर सही साक्ष्य तथ्य नही प्रस्तुत कर सके। एफएसटी टीम द्वारा खलीलाबाद कोतवाली में रूपया जमा कराकर जब्ती की कार्यवाही की गई।

### बाइक की आमने सामने हुई टक्कर मे दो की मौत

**नसीराबाद, रायबरेली।** नसीराबाद थाना क्षेत्र में नसीराबाद - कुंवरमऊ मार्ग पर मठिया गांव के पास आमने-सामने दो मोटरसाइकिल की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। क्षेत्र के पूरे शिवदत्त मजरे आलमपुर निवासी दिनेश 45 वर्ष नसीराबाद जा रहा था।और दूसरा जनमेजय उर्फ मिट्ठू 20 वर्ष अपनी बहन के यहां हरीराम पुर टिररा जा रहा था। मठिया गांव के पास अनियंत्रित होकर दोनों मोटरसाइकिल आमने-सामने भिड़ गए। आनन-फानन में लोगों ने नसीराबाद सीएचसी भिजवाया। जहां दोनो की मौत हो गई।मठिया गांव के पास आमने-सामनेअ दो मोटरसाइकिल की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। क्षेत्र के पूरे शिवदत्त मजरे आलमपुर निवासी दिनेश 45 वर्ष नसीराबाद से घर वापस जा रहा था।और दूसरा जनमेजय उर्फ मिट्ठू 20 वर्ष अपनी बहन के यहां हरीराम पुर टिररा में रोहित पुत्र रमेश के घर होली की त्योहारी देकर नसीराबाद की ओर जा रहा था। मठिया गांव के पास तेज रफ्तार दोनों मोटरसाइकिल आमने-सामने टकरा गईं। आनन-फानन में घायलों को नसीराबाद सीएचसी भिजवाया गया जहां सीएचसी में मौजूद चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

### एसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन परिसर का किया निरीक्षण



**फतेहपुर।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने रिजर्व पुलिस लाइन परिसर के समस्त विभागों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने बेहतर साफसफाई समेत अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि किसी भी कार्य में हीलाहवाली नहीं होनी चाहिए। एसपी उदय शंकर सिंह रिजर्व पुलिस लाइन पहुंचे जहां उन्होने सर्वप्रथम डायल-112 को चेक किया। विभाग में कार्यरत कर्मचारियों से वाहनों के बाबत जानकारी हासिल की। तत्पश्चात उन्होने सभी से कार्य के प्रति ईमानदार रहने की सलाह दी। इसके बाद एसपी भोजनालय पहुंचे। जहां उन्होने भोजन की गुणवत्ता को चेक किया और मेस को निर्देशित किया कि साफसफाई का विशेष ध्यान रखा। भोजन की गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसपी ने कैंटीन समेत घरैया लाइन की साफसफाई को भी देखा। कैंटीन में मौजूद सभी सामान को परखने के बाद उन्होने संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### बाजार में गेहूं का भाव ज्यादा होने से सरकारी केंद्रों में सन्नाटा

**मौदहा, हमीरपुर।** बाजार में गेहू के भाव में उछाल से सरकारी गेहूं खरीद केन्द्रों में जगह-जगह सन्नाटा देखने को मिल रहा है बाजार के भाव में सरकारी रेट से अधिक होने के कारण किसान अपना गेहूं विक्री सरकारी खरीद केंद्रों में नहीं कर रहा है। एक अप्रैल से मौदहा कस्बे के चार केदो में गेहू की खरीद चल रही थी जिसमें प्रदेश स्तर पर नोडल अधिकारियों को समय-समय पर निरीक्षण कर किसानों से जुड़ी समस्याओं के संबंध में जानकारी भी ली जा रही है। अचानक बाजार के भाव 2350 रुपए प्रति कुंतल गेहू की कीमत हो जाने पर किसान अपना गेहूं सरकारी खरीद केन्द्रों में ना ले जाकर सीधे बाजार में बेच कर सरकारी खरीद केन्द्रों के झंझट से बच रहा है शुक्रवार को विपणन शाखा में अभी तक 173 किसानों ने अपना 10,800 कुंतल गेहूं की खरीद की है वहीं क्रय विक्रय खरीद केंद्र में अभी तक 119 किसानों ने 8816 कुंतल गेहूं की खरीद की गई।गोदाम प्रभारी सुभाष चंद्र बताया की बाजार में गेहूं के भाव में उछाल आ जाने के कारण खरीद केंद्रों में किसान अपना गेहूं न बेचकर सीधे मार्केट में बेचकर बेच रहा है और सरकारी झंझट जैसे ऑनलाइन प्रक्रिया एवं एक सप्ताह में खातों में पैसे आने की प्रक्रिया से बच रहा है।

### रोडवेज बसों का टोटा होने से यात्री परेशान

**फतेहपुर।** छठवें व सातवें चरण के लिए जिले के रोडवेज डिपो से 24 बसों को भेजा गया है। जब से बसें गईं हैं, तब से यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। खासकर कानपुर, लखनऊ, दिल्ली, बलिया और मथुरा रूट पर बसों का टोटा होने से यात्री जद्दोजहद कर रहे हैं। भीषण गर्मी में उन्हें गंतव्य तक पहुंचने के लिए काफी इंतजार करना पड़ता है। मुख्यालय के ज्वालागंज में रोडवेज विभाग का डिपो है। विभाग के पास 90 बसें हैं। इनमें से छठवें व सातवें चरण के चुनाव के लिए 24 बसें डयूटी में लगी हैं। यह सभी बसें सुरक्षा कर्मियों के अलावा होमगार्डों और पीआरडी जवानों को लेकर रवाना हुई हैं। इन बसों के जाने के बाद से रोडवेज यातायात में परेशानी खड़ी हो गई है। रोडवेज बस अड्डे में सवारी बसों का टोटा होने से परेशानी रही। खासकर दोपहर तीन बजे के आसपास कानपुर, दिल्ली, बलिया, मथुरा के लिए बसें नहीं मिली। ठीक ऐसा ही हाल लखनऊ रुट का भी रहा।

### सपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ ने की ईवीएम की निगरानी


**फर्रुखाबाद।** सातनपुर मंडी स्थित ईवीएम की निगरानी हेतु समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की कमेटी जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के साथ उपस्थिति रही। इस अवसर पर समस्त कमेटी के सदस्यों ने वहां पर लगी टीवी स्क्रीन से देख ईवीएम की निगरानी की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, देव सिंह यादव जिला अध्यक्ष सांस्कृतिक प्रकोष्ठ , रक्षपाल सिंह यादव, कुलदीप यादव, लेखपाल, रामपाल प्रधान,आशीष, नेम चौतन, ललित कुमार, मुनीत पाल सिंह, दिलीप कुमार, अनुज सिंह सचिन कुमार प्रजापति, जितेंद्र, आशीष शर्मा, ललित कुमार सुधीर राठौर, मुनीत पाल सिंह, दिलीप कुमार, अनुज सिंह, अनिल कुमार प्रजापति, रुक मंगल सिंह, कृष्णपाल, रामसेवक, रूकमंगल सिंह उपस्थित रहे। जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर व्यक्तिगत किसी रिश्तेदार में शोक के कारण उपस्थित नहीं थे।

### माध्यमिक विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश आयोजन पर नाराजगी

**संडीला, हरदोई।** ग्रीष्म अवकाश के दौरान माध्यमिक विद्यालयों में समर कैंप के प्रस्तावित आयोजन को लेकर शिक्षक संघ के नेताओं ने नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की है। माध्यमिक शिक्षक संघ के नेताओं ने कहा है कि 21 मई से 30 जून तक छात्रोंए अभिभावकों और शिक्षकों के विभिन्न प्रोग्राम पूर्व निर्धारित रहते हैं। इस अवधि में इन विद्यालयों में समर कैंप का आयोजन किया जाना नितांत अनुचित है। शिक्षक नेताओं का यह भी कहना है कि पहले ग्रीष्म अवकाश 48 दिन होता थाए जिसे घटाकर अब 41 दिन कर दिया गया है। इस कटौती के स्थान पर कोई अर्जित अवकाश शिक्षकों को नहीं दिया गया। शिक्षक नेताओं का कहना है कि शिक्षकों की तुलना अन्य कर्मचारियों से नहीं की जानी चाहिए क्योंकि शिक्षक कॉलेज खुलने से 30 मिनट पहले और कॉलेज बंद होने के 30 मिनट बाद कॉलेज परिसर छोड़ता है और इसके बाद भी गर्मियों में समर कैंप आयोजित करने का नया शेड्यूल जोड़ दिया गया है। शिक्षक नेताओं का यह भी कहना है कि भीषण गर्मी में समर कैंप जैसे आयोजन व्यवहारिक रूप से उचित नहीं लगते।

# भक्तों के कल्याण के लिए ही प्रभु को अवतार लेना पड़ता हैः देवी पूजा किशोरी

**संवाददाता।** अमेठी



**क्षेत्र** के पूरे हवलदार मजरे गड़ेरी गांव में मुख्य यजमान धीरजलाल मिश्रा एवं शकुन्तला मिश्रा के यहाँ चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कथा वाचक परमपूज्या देवी पूजा किशोरी जी ने भगवान श्री कृष्ण की अलौकिक लीला व कंस वध का वर्णन करते हुए श्रोताओं को कथा का रसपान कराया।

कथा व्यास पूजा किशोरी जी ने कहा कि भगवान की महा रासलीला इतनी अलौकिक है कि स्वयं भोलेनाथ उनके बाल रूप के दर्शन के लिए गोकुल पहुंच गए थे कथा व्यास ने कहा कि भगवान भक्तों से प्रेम करने व उनके कल्याण के लिए धरा पर अवतार लेते हैं इन्होंने कहा कि जैसे कोई व्यक्ति घर से बाहर रहकर अपने परिवार के लिए सारी सुख सुविधा उपलब्ध करा तो सकता है लेकिन प्रेम नहीं कर सकता प्रेम करने के लिए उसे घर आना पड़ेगा इसी प्रकार से सब कुछ समर्थ होने के बाद भी धरती पर प्रेम व भक्तों के कल्याण के लिए प्रभु को अवतार लेना पड़ता है।

कथावाचक ने भगवान श्री कृष्ण के मथुरा गमन प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि अक्रूर जी भगवान को लेने आए जब भगवान श्री कृष्ण मथुरा जाने लगे तो समस्त बृज की गोपियों भगवान श्री कृष्ण के रथ के आगे खड़ी हो गयी कहने लगी हे कन्हैया जब आपको हमें छोड़ कर जाना ही था तो हमसे प्रेम क्यों किया यह मार्मिक और करुणामयी प्रसंग सुन श्रोताओं की आंखें नम हो गयी भगवान श्री कृष्ण के मथुरा पहुंचने पर मथुरा वासियों ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया तत्पश्चात कंस के दरबार में पहुंचकर भगवान श्री कृष्ण अपने बड़े भाई बलदाऊ के साथ धनुष यज्ञ में शामिल होकर अपनी अलौकिक लीलाओं का प्रदर्शन करते हुए मथुरा के राजा कंस का वध किया इसके उपरांत बंदी गृह से माता देवकी व पिता वसुदेव को मुक्त कराया तत्पश्चात गोपियों का हाल जानने उद्धव गोकुल पहुंचे उद्धव के गोकुल पहुंचने पर भगवान श्री कृष्ण के प्रेम में व्याकुल गोपियों की करुणा मयी वचन सुन उद्धव ने उन्हें ज्ञान का उपदेश दिया।

श्रीमद् भागवत कथा के मुख्य यजमान धीरज लाल मिश्रा रहे। इस दौरान हीरा लाल मिश्रा,राम सुभग मिश्रा,राम सूरत मिश्रा,सुभाष मिश्रा,लालता प्रसाद तिवारी, ओम प्रकाश मिश्रा,रवि मिश्रा,अखिलेश तिवारी,अमित मिश्रा, रमेश पाण्डेय, डाक्टर विपुल, राज मिश्रा, आरव मिश्रा अपना स्टूडियो किठावर सहित बड़ी संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे।

# ससुर खदेरी-2 के पुल की सड़क न बनने से लोगों में व्याप्त है रोष

**खखरेरु, फतेहपुर।** खखरेरु क्षेत्र के दरियापुर के पास ससुर खदेरी नदी नंबर दो पुल का निर्माण लगभग दो वर्ष से गतिमान है। पुल के दोनों तरफ मिट्टी की पुराई भी हो चुकी है जो पूरी तरह अब समाप्ति की ओर है। पुल के दोनों ओर मिट्टी का बेड ठेकेदार द्वारा बनाकर तैयार कर दिया है। अब रास्ता न होने के कारण क्षेत्रीय लोगों को दरियापुर गांव होकर दूसरी तरफ से आवागमन करना पड़ रहा है। हद तो तब हो गई ज़ब मिट्टी की पुराई कराई गई तो मार्ग के किनारे कार्य कर रहीं मशीनों व ट्रैक्टर के दौड़ने से रास्ता खस्ताहाल हो गया। धूल भरे रास्ते से कई महीनो से लोग आवागमन कर रहें है। हर दिन बढ़ रहीं दिक्क़तों से क्षेत्रीय राहगीरों को दिक्क़तों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि कार्य करा रहीं संस्था के पास पानी का टैंकर तक नहीं है जिससे मार्ग पर पानी का छिड़काव किया जा सके। बता दें कि इससे पहले पक्के पुल के न होने से लगभग तीन दर्जन गांव के ग्रामीणों का आवागमन बरसात के समय बाढ़ का पानी आने से ठप हो जाता है। यह समस्या क्षेत्रीय लोगों के लिए कई दशकों से चली आ रही थी। अब पक्का पुल बन जाने से लोगों को कई तरह की सुविधाएंओं का लाभ मिलेगा। जैसे एम्बुलेंस, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व तहसील मुख्यालय का आवागमन तथा खखरेरु, रहमतपुर बाजार करना आदी शामिल है। सबसे बड़ी समस्या स्कूली बच्चों के साथ थी। जिनकी पढ़ाई लिखाई पूरी तरह चौपट हो जाती थी। लोगों को एक उम्मीद बंधी थी कि बारिश से पहले पुल से आवागमन किया जाएगा अब पुल का कार्य टप होने के कारण लोगों की चिंता बढ़ती जा रहीं है। लोगों का कहना है रहा कि बारिश नजदीक है।

अगर सही समय पर पुल का रास्ता दुरुस्त नहीं किया गया तो फिर आने वाला समय हम सभी क्षेत्रवासियों के लिए दिक्क़त भरा होगा।

# सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल लखीमपुर में हुआ ग्रीष्मावकाश शिविर समापन समारोह

**संवाददाता।** लखीमपुर




**सेठ** एम आर जयपुरिया स्कूल में चल रहे आठ दिवसीय ग्रीष्मावकाश शिविर का आज समापन हो गया। इस शिविर में बच्चों ने रोमांचक खेलों के साथ अन्य प्रमुख खेलों में भी प्रवीणता प्राप्त की। इसके साथ ही बच्चो ने व्यक्तित्व विकास और कौशल विकास प्रशिक्षण भी प्राप्त किया। बच्चों ने प्राप्त प्रशिक्षण का प्रदर्शन भव्यता पूर्ण ढंग से किया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन एवम मंत्रोच्चार के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद को जिला आकांक्षा समिति की अध्यक्षा श्रीमती अल्पना सिंह जी ने सुशोभित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सशस्त्र सीमा बल के तृतीय वाहिनी के कमांडेंट श्री देवा आनंद जी ने अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज की। अन्य गणमान्य अतिथियों में वरिष्ठ पत्रकार श्री एन के मिश्रा जी एवम अन्य मुख्य पत्रकार उपस्थित थे।

बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य अद्भुत थे। शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुति ने समारोह का प्रमुख आकर्षण थे। इसके साथ ही गिटार के साथ प्रस्तुत गीत ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अभिनय कला में पारंगत बच्चो ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर मोबाइल से दूर रहने का संदेश दिया तो माइम अभिनय प्रस्तुति में बच्चों ने भोजन व्यर्थ न करने का संदेश दिया। विज्ञान के सदुपयोग आधारित लघु नाटक उद्देश्य परक थे।

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण का केंद्र शिविर की झांकी आधारित नृत्य प्रस्तुति थी जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। शिविर के समापन समारोह के साथ ही कक्षा 10 वा 12के मेधावियों का सम्मान समारोह प्रोत्साहन पुरस्कार वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में मेधावी छात्रों को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिला की टॉपर कक्षा 10 की छात्रा रिधिमा गुप्ता को लैपटॉप के साथ प्रोत्साहन राशि एवम ट्रॉफी प्रदान की गई। इसके साथ ही अन्य विद्यार्थियों को भी ट्रॉफी के साथ प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

# कश्यप एकता मंच द्वारा मनाई गई भगवान कालू महाराज की जयंती



**फर्रुखाबाद।** कश्यप एकता मंच के द्वारा भगवान कालू महाराज जयंती का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम के साथ बाथम गेस्ट हाउस दिलवाल गढ़िया में मनाया गया जिसमें समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी लोगों ने कालू बाबा के चित्र पर माला एवं पुष्प अर्पित किए तथा आरती उतार कर सभी लोगों ने कालू बाबा से आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर सभी लोगों ने कहा कि समाज को एक साथ होना चाहिए तथा सभी लोग अपने-अपने पूर्वजों का इतिहास अपने बच्चों को एवं आने वाली पीढियो को बताएं। सभी ने अपने विचार रखें तथा बताया गया कि हमारे समाज का इतिहास बहुत गौरवशाली रहा क्योंकि हमारे समाज में न जाने कितने महापुरुषों ने जन्म लिया। इस मौके पर निम्न लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम संयोजक अशोक कश्यप कश्यप एकता मंच के संयोजक जितेंद्र कश्यप, अरविंद कश्यप, महिपाल कश्यप, संत कुमार बाथम, श्याम सुंदर निषाद, योगीराज सुरेशानंद, कुलदीप बाथम, संदीप कश्यप, बाबा मौजी राम, सोहनलाल कश्यप, केशराम कश्यप, विनोद कश्यप, विनोद कश्यप, फूल सिंह कश्यप, अभिलाष सिंह कश्यप, गौतम कुमार कश्यप, रविंद्र कश्यप एडवोकेट,गीता कश्यप एडवोकेट आदि भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# ओमघाट में हुई गंगा आरती भक्तों ने किया दीपदान



**फतेहपुर।** गंगा बचाओ सेवा समिति एवं नमामि गंगे द्वारा पुर्णिमा पर ओमघाट में गंगा आरती का आयोजन किया गया। गंगा बचाओ सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शरन सिंपल द्वारा आयोजित गंगा आरती में भक्तों ने दीपदान किया। मुख्य यजमान के रूप में मौजूद गंगा आरती में गायत्री परिवार के जिला समन्वयक राजदीश कुमार ने कहा कि गंगा नदी में किसी प्रकार का कूड़ा न डाले और जल को गंदा न करें। आचार्य अखिलेश तिवारी ने गंगा आरती में शामिल होने पहुंचे गंगा भक्तों को स्वच्छता का संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर आचार्य राम तिवारी, गायत्री परिवार के रामस्वरूप गुप्ता, टीएन दीक्षित, लक्ष्मी सिंह, रविंद्र सिंह, माया गुप्ता, वंदना गुप्ता, अर्चना गुप्ता, संगीता गुप्ता, रविन्द्र सिंह, मनोज सोनी, आशीष अग्रहरि, गोविंद कुमार आदि रहे।

# डीएम ने की वृक्षारोपण समिति, गंगा एवं वेटलैण्ड समिति की बैठक

● **सभी संबंधित विभाग एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध करायें अपनी कार्ययोजना: जिलाधिकारी**

● **नदी संरक्षण हेतु नदियों के किनारे वृक्षारोपण करायें जाने हेतु बनाए कार्ययोजना: जिलाधिकारी**



**कानपुर देहात।** जिला वृक्षारोपण समिति/जिला गंगा समिति/जिला वेटलैण्ड समिति की बैठक का आयोजन जिलाधिकारी/ अध्यक्ष जिला वृक्षारोपण समितिध्जिला गंगा समिति/ जिला वेटलैण्ड समिति आलोक सिंह की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी/संयोजक, जिला वृक्षारोपण समिति/जिला गंगा समिति/ जिला वेटलैण्ड समिति एके द्विवेदी द्वारा जनपद को शासन स्तर से वर्षाकाल 2024 में रोपण हेतु निर्धारित 6019760 पौधरोपण लक्ष्य, जिसमें वन विभाग द्वारा 2972000 एवं अन्य 22 विभागों द्वारा 3047760 पौधों का रोपण लक्ष्य निर्धारित है। उक्त लक्ष्य की विभागवार प्रगति व आने वाले समय में रोपण के पूर्व की जाने वाली तैयारियों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया। जिसमें प्रत्येक विभाग को आवंटित लक्ष्यवार स्थलों का चयन और उससे सम्बन्धित कार्ययोजना तैयार करनेए जनपद के वेटलैण्ड्स के सम्वर्द्धन व वृक्षारोपण, नदियों के पुनर्जीवन व उनके किनारे पर वृक्षारोपण, ग्राम वन, बाल वन, युवा वनए शक्ति वन, आयुष वन, खाद्य वन एवं नन्दन वन आदि विशेष रूप से चिन्हित करते हुये विशेष वृक्षारोपण अभियान चलाने का आवाहन किया गया। वेटलैण्ड संरक्षण वन, यमुना नदी, रिन्द नदी व सेंगुर नदी की पवित्र धारा के कैचमेन्ट में पौधरोपण आदि का विशेष उल्लेख किया गया।

डीएम/अध्यक्ष, जिला वृक्षारोपण समिति/ जिला गंगा समिति/जिला वेटलैण्ड समिति, कानपुर देहात द्वारा विभागवार आवंटित पौधरोपण लक्ष्यों की समीक्षा करते हुये सभी विभागों को शासन स्तर से निर्धारण समय.सारणी के अन्तर्गत सभी कार्य यथा.स्थल चयन, पौधरोपण की कार्ययोजना, गड्ढ़ा खुदान एवं गड्ढ़ा भरान में प्रयोगार्थ मृदा सुधारक के रूप गोबर खाद इत्यादि की व्यवस्था ससमय करने तथा प्रत्येक स्थल के विभागवार वृक्षारोपण प्रभारी की तैनाती तत्काल किये जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। उनके द्वारा जनपद में प्रवाहित नून नदी, जिनका पुनर्जीवन का कार्य किया गया है, उनके दोनो किनारे पर वृहद रूप से वृक्षारोपण करने, इस भीषण गर्मी में पशु पक्षियों, स्थानीय ग्रामवासियों को पानी उपलब्ध कराने हेतु जनपद के वेटलैण्ड्स में पानी भरने व वर्षाकाल में उनके किनारों पर वृक्षारोपण करने हेतु विशेष निर्देश ग्राम्य विकास विभाग व जल शक्ति विभाग, पंचायतीराज विभाग को निर्देश दिये गये है। इटैली झील, जो इस जनपद की सबसे बड़ी झील है, उसके किनारों पर वृक्षारोपण कराने हेतु जिला पंचायतीराज अधिकारी व उपायुक्त, श्रम एवं रोजगार मनरेगा, कानपुर देहात को निर्देश दिये गये। डीएम द्वारा वृक्षारोपण क्षेत्र की सुरक्षा हेतु बॉयो फेन्सिंग के रूप में बॉस, करौंदा, नीबू इत्यादि का रोपण किया जाये तथा गौवंश शेल्टर में वृक्षारोपण हेतु चारा प्रजातियॉ व कॉटेदार प्रजातियॉ रोपित जाने हेतु पशुपालन विभाग को निर्देश दिये गये है। ईको पार्क में मियॉवाकी पद्धति से वृक्षारोपण कराये गये जाने हेतु मिट्टी का भरान कार्य करते हुये इस वर्षाकाल में रोपण अधिशाषी अधिकारी, नगर पंचायत, अकबरपुर को निर्देशित किया गया। तकनीकि सहयोग हेतु वन विभाग द्वारा किया जायेगा। जिन विभागों के पास वृक्षारोपण हेतु पर्याप्त भूमि की उपलब्धता नही है, वह विभाग आस.पास के किसानों अथवा अन्य विभाग के स्वामित्व वाली रिक्त पड़ी भूमि पर वृक्षारोपण कार्ययोजना तैयार करने हेतु सम्बन्धित विभाग से समन्वय करते हुये 01 सप्ताह में कार्ययोजना एवं एक्शन प्लान निर्धारित प्रपत्रों में कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारीए कानुपर देहात वन प्रभाग, कानपुर देहात में प्रेषित कर दिये जाये।

# पॉच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

● **एडीजे/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नें वृद्धजनों को दी विधिक जानकारी**

**कन्नौज।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कन्नौज के आदेश के अनुपालन में अपर ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लवली जायसवाल की अध्यक्षता में नवनियुक्त पीएलवीएस को 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश के अनुपालन में दिनांक 20 मई से दिनांक 24 मई तक प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कन्नौज के मीटिंग हॉल में संचालित था जिसका शुक्रवार को समापन हुआ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में नवनीता रॉ उपजिलाधिकारी न्यायिक, नवनीत श्रीवास्तव प्रर्वतन अधिकारी, सृष्टि अवस्थी जिला समाज कल्याण अधिकारी, रजना पाण्डेय एसएचओ, डॉ. के.पी. त्रिपाठी, चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल स्वेतांक अरूण, डिप्टी दीपक कुमार श्रीवास्तव, असिस्टेट लीगल एड डिफेंस काउन्सिल मो. सैफ एवं पैनल अधिवक्ता अहमद हसन हासमी द्वारा उनका दिनांको पर प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पराविधिक स्वयं सेवक समाज के गरीब व असहाय व्यक्तियों को बेहतर नि:शुल्क विधिक सेवा प्रदान किये जाने हेतु प्रेरित किया जाना है।

उधर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कन्नौज के तत्वाधान में वृद्धा आश्रम राजघाट रोड पुलिस लाईन का निरीक्षण एवं वृद्धजनों को विधिक जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सचिव लवली जायसवाल द्वारा वृद्धजनो से उनके खानपान, एवं स्वस्थ्य चिकित्सा के संबंध में जानकारी दी गयी तथा उनकी समस्याओं को सुना गया एव उनके निराकरण हेतु समाज कल्याण अधिकारी एवं वृद्धा आश्रम के प्रबन्धक को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया तथा साथ ही साथ वृद्ध आश्रम में साफसफाई की समुचित प्रबन्ध कराये जाने हेतु प्रबन्धक को निर्देशित किया गया। निरीक्षण दौरान ऐसे वृद्धजनों की भी जानकारी प्राप्त की गयी जिनके किसी भी प्रकार के मुकदमे लबे समय से न्यायालय में लंबित है और उनका शीघ्र निस्तारण नहीं हो पा रहा है। साथ ही साथ वृद्धाजनों को उनके नि:शुल्क अधिकारों के विषय पर जानकारी देते हुये बताया गया कि यदि वृद्धजनों की संपति पर किसी ने अतिक्रमण या कब्जा कर लिया है जो वृद्धजन पैसों की कमी के कारण अपना अधिकार नहीं प्राप्त कर पा रहे है तो वह नि:शुल्क विधिक सहायता केलिये एडीआर सेन्टर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कन्नौज के कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में उपस्थित होकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।

# फाल्ट ठीक करते वक्त करंट की चपेट मे आने से संविदा लाइन मैन की मौत



लाइन मैन की फाइल फोटो

**कुरारा ( हमीरपुर )।** थाना क्षेत्र के मिश्री पुर गांव निवासी संविदा लाइनमैन की बीती रात विद्युत फॉल्ट ठीक करने के दौरान विद्युत करेंट से दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्र के मिश्री पुर गांव निवासी शिवराज सिंह चौहान (60) गांव में विद्युत सब स्टेशन निर्माण के लिए भूमि दान में दी थी। तथा इसको संविदा में विद्युत विभाग में कार्य पर रखा हुआ था। जो मिस्त्रीपुर क्षेत्र में विद्युत फॉल्ट आदि ठीक करता था। बीती रात साढ़े ग्यारह बजे बरुआ गांव में विद्युत फॉल्ट ठीक करते समय करेंट की चपेट मे आने से वह पोल सेनीचे गिर गया। साथी कर्मचारी उसे रात में ही कुरारा सीएचसी लेकर आए जहां चिकित्सक द्वारा शिवराज को मृत घोषित कर दिया गया। घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी गई है। थाना प्रभारी योगेश तिवारी पुलिस बल के साथ अस्पताल गए। तथा उपनिरीक्षक संगम लाल प्रजापति ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है।

# सुमेरपुर में तेज रफ्तार ट्रक विद्युत पोल से टकराकर पलटा, मची अफरा तफरी

**सुमेरपुर ( हमीरपुर )।** सुमेरपुर बस स्टैण्ड में एक अनियन्त्रित ट्रक विद्युत खंभा को तोड़ते हुये दुकानों के सामने जाकर पलट गया ट्रक में लदी गिट्टी ने दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया जिससे दुकानों में लगे शटर व अन्य सामग्री क्षतिग्रस्त हो गयी। क्रेन मशीन द्वारा जब ट्रक को निकालने का प्रयास किया जा रहा था तभी ट्रक की बैटरी में शार्ट सर्किट होने से आग लग गयी। आग ने इतना जोर पकड़ लिया की बगल की गन्ना जूस बेचने वाले व्यापारी की दुकान जलकर राख हो गयी। लोगो ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग शांत नही हुई। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आने के बाद ही आग पर काबू पाया जा सका। सुमेरपुर में बस स्टैण्ड के पास 23 मई की रात्रि एक ट्रक गिट्टी लादकर हमीरपुर की ओर जा रहा था तभी बस स्टॉप में तेज रफ्तार ट्रक अनियनित होकर विद्युत पोल को तोड़ते हुये मंटू विश्वकर्मा की दुकानो के सामने जाकर पलट गया, गलीमत यह रही कि उस समय दुकाने बंद थी अन्यथा कोई बड़ा हादसा हो सकता था, ट्रक में लदी गिट्टी सामने बिखर गयी, ट्रक की ठोकर से मंटू विश्वकर्मा के मकान में दरार आ गई। जिससे दुकानों के शटर सहित वहा लगा फनीचार पूरी तरह से ध्वस्त हो गया। 24 मई की सुबह जब क्रेन मशीन द्वारा ट्रक को निकालने का प्रयास किया जा रहा था।

अचानक ट्रक की बैटरी में शार्ट सर्किट होने से आग लग गयी जिससे ट्रक धू-धू कर जलने लगा आग की



ट्रक में लगी आग व जमा लोग

लपटे इतनी तेज हो गयी कि उसने गन्ना जूस व्यापारी मनीष साहू की दुकान को अपनी चपेट में ले लिया थोड़ी ही देर में दुकान में लगा टट्टर व वहीं रखी जूस निकालने वाली तीन मशीने जल गयी। फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां जब आयी तब आग शान्त हो सकी। गन्ना जूस वाले मनीस साहू ने बताया कि उसका 5 लाख का नुकसान हुआ है आग लगने के कारण दुकान में गन्ना जूस निकालने वाली तीन मशीन इंजन सहित तथा दो साइकिल सहित टट्टर सहित पूरा समान जल गया।

## हादसों में गयी दो लोगों की जान, महिला मरणासन्न

**संडीला ( हरदोई )।** दो सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की दुखद मौत हो गयी जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। पहली दुर्घटना संडीला प्रतापनगर मार्ग पर हुई। यहां किसी अज्ञात वाहन ने बाइक से घर वापस लौट रहे दंपत्ति को टक्कर मार दी। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नया गांव देवरिया निवासी सर्जुलाल अपनी पत्नी शशि के साथ बाइक से किसी काम से बेनीगंज गए थे। वहां से वापस लौटते समय संडीला प्रतापनगर मार्ग पर धर्मकांटे के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दीए जिससे सर्जुलाल और उनकी पत्नी शशि गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को उठाकर सीएचसी कोथावां लाया गयाए जहां से दोनों को जिला चिकित्सालय भेजा गया। इलाज के दौरान सर्जुलाल की मौत हो गयी। दूसरी सड़क दुर्घटना संडीला बांगरमऊ मार्ग पर ग्राम हरदलमऊ के पास हुई। थाना बांगरमऊ के अंतर्गत ग्राम चकपीरनगर निवासी सूरज अपने एक रिश्तेदार को छोड़ने के लिए संडीला आए थे।

## क्विक न्यूज

### पुत्री से छेड़छाड़ का विरोध करने पर महिला को पीटा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** पुत्री के साथ छेडछाड का विरोध करना एक महिला को उस समय महंगा पड गया जब आरोपी युवक नें अपनें साथियों के साथ मिलकर महिला के अभद्रता व मारपीट कर न सिर्फघायल कर दिया बल्कि धमकी भी दी। पीडिता नें कोतवाली पुलिस को तहरीर देर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम निवासी महिला द्वारा कोतवाली में दर्ज कराये गये मुकदमे में कहा गया है कि विगत 17 मई को वह अपनी पुत्री के साथ गांव में लगे मेला को देखनें गई थी तभी गांव के ही रुकशाद खान पुत्र नसरुद्दीन नें उसकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ करनें लगा उसके द्वारा विरोध करने पर रूकसाद नें अपनें कुछ अज्ञात साथियों के साथ मिलकर उसके साथ गालीगलौज करते हुये मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारनें की धमकी दी। पीडिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।



### खीरी में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता: डीडी कृषि

**लखीमपुर खीरी।** वर्तमान समय में खरीफफसलों की बुवाई का कार्य चरम पर है जिस हेतु समस्त उर्वरक पर्याप्त मात्रा में जनपद में उपलब्ध है। जानकारी उप निदेशक कृषि अरविंद मोहन मिश्र ने दी। शासन से जनपद हेतु माह मई 2024 तक यूरिया 39040 मी.टन, डीएपी 6740 मी.टन, एनपीके 9000 मी.टन, एमओपी 300 मी.टन एवं एसएसपी 11200 मी.टन का लक्ष्य आवंटित है, जिसके सापेक्ष जनपद में यूरिया 56901 मी.टन, डीएपी 7027 मी.टन, एनपीके 6579 मी.टन, एमओपी 807 मी.टन एवं एसएसपी 16237 मी.टन की उपलब्धता है। जनपद में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुयी है, कहीं भी यूरिया सहित अन्य फास्फेटिक उर्वरकों की कोई कमी नहीं है ।

### युवक ने ग्रह कलह के कारण फांसी लगाकर जान दी

**फर्रुखाबाद।** युवक नें घर में फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के मोहल्ला बीबीगंज बंदोबस्ती निवासी 40 वर्षीय पवन मौर्य पुत्र मुकेश मौर्य दिन में तीन बजे घर की छत के कुंडे में साड़ी की फंदे पर फांसी पर झूलता हुआ मिला। उसकी पत्नी प्रीति पड़ोस में दावत खानें गयी थी। जब वह वापस आयी तो पति को फांसी पर झूलते हुए देखा । बीबीगंज चौकी प्रभारी नागेन्द्र सिंह नें बताया की युवक नें घरेलू कलह से तंग आकर फांसी लगा ली। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**फतेहपुर।** सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के बेचू का पुरवा मजरे कर्मेपुर गांव निवासी रामसजीवन का पुत्र सुरेंद्र गुरूवार की दोपहर घर से खाना खाकर खेत की ओर निकला था। काफी देर बीत जाने पर जब वापस नही आया तो परिजनों ने उसकी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग न लगा। देर रात लगभग दस बजे गांव के बाहर जंगल में महुए के पेड़ से सुरेंद्र का शव फांसी पर लटका दिखा। जिसे देखते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया। शव को विच्छेदन गृह भेज दिया। मृतक के चाचा रामसेवक ने बताया कि भतीजा शराब पीने का आदी था। वह घर से निकल गया था।

### किशोरी के अपहरण व रेप का आरोपी गिरफ्तार

**बिंदकी (फतेहपुर)।** किशोरी का अपरहण करने के बाद उसके साथ रेप की घटना करने वाले आरोपी को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार की सुबह लगभग 08 बजे नगर के गांधी चौराहे के समीप मुखबिर की सूचना पर उप निरीक्षक इबरार सिद्दीकी ने एक किशोरी का अपहरण कर उसके साथ रेप की घटना करने वाले आरोपी शिवम पुत्र राम किशोर निवासी वैजूपुर थाना घाटमपुर जनपद कानपुर को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी शिवम के खिलाफकानूनी कार्रवाई की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल कराया गया और न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि युवक का अपने रिश्तेदारी में आना जाना था जिसके चलते युवक किशोरी को ले गया और उसके साथ रेप की घटना की। इस मामले में किशोरी के परिजनों ने आरोपी के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया था जिसके चलते युवक को गिरफ्तार किया गया है।

### युवती ने फांसी लगाकर जान दी

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के रघवा गांव में बीती रात युवती ने अपने कमरे में पंखे से लटक करदुपट्टे से फांसी लगा कर आत्म हत्या कर ली। जानकारी मिलने पर पिता ने घटना की जानकारी थाना पुलिस को दी।पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के रघवा गांव निवासी मुन्ना पाल की पुत्री शैलजा(19) अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा ली। जानकारी होने पर पिता ने पुलिस को सूचना दी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दियाहै।

## मामूली विवाद में तीन महिलाओं को पीटा

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के संग्रामपुर नरवल गांव निवासी राम बाबू लोधी की पत्नी सुखरानी गुरूवार की शाम घर के बाहर लगे पाइप में पानी भरने गई। इसी बीच पड़ोसी आरती पत्नी मनोज व रोशनी पत्नी रमेश लोधी आ गए और किसी बात को लेकर विवाद होने लगा। जिस पर दोनों ने मिलकर सुखरानी को बुरी तरह पीट दिया। जिससे वह घायल हो गई। इसी प्रकार बसवा गांव निवासी छोटेलाल की पत्नी आरती देवी के घर का निर्माण हो रहा था। जिस पर आरती का देवर धन्नी उठाकर बगल में रख रहा था। तभी वहां मौजूद कल्लू आ गया और धन्नी रखने से मना करने लगा। विवाद हो गया। कल्लू, शारदा, विनोद, ननकुइया व पुत्री उर्मिला ने उस पर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। शोर-शराबा सुनकर सास रमावती पहुंची तो उस पर भी धारदार हथियार से वार कर दिया। जिससे सास-बहू बुरी तरह घायल हो गई। घायल के परिजन उन्हें लेकर थाने पहुंचे जहां पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सायल में भर्ती कराया।

# गल्ला की दुकानों व गोदामों पर छापेमारी से मचा हड़कम्प



गल्ला आढती की दुकान पर छापा मारते एसडीएम।

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** उच्चाधिकारियों के निर्देशन में छिबरामऊ उपजिलाधिकारी नें मंडी सचिव के साथ नगर की गल्ला दुकानों व गोदामों में छापेमारी की। छापेमारी की भनक लगते ही गल्ला आढतियों में हडकम्प मच गया। अधिकांस दुकानदार अपनी दुकानों को बंद करके खिसक गये। शुक्रवार को छिबरामऊ उप जिलाधिकारी उमाकान्त तिवारी नें मंडी सचिव सरवर सिंह परमार के साथ नगर में गल्ला आढतियों की दुकानों और गोदामों पर छापे मारी की जिससे आढतियों में हड़कंप मच गया। इस दौरान उन्होनें गल्ला दुकानों व गोदामों के स्टॉक के ऑनलाइन फीडिंग की जॉच की। जिसमें रिकार्ड दुरूस्त नही पाये जानें बाले गल्ला आढतियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गई। इस दौरान क्षेत्रीय लेखपाल कौशल पांडेय, लिपिक ज्ञानेश बाबू आदि मौजूद रहे।

# बेटी का कातिल निकला बाप, जेल जाने से बचे दो निर्दोष

● **अवैध संबंध होने व शादी से इनकार करने पर डंडे से पीट व गला दबाकर की थी हत्या**



**फतेहपुर।** जहानाबाद थाना पुलिस व इंटेलीजेंस विंग की सक्रियता से सम्पति हत्याकांड में फंसे दो निर्दोष जेल जाने से बच गए। पुलिस ने इस हत्याकांड के रहस्य से पर्दा उठा दिया। बेटी का कातिल बाप निकला। जिसने बेटी के अवैध संबंध व हमीरपुर में शादी किए जाने से इंकार करने से खुन्नस खाए बाप ने डंडे से पीटकर व गला दबाकर बेटी की हत्या करके इस मामले में पूर्व दामाद समेत गांव की ही एक महिला के खिलाफमुकदमा पंजीकृत करा दिया था। पत्रकारों से बातचीत करते हुए एसपी उदय शंकर सिंह ने बताया कि 18 मई को आठ बजे थाना जहानाबाद पर सूचना मिली थी कि गांव सहिमलपुरहार के बाहर जंगल में रिंद नदी के कछार में सम्पति पुत्री राजबहादुर निषाद 26 वर्ष निवासी ग्राम कृपालपुर थाना जहानाबाद का शव पड़ा है। सूचना पर थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका के पिता राजबहादुर की तहरीर पर उसके पूर्व दामाद रवि पुत्र करण निषाद निमधा थाना सजेती जनपद कानपुर नगर व जग्गी पत्नी बैजनाथ निवासी कृपालपुर थाना जहाबाद के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस व इंटेलीजेंस विंग की विवेचना में साक्षियों के बयान व घटनास्थल पर अभियोग में नामजद आरोपी की उपस्थिति नहीं मिली। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व डाक्टरों के अभिमत व अन्य साक्ष्य संकलन से स्पष्ट हुआ कि घटना में नामजद आरोपी रवि व जग्गी की संलिप्तता नहीं है। घटना में पिता राजबहादुर का संलिप्त होना पाया गया। जिस पर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उसे कापिल मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। उसने अपने जुर्म का इकबाल कर लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने आलाकत्ल डंडा भी बरामद कर लिया। मृतका संपत्ति देवी की शादी 2015 में रवि निषाद के साथ हुई थी। 2017 में उसने ससुरालीजनों के विरूद्ध दहेज प्रथा का अभियोग पंजीकृत करा दिया था व मायके में आकर रहने लगी थी। उसके पिता राजबहादुर का खेत कृपालपुर में है। जिसके पास ही राजेश उर्फ माधव बाजपेयी पुत्र शिव शंकर बाजपेयी निवासी सहिमलपुर थाना जाफरगंज का भी खेत है।

# छूटे परिवारों की अवश्य बनवाएं फैमिली आईडी: सीडीओ

**कानपुर देहात।** सीडीओ लक्ष्मी एन. की अध्यक्षता में फैमिली आईडी के संबंध में बैठक विकास भवन सभागार कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित फैमिली आईडी डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर प्रधन्या निकम से कहा कि शासन ने सभी परिवारों को लाभान्वित करने हेतु परिवार आईडी योजना संचालित की है, फैमिली आईडी के तहत, प्रत्येक परिवार को एक विशिष्ट पहचान जारी कर रही है, जिससे राज्य की परिवार इकाईयों का एक लाइव व्यापक डेटाबेस स्थापित किया जा सकेगा, जिसका उपयोग राज्य में प्रत्येक पात्र परिवार को लाभ की सक्रिय डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए किया जा सकेगा। शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में जनपद में भी प्रत्येक परिवार के फैमिली आईडी बनाई जा रही है। सीडीओ ने समस्त खंड विकास अधिकारी एवं सभी संबंधित अधिकारियों को फैमिली आईडी बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शासन की यह महत्वाकांक्षी योजना है, ऐसे में समय अंतर्गत इस कार्य को पूरा किया जाए, किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस योजना के माध्यम से हम जनपद के नागरिकों को विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाएं से जोड़ सकेंगे। परिवारों को 12 अंकों की अद्वितीय पारिवारिक आईडी प्रदान की जाएगी, जो राशन कार्ड धारक नहीं हैंए वे स्वयं और अपने परिवार के सदस्यों को पोर्टल पर जोड़कर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रवेश अधिकारी एवं जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि फैमिली आईडी से छूटे हुए समस्त पेंशन धारकों का फैमिली आईडी अवश्य बनवाया जाए। इस मौके पर अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी यशी पाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ प्रज्ञा शंकर, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नेहा सिंह, डीसी मनरेगा, डीपीआरओ, ई डिस्टिक मैनेजर, समस्त खंड विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

### अमृत सरोवर के अधूरे कार्यों को शीघ्र करें पूर्ण: सीडीओ

**कानपुर देहात।** मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन. की अध्यक्षता में अमृत सरोवर के कार्यों की समीक्षा विकास भवन सभागार में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित समस्त खंड विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी को निर्देशित किया कि लक्ष्य के सापेक्ष वर्तमान में अमृत सरोवर के जो कार्य शेष है उन्हें शीघ्र पूर्ण करायें तथा इस कार्य में लापरवाही न बरती जाए, तालाबों की खुदाई का कार्य बरसात से पहले पूर्ण कर ले, जिससे कि उसमें समय से पानी आदि भराया जा सके। अपने.अपने क्षेत्र में भ्रमण कर जो कार्य वर्तमान में लंबित है उसे समय से अवश्य पूर्ण करें। सीडीओ ने पूर्व में विकसित किए जा चुके अमृत सरोवर में पानी भराए जाने के भी निर्देश संबंधित को दिए। बैठक में अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। डीसी मनरेगा, डीपीआरओ समस्त खंड विकास अधिकारी, पंचायत सचिव आदि उपस्थित रहे।

# बंदूक की बट से मारने पर पांच के खिलाफ एफआईआर

**फर्रुखाबाद।** फर्जी भूमि बिक्री करने के मामले में असलहों से मारपीट व जान से मारने की धमकी देनें के मामले में एक नामजद सहित पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। मऊदरवाजा सिठऊपुर निवासी सरोजनी पत्नी जितेन्द्र सिंह परिवार सहित गाजियाबाद में ही रह रही है। सरोजनी ने 2015 में कुशल सिंह परिहार पुत्र महेन्द्र पाल सिंह निवासी जयनारायन वर्मा रोड, फतेहगढ़ ने नेकपुर कलां में प्लाटिंग करने का एडर्वटाइजमेंट करवाया था। अनिल कुमार निवासी 1/88 गाढी खाना फतेहगढ़ के माध्यम से सरोजनी की बात कुशल सिंह परिहार से हुयी थी बताया कि वह प्लाट का बैनामा अभी कर देंगे और बाद में निहास भरवाकर प्लाट उपलब्ध करा देगें। 24 मई 2015 को कुशल सिंह परिहार द्वारा एक प्लाट जिसके पूरब में प्लाट विक्रेता, पश्चिम में 18 फीट सड़क, उत्तर प्लाट विक्रेता, दक्षिण प्लाट विक्रेता की चौहद्दी दर्शायी गयी। कुशल सिंह परिहार द्वारा धोखाधडी कर सरोजनी के पति से फर्जी रजिस्ट्री कर रू. 7 लाख रूपये ले लिया तथा उसी प्लाट की रजिस्ट्री सतेन्द्र सिंह पुत्र विश्राम यादव को 10 लाख लेकर पहले ही फर्जी बैनामा कर दिया था। सरोजनी भी गवाह है। सरोजनी ने कुशल सिंह परिहार के खिलाफगवाही दी थी। कुशल सिंह परिहार ने सरोजनी के मुकदमे में समझौता करने व दूसरी जगह प्लाट देने की कहकर सरोजनी व उसके पति जितेन्द्र सिंह व उसके पुत्र अनिल को अपने घर बुलाया। डेढ़ लाख और देने पर तुमको प्लाट दे देंगे। 21 सितंबर 2023 को कुशल सिंह परिहार ने सरोजनी व उसके पति को डेढ़ लाख लेकर कचहेरी फतेहगढ़ बुलाया कचेहरी के बाहर पहुँची तो वहाँ पर कुशल सिंह परिहार व उसके साथ चार अज्ञात आदमियों जो रायफल व बन्दूक लिए थे, उन्होंने आरोपियों से डेढ़ लाख ले लिया तथा जबरजस्ती से कोरे कागजों व स्टप पर रायफ्ल के दम पर हस्ताक्षर करा लिये।

# नई पहल: एमएचसीपी के तहत चयनित स्टाफ नर्सों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

● **सीएमएस के निर्देशन में सिखाया जा रही सुरक्षित प्रसव की बारीकियां**

**लखीमपुर खीरी।** मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने और स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों के सफ्ल संचालन और आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के उद्देश्य से जिले में एमएचसीपी कार्यक्रम के लिए चयनित 21 महिला स्टाफ नर्सों को जिला महिला चिकित्सालय में बैचवार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण को लेकर पाँच.पाँच स्टाफ नर्सों के चार बैच बनाए गए है। इस सभी बैचों को 15.15 दिन का प्रशिक्षण दिया जाना है। इसमें से पहले बैच का प्रशिक्षण जिला महिला चिकित्सालय के प्रसव कक्ष में सीएमएस डॉ. ज्योति मल्होत्रा की देखरेख में शुरू भी हो चुका है।

सीएमओ डॉण् संतोष गुप्ता ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य



समुदाय स्तर पर होने वाले घरेलू प्रसवों को संस्थागत प्रसव के रूप में परिवर्तित कर मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु दर को कम करना है। ग्रामीण क्षेत्रों में नवजात, शिशु, गर्भवती, धात्री व बच्चों की देखभाल के साथ टीकाकरण, जांच, संस्थागत प्रसवए शिशु मृत्यु दर कम करने व अन्य सहायता के लिए स्टाफनर्स की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हैं। इस प्रशिक्षण से निश्चित रूप से सभी नव नियुक्त स्टाफ नर्सों को लाभ होगाए साथ ही जिले की स्वास्थ्य सेवाएं और भी सुदृढ़ होंगी।

सीएमएस डॉ. ज्योति मल्होत्रा ने बताया कि इस प्रशिक्षण के दौरान मुख्य रूप से मातृ एवं नवजात शिशु स्वास्थ्यए प्रसव के समय होने वाली कठिनाइयों और दुर्घटनाओं से बचने का तरीकों और उपचार की विधियों की जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही उन्हें राष्ट्रीय कार्यक्रमों की भी जानकारी दी जा रही है। जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता लल्ला सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से शिशु मृत्यु दर को कम करने में काफी मदद मिलेगी साथ ही शासन की मंशा के अनुरूप कार्य किया जा सकेगा। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान सभी स्टाफ नर्सों को अपने कर्तव्यों के प्रति वचनबद्ध होकर कार्य करने की सलाह दी है।

# मणिपुर हिंसा मामला : भावनाओं में नहीं बह सकते



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह भावनाओं के साथ सुनवाई नहीं कर सकता और कानून के तहत ही कार्यवाही करेगा। अदालत ने इसी के साथ उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया जिसमें मणिपुर हिंसा के दौरान विस्थापित हुए लोगों की संपत्ति की रक्षा करने के शीर्ष अदालत के आदेश का कथित तौर पर अनुपालन नहीं करने पर अवमानना की कार्यवाही शुरू करने का अनुरोध किया गया था। न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने कहा कि वह इस दलील से संतुष्ट नहीं है कि मणिपुर के मुख्य सचिव सहित प्रतिवादियों के खिलाफ अवमानना का मामला बनाया गया है और याचिकाकर्ता कानून के तहत उपलब्ध उपाय का सहारा ले सकते हैं। मणिपुर की ओर से पेश हुईं अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने पीठ से कहा कि अवमानना का कोई मामला नहीं बनता एवं राज्य और केंद्र सरकार लोगों की चिंताओं को दूर करने के लिए जमीन पर हरसंभव प्रयास कर रही हैं। भाटी ने कहा, मामले को हमेशा चर्चा में रखने की कोशिश की जा रही है जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। राज्य सरकार का कर्तव्य है कि वह सभी की रक्षा करे और इस मामले में अद्यतन स्थिति रिपोर्ट दाखिल की जा सकती है। शीर्ष अदालत उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें आरोप लगाया था कि प्रतिवादियों ने जातीय हिंसा में विस्थापित हुए लोगों की संपत्तियों की रक्षा करने के पिछले साल 25 सितंबर को न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश की अवमानना की है। पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील से सवाल किया, आपके अनुसार किसने अवमानना की है? इसपर वकील ने कहा कि मुख्य सचिव और अन्य ने। इस पर पीठ ने कहा, वे अतिक्रमणकर्ता नहीं हैं। जब वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता मणिपुर से बाहर रह रहे हैं और वे इंफाल के नजदीक भी जाने की स्थिति में नहीं है। इसपर पीठ ने कहा, इसका अभिप्राय यह नहीं है कि मुख्य सचिव के खिलाफ नोटिस जारी किया जाए। भाटी ने पिछले साल 25 सितंबर के आदेश का संदर्भ दिया, जिसमें कहा गया था कि मणिपुर सरकार और केंद्र को विस्थापित व्यक्तियों की संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा उनका अतिक्रमण रोकने सहित निर्देशों का जवाब देने के लिए एक सप्ताह का समय दिया जाता है। उन्होंने कहा, हमने स्थिति रिपोर्ट दाखिल की थी। हम अद्यतन स्थिति रिपोर्ट दाखिल कर सकते हैं। भाटी ने यह भी कहा कि यह सरकार का कर्तव्य है कि वह अपने नागरिकों और उनकी संपत्ति की रक्षा करे। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने कहा, जैसा कि हम बोल रहे हैं, मणिपुर अब भी असहज शांति की स्थिति में है। परस्पर-विरोधी विचार हैं और राज्य एवं केंद्र सरकार सभी को समझाने-बुझाने की कोशिश कर रही हैं। जब याचिकाकर्ताओं के वकील ने दावा किया कि पुलिस की मौजूदगी में संपत्ति लूटी गई है और वे ऐसी घटनाओं के वीडियो अदालत में जमा कर सकते हैं तो भाटी ने इसपर आपत्ति जताई और कहा कि बेबुनियाद आरोप लगाए जा रहे हैं।पीठ ने कहा, वे (अधिकारी) संपत्तियों की रक्षा करने के कर्तव्य से बंधे हैं। वे इस अदालत और सरकार के आदेशों को पूरा करने के कर्तव्य से बंधे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है। पीठ ने टिप्पणी की कि मुख्य सचिव और अन्य प्रतिवादियों के खिलाफ अवमानना का कोई मामला नहीं बनता। अदालत ने कहा, अधिकारियों पर इस तरह का दबाव न डालें। शीर्ष अदालत ने कहा, आपके प्रति पूरी सहानुभूति है।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने हरियाणा मे बस दुर्घटना मे लोगो की मौत पर दुख प्रकट किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को हरियाणा में सड़क दुर्घटना में लोगों की मौत पर शोक जताया। हरियाणा के अंबाला में शुक्रवार तड़के एक मिनीबस और ट्रक की टक्कर होने से छह महीने की बच्ची समेत सात लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना अंबाला-दिल्ली राजमार्ग पर मोहड़ा गांव के पास हुई। बस उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से लगभग 30 लोगों को जम्मू-कश्मीर में वैष्णो देवी मंदिर दर्शन के लिए लेकर जा रही थी। ये सभी आपस में रिश्तेदार थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा, हरियाणा के अंबाला में हुई सड़क दुर्घटना में कई श्रद्धालुओं की मौत का समाचार अत्यंत दुखद है। इस दुर्घटना में स्वजनों को खोने वाले शोक संतप्त परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। मैं घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

# प. बंगाल और बांग्लादेश के बीच रविवार रात को टकराएगा चक्रवात रेमलः आईएमडी

**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को कहा कि बंगाल की खाड़ी में बन रहा चक्रवात रविवार आधी रात को पश्चिम बंगाल के सागर द्वीप और बांग्लादेश के खेपुपारा के बीच टकराएगा। यह बंगाल की खाड़ी में इस मॉनसून पूर्व मौसम का पहला चक्रवात है और हिंद महासागर क्षेत्र में चक्रवातों के नामकरण की प्रणाली के अनुसार इसका नाम रेमल रखा जाएगा। यह चक्रवात शनिवार सुबह तक चक्रवाती तूफान में तब्दील हो जाएगा और शनिवार रात तक और भी तीव्र होकर एक गंभीर चक्रवाती तूफान का रूप ले लेगा। आईएमडी ने कहा,"इसके एक गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में रविवार आधी रात के करीब सागर द्वीप और खेपुपारा के बीच बांग्लादेश और उससे सटे पश्चिम बंगाल के तटों को पार करने की काफी संभावना है। रविवार को चक्रवात के प्रभाव में हवा की गति 120 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। मौसम विभाग ने 26-27 मई को पश्चिम बंगाल और उत्तरी ओडिशा के तटीय जिलों में अत्यधिक भारी वर्षा की चेतावनी दी है। पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों में 27-28 मई को अत्यधिक भारी वर्षा हो सकती है। तूफान के टकराने के समय पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के तटीय इलाकों में 1.5 मीटर तक ऊंची लहरें उठ सकती हैं। समुद्र में मौजूद मछुआरों को सलाह दी गई है कि वे तट पर लौट जाएं और 27 मई तक बंगाल की खाड़ी में न जाएं। आईएमडी ने पश्चिम बंगाल के दक्षिण और उत्तर 24 परगना जिलों में बाढ़ आने और कमजोर ढांचों, बिजली और संचार लाइन, कच्ची सड़कों, फसलों और बागों को भारी नुकसान की चेतावनी दी है। प्रभावित इलाकों में रहने वाले लोगों को घरों के अंदर रहने और कमजोर ढांचों को खाली करने के लिए कहा गया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन से होने वाली अतिरिक्त गर्मी को महासागरों द्वारा अवशोषित करने के चलते समुद्र की सतह का तापमान बढ़ने से चक्रवाती तूफान तेजी से बढ़ रहे हैं। पिछले 30 वर्षों में समुद्र की सतह का तापमान 1880 में रिकॉर्ड किए जाने के बाद से सबसे अधिक रहा है। आईएमडी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डीएसपाई के अनुसार, समुद्र की सतह के तापमान के गर्म होने का मतलब है अधिक नमी, जो चक्रवातों की तीव्रता के लिए अनुकूल है। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के पूर्व सचिव माधवन राजीवन ने कहा कि कम दबाव के चक्रवात में तब्दील होने के लिए समुद्र की सतह का तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और उससे अधिक होना चाहिए। बंगाल की खाड़ी में समुद्र की सतह का तापमान वर्तमान में लगभग 30 डिग्री सेल्सियस है।

# भाजपा पदाधिकारी ने करीब चार करोड़ रुपए की जब्ती मामले में अदालत का रुख किया

भाषा। चेन्नई

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने तिरुनेलवेली संसदीय क्षेत्र में कथित तौर पर मतदाताओं में वितरित करने के लिए रखे गए 3.99 करोड़ रुपए की जब्ती के संबंध में सीबी-सीआईडी द्वारा दर्ज मामले को रद्द कराने के लिए मद्रास उच्च न्यायालय का रुख किया है। तिरुनेलवेली लोकसभा सीट पर इस बार भाजपा ने विधायक नैगनर नागेंद्रन को उम्मीद बनाया है। भाजपा के राज्य संगठन सचिव केशव विनयगम द्वारा दायर याचिका न्यायमूर्ति सी सरवनन के समक्ष सुनवाई के लिए शुक्रवार को आई थी।

अदालत ने सीबी-सीआईडी को नोटिस जारी करने का आदेश दिया और मामले की सुनवाई की अगली तारीख तीन जून निर्धारित की। अपनी याचिका में केशव विनायगम ने कहा कि चुनाव पर नजर रख रहे एक उड़न दस्ते ने छह अप्रैल को तांबरम रेलवे स्टेशन पर नेल्लई एक्सप्रेस में तलाशी ली थी और नागेंद्रन और एक अन्य व्यक्ति के होटलों में कार्यरत दो व्यक्तियों को भारी मात्रा में नकदी के साथ पकड़ा था। दस्ते ने 3.99 करोड़ रुपए जब्त किए और इसे तहसलीदार के हवाले कर दिया तथा तांबरम पुलिस ने एक मामला दर्ज किया था। उन्होंने कहा कि इसके बाद तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया लेकिन उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया।

उन्होंने याचिका में कहा कि इस बीच सीबी-सीआईडी पुलिस ने फिर से मामला दर्ज किया और तीन लोगों के बयान दर्ज किए। उनके बयानों के आधार पर पुलिस ने कुछ अन्य लोगों के बयान दर्ज किए और 20 मई को याचिकाकर्ता और दो अन्य लोगों को अगले दिन पुलिस के सामने पेश होने के लिए समन भेजा गया। उन्होंने कहा, याचिकाकर्ता ने ऐसा करने में असमर्थता जताई क्योंकि वह तमिलनाडु में संसदीय चुनाव के प्रभारी थे और अन्य राज्यों में पर्यवेक्षक भी हैं। उन्होंने कहा कि वह निर्दोष हैं और उनका पैसे की जब्ती और गिरफ्तार लोगों से कोई लेना-देना नहीं है। तमिलनाडु में 19 अप्रैल को मतदान के बाद उन्हें दूसरे राज्यों का कार्यभार सौंपा गया था।

# पुणे कार हादसे में मारे गए इंजीनियरों के माता-पिता ने शीर्ष अदालत की निगरानी में जांच की मांग की

**जबलपुर।** पुणे में कार दुर्घटना में मारे गए दो सॉफ्टवेयर इंजीनियरों के माता-पिता ने शुक्रवार को मांग की कि उच्चतम न्यायालय को मामले की जांच और सुनवाई की निगरानी करनी चाहिए। दोनों परिवारों ने यह भी मांग की है कि मामले की सुनवाई मध्यप्रदेश में होनी चाहिए न कि महाराष्ट्र में क्योंकि मरने वाले मध्यप्रदेश से थे। मध्यप्रदेश के रहने वाले 24 वर्षीय आईटी पेशेवर अनीश अवधिया और अश्विनी कोष्टा की मोटरसाइकिल को 19 मई को पुणे शहर में 17 वर्षीय लड़के द्वारा कथित तौर पर चलाई जा रही तेज रफ्तार पोर्शे कार ने टक्कर मार दी, जिससे इस घटना में उनकी मौत हो गई। अश्विनी जबलपुर की रहने वाली थी, अनीश उमरिया जिले के बिरसिंहपुर पाली का रहने वाला था। अश्विनी के पिता सुरेश कुमार कोष्टा ने पीटीआई-भाषा से बात करते हुए कहा, उच्चतम न्यायालय को मामले की जांच और सुनवाई की निगरानी करनी चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हमें न्याय मिले। उन्होंने कहा कि अपराध की गंभीर प्रकृति को देखते हुए आरोपी के खिलाफ नाबालिग की तरह नहीं, बल्कि वयस्क की तरह मुकदमा चलाया जाना चाहिए। कोष्टा ने आरोप लगाया कि जब आरोपी ने उनकी बेटी और अनीश पर अपनी कार चढ़ा दी तब वह नशे की हालत में था। दुर्घटना के बाद, किशोर को किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) के समक्ष पेश किया गया, जिसने उसे 300 शब्दों का निबंध लिखने के लिए कहते हुए उसे जमानत दे दी। त्वरित जमानत और पुलिस की समीक्षा याचिका पर हंगामे के बाद, जेजेबी ने बुधवार को रियल एस्टेट डेवलपर विशाल अग्रवाल के बेटे किशोर को पांच जून तक अवलोकन गृह में भेज दिया। पुलिस ने किशोर के पिता को भी गिरफ्तार कर लिया है। अनीश के पिता ओम प्रकाश अवधिया ने फोन पर कहा,"मैं आखिरी सांस तक न्याय के लिए लड़ूंगा। परिवारों को न्याय सुनिश्चित करने के लिए मामले की सुनवाई पुणे में नहीं बल्कि मध्यप्रदेश में होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपी के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं होने के बावजूद उसे थाने में वीआईपी ट्रीटमेंट दिया गया।

## पुणे कार दुर्घटना : अदालत ने आरोपी किशोर के पिता, पांच अन्य को न्यायिक हिरासत में भेजा

**पुणे।** पुणे की एक अदालत ने शुक्रवार को पोर्श दुर्घटना मामले में 17 वर्षीय आरोपी के पिता विशाल अग्रवाल समेत छह लोगों को सात जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दो लोगों की मौत हो गई थी। अभियोजन पक्ष ने आगे की जांच के लिए उनकी पुलिस हिरासत बढ़ाने का अनुरोध किया था। अदालत ने अग्रवाल और शराब परोसने वाले दो प्रतिष्ठानों के मालिक और कर्मचारियों समेत अन्य को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। किशोर ने अपनी पोर्श कार से मोटरसाइकिल पर सवार दो सॉफ्टवेयर पेशेवरों को कुचलने से पहले इन जगहों पर कथित तौर पर शराब पी थी। दिन में, पुणे के पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने कहा था कि ऐसा दिखाने की कोशिश की गई कि 19 मई को दुर्घटना के समय नाबालिग कार नहीं चला रहा था और कोई वयस्क व्यक्ति कार चला रहा था।

## क्विक न्यूज

### हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ने दलाई लामा से मुलाकात की

**धर्मशाला (हिमाचल)।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा से यहां मैक्लोडगंज स्थित उनके आवास पर मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। सुक्खू के साथ धर्मशाला से विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस के उम्मीदवार दविंदर जग्गी भी थे। हिमाचल प्रदेश की चार लोकसभा सीट के साथ-साथ छह विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए मतदान एक जून को होना है।सुक्खू ने संवाददाताओं से कहा कि जब भी वह धर्मशाला आते है तो दलाई लामा का आशीर्वाद लेना उनकी परंपरा है।कांग्रेस नेता ने कहा कि अपनी बातचीत के दौरान दलाई लामा ने हिमाचल प्रदेश को एक खूबसूरत राज्य बताया और सभी धर्मो के प्रति सम्मान के लिए भारत की प्रशंसा की। धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र मे लगभग 800 निर्वासित तिब्बती, मतदाता के रूप मे पंजीकृत है।

### पैर से लिखने वाले किशोर ने 78 प्रतिशत अंक हासिल किए

**लातूर।** महाराष्ट्र के लातूर जिले के एक दिव्यांग छात्र ने बारहवी की परीक्षा अपने पैर से लिखकर 78 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। छात्र भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी बनना चाहता है।विज्ञान स्ट्रीम के छात्र गौस शेख ने परीक्षा लेखक की मदद लेने से इनकार कर, मार्च मे आयोजित 12वी की परीक्षा के दौरान अपने पैर की उंगलियो से उत्तर लिखा था। गौस के जन्म से ही हाथ नही थे। परीक्षा परिणाम इस सप्ताह के शुरुआत मे घोषित हुए है। एक छोटे से गांव के रहने वाले 17 वर्षीय गौस ने अपनी स्कूली शिक्षा वसंतनगर टांडा के रेणुकादेवी हायर सेकेंडरी आश्रम स्कूल मे पूरी की, जहाँ उनके पिता एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप मे कार्यरत है। गौस के पिता अमजद ने कहा, गौस ने चार साल की उम्र से ही अंक और अक्षर लिखना शुरू कर दिया था। उनके प्राथमिक शिक्षकों ने उन्हे अपने पैर की उंगलियो से लेखन का अभ्यास कराया। सामान्य छात्रो को दिए गए अवधि मे ही गौस अपना परीक्षा लेखन कार्य पूर्ण कर लेता है। गौस ने पीटीआई-भाषा से कहा, बचपन से ही मैने अपने देश की सेवा करने का सपना देखा है, इसलिए मै एक आईएएस अधिकारी बनना चाहता हूं।

### अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी ने आत्महत्या की

**जयपुर।** राजस्थान के ब्यावर जिले के जैतारण थाना क्षेत्र में अपहरण एवं सामूहिक दुष्कर्म के गिरफ्तार आरोपी ने बृहस्पतिवार देर रात थाने के लॉकअप मे कंबल को काटकर उसका फंदा बनाया और उससे लटककर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। जिला पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि चावंडिया कलां गांव निवासी राकेश सीरवी (30) को बृहस्पतिवार को अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म मामले मे भारतीय दंड संहिता की धारा 376 डी, 365, 342 के तहत गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने बताया कि आरोपी ने देर रात लॉकअप मे कंबल को काटकर उसका फंदा बनाया और उस पर लटक गया। उन्होंने बताया कि आरोपी आदतन अपराधी है और अलग-अलग थानो मे उसके खिलाफ दुष्कर्म के मामले दर्ज है।

### मिजोरम में 8.40 करोड़ रुपए की हेरोइन जब्त

**आइजोल।** असम राइफल्स और मिजोरम पुलिस ने चम्फाई जिले से एक किलोग्राम से अधिक हेरोइन जब्त की है। असम राइफल्स के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, जब्त की गई हेरोइन की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार मे करीब 8.40 करोड़ रुपए बताई जा रही है। असम राइफल्स के अधिकारी ने बताया कि एक खुफिया सूचना के आधार पर कार्वाई करते हुए असम राइफल्स और मिजोरम पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार को पूर्वी मिजोरम के चम्फाई जिले के नगुर गांव मे एक कार से हेरोइन जब्त की। उन्होंने कहा कि ऐसा माना जा रहा है कि प्रतिबंधित मादक पदार्थ म्यांमा से तस्करी कर लाया गया था। अधिकारी ने बताया कि जब्ती के संबंध मे किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार नही किया गया है।

### 26 मई को नए रूप में नजर आएगा डीडी किसान चैनल

**नई दिल्ली।** दूरदर्शन का किसान-केंद्रित चैनल डीडी किसान कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई) आधारित दो एंकर के साथ 26 मई से नए रंगरूप और नए अंदाज मे नजर आएगा। यह पहल किसी भारतीय सरकारी चैनल के लिए पहली बार है।कृषि मंत्रालय के अनुसार, नौ साल के प्रसारण के बाद डीडी किसान एआई कृष और एआई भूमि नामक वर्चुअल एंकर के साथ नए रंग रूप और नए अंदाज मे जानकारी पेश करेगा। ए एंकर बिना रुके या फिर बिना थके 24 घंटे और 365 दिन न्यूज पढ़ सकते है। ए एंकर देश विदेश मे हो रहे कृषि अनुसंधान, अनाज मंडियो मे हो रही उठापटक या फिर मौसम की फेरबदल, हर आवश्यक जानकारी किसानो तक पहुंचाएंगे। इनकी खास बात यह भी है कि ए देश-विदेश की पचास भाषाओ मे बात कर सकते है। मंत्रालय ने बयान मे कहा, कश्मीर से कन्याकुमारी और गुजरात से अरुणाचल तक, ए एआई एंकर क्षेत्रीय भाषाओ मे कृषि संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रसारित करेंगे। डीडी किसान चैनल की शुरुआत 2015 मे हुई, यह भारत का पहला सरकारी टीवी चैनल है जो पूरी तरह से किसानो को समर्पित है।

## किर्गिस्तान मे भारतीय छात्रो की भलाई के लिए उपाय किए जाएं : छात्र संगठन ने जयशंकर से कहा

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के एक छात्र संगठन ने शुक्रवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर को पत्र लिखकर अनुरोध किया कि किर्गिस्तान में भारतीय छात्रों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए तुरंत सक्रिय कदम उठाए जाएं। हाल में भीड़ ने राजधानी बिश्केक में विदेशी छात्रों को निशाना बनाया था, जिससे उनकी सुरक्षा को लेकर चिंताएं पैदा हो गई हैं। जम्मू-कश्मीर स्टूडेंट्स एसोसिएशन ने अपने पत्र में यह भी कहा कि वहां पढ़ने वाले कश्मीर के छात्र घटना के बाद अपने वतन लौटने का इंतजार कर रहे हैं। किर्गिस्तान में भारतीय दूतावास ने शुक्रवार को कहा कि बिश्केक में स्थिति शांतिपूर्ण बनी हुई है। दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारतीय मेडिकल छात्रों के अनुरोध पर, दूतावास उनकी चिंताओं को दूर करने के लिए निकटतम अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक छात्रों के परिवहन की व्यवस्था करने के लिए इस देश के मेडिकल विश्वविद्यालयों के साथ संपर्क बनाए हुए है।

# ईवीएम तोड़फोड़ मामले में वाईएसआर कांग्रेस विधायक को अंतरिम राहत दी

**अमरावती (आंध्र प्रदेश)।** आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने ईवीएम क्षतिग्रस्त करने के मामले में माचेर्ला से वाईएसआर कांग्रेस के फरार विधायक रामकृष्णा रेड्डी को छह जून तक गिरफ्तारी से अंतरिम राहत दे दी। अदालत ने यह फैसला विधानसभा चुनाव में उनके उम्मीदवार होने सहित विभिन्न कारणों के आधार पर दिया। माचेर्ला से वाईएसआर कांग्रेस उम्मीदवार रेड्डी पर आरोप है कि वह 13 मई को मतदान के दिन मतदान केंद्र संख्या 202 में दाखिल हुए और ईवीएम को क्षतिग्रस्त कर दिया। निर्वाचन आयोग द्वारा स्थापित किए गए वेब कैमरे में यह पूरी घटना रिकॉर्ड हो गई, जिससे उनकी पहचान तस्वीरों और दस्तावेजी सबूतों के आधार पर हुई। उच्च न्यायालय ने गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा का आदेश रेड्डी की याचिका पर बृहस्पतिवार रात को पारित किया। रेड्डी ने गिरफ्तारी से संरक्षण देने की गुहार लगाई थी। अदालत ने विधायक की इस दलील को स्वीकार कर लिया कि उम्मीदवार होने के नाते चार जून को मतगणना के दिन उनकी मतगणना स्थल पर उपस्थिति आवश्यक है और उन्हें गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा दे दी। अदालत ने कई पाबंदियों के साथ जारी आदेश में कहा, यह अदालत याचिकाकर्ता (रेड्डी) को अगली सुनवाई, छह जून तक गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा देने को इच्छुक है। रेड्डी के वकील ने दलील दी कि चार जून को मतगणना के दिन चुनाव एजेंट की नियुक्ति और मतगणना प्रक्रिया की निगरानी के लिए विधायक की उपस्थिति की जरूरत है। रेड्डी को किसी आपराधिक गतिविधि में संलिप्त न होने या उनपर लगे कथित आरोप को न दोहराने का आदेश दिया। अदालत ने यह भी कहा कि वह जिले (पलनाडु) में कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न करें। अदालत ने आदेश दिया कि रेड्डी अगली सुनवाई तक अपने संसदीय क्षेत्र नरसारोपेटा में ही रहेंगे, भौगोलिक रूप से लोकसभा क्षेत्र के बाहर मतगणना स्थल होने पर वह वहां जा सकते हैं।

# उपमुख्यमंत्री शिवकुमार और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के बीच राज्य में निवेश को लेकर वाकयुद्ध

भाषा। बेंगलुरु

**कर्नाटक** के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने राज्य में निवेश परिदृश्य के बारे में झूठ फैलाने को लेकर शुक्रवार को भाजपा नेताओं की आलोचना की। वह प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बी वाई विजएंद्र के इस आरोप पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे कि कर्नाटक सुस्त और सोई हुई कांग्रेस सरकार का सीधा परिणाम भुगत रहा है। विजएंद्र का बयान इस खबर के आलोक में आया कि गूगल (कंपनी) पड़ोसी राज्य तमिलनाडु में स्मार्ट फोन और ड्रोन का उत्पादन करेगी।

शिवकुमार ने यहां संवाददाताओं से कहा, भाजपा नेता कर्नाटक में निवेश के बारे में झूठी जानकारी ट्वीट कर रहे हैं। उन्हें झूठ फैलाने को लेकर शर्म आनी चाहिए। हम उन्हें चुनाव के बाद दस्तावेज के साथ सबूत देंगे। जब उनसे यह कहा गया कि भाजपा के नेता कह रहे हैं कि कंपनियां कर्नाटक के बजाय पड़ोसी राज्यों में निवेश कर रही हैं, तब उन्होंने कहा कि उन्हें (भाजपा नेताओं को) तथ्यों की जांच कर लेनी चाहिए। शिवकुमार ने आरोप लगाया कि भाजपा के कुशासन के चलते लाखों उद्योगपति एवं व्यापारी देश से चले गए हैं। शिवकुमार के मुताबिक कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद निवेशक एक बार फिर राज्य में रूचि दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारे उद्योग मंत्री एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री शानदार काम कर रहे हैं।

पूरा देश जानता है कि कर्नाटक समृद्धि, प्रगति और शांति की भूमि है। पूरी दुनिया बेंगलुरु और कर्नाटक की ओर निहार रही है। विजएंद्र ने एक्स पर कहा था, गूगल (कंपनी) स्मार्ट फोन एवं ड्रोन के उत्पादन के लिए तमिलनाडु में अरबों का निवेश करने वाली है। उन्होंने कहा, कर्नाटक एक सुस्त, सोई हुई कांग्रेस सरकार का सीधा परिणाम भुगत रहा है। यह सरकार पूरी तरह से दिशाहीन हो गई है और अपने कुशासन और गलत प्राथमिकताओं के कारण राज्य को त्रासदी की ओर ले जा रही है। विजएंद्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार भारत में निवेश को आकर्षित करने में सफल रही है लेकिन कांग्रेस सरकार कर्नाटक को शीर्ष निवेश स्थल के रूप में प्रदर्शित करने एवं निवेशकों में मन में विश्वास जगाने में बुरी तरह विफल हुई है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा, यह वही सरकार है जिसने अपने गठबंधन सहयोगी (तमिलनाडु में सत्तारूढ़) द्रमुक के फायदे के लिए कर्नाटक के किसानों को बर्बाद कर दिया तथा कावेरी नदी के पानी में अपने हिस्से का बचाव नहीं कर पाई। अब फिर कोई अचरज नहीं है कि तमिलनाडु में अरबों डॉलर के निवेश के जाने पर इसका वही रूख बना हुआ है।

## पेज 1 का शेष

### कर्तव्य पथ....

का समझौता किया।आप को अपने राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 21 मार्च को चुनाव की घोषणा के बमुश्किल एक हफ्ते बाद मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए जाने से एक बड़ा झटका लगा।50 दिनों के बाद केजरीवाल को प्रचार के लिए सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिल गई। वह 10 मई को तिहाड़ से बाहर आए और न केवल आप उम्मीदवारों बल्कि उसकी सहयोगी कांग्रेस के पक्ष में रोड शो और सार्वजनिक बैठकों में भाग लेकर तथा शहर का तूफानी दौरा करके अपने पार्टी कैडर और समर्थकों को उत्साहित किया।कांग्रेस को आंतरिक विद्रोह का भी सामना करना पड़ा, जिसमें अरविंदर सिंह लवली ने उत्तर पूर्वी दिल्ली से पूर्व जेएनयू छात्र संघ अध्यक्ष कन्हैया कुमार और उत्तर पश्चिम दिल्ली से 'बाहरी' उदित राज को उम्मीदवार बनाने के पार्टी के कदम का विरोध करते हुए कांग्रेस प्रमुख के पद से इस्तीफा दे दिया। बीजेपी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्मे और राष्ट्रीय सुरक्षा सहित मोदी सरकार द्वारा किए गए कार्यों पर भरोसा कर रही है। इसने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों और अल्पसंख्यक तुष्टिकरण के मुद्दों पर भी ध्यान केंद्रित किया है, जबकि आप और कांग्रेस दोनों ने मोदी की तानाशाही और विपक्षी नेताओं के खिलाफ ईडी, सीबीआई के दुरुपयोग पर ध्यान केंद्रित किया है। दिल्ली का पूरा चुनाव दो शख्सियतों- मोदी बनाम केजरीवाल के बीच केंद्रित है। आप ने पूर्वी दिल्ली सीट से कुलदीप कुमार, पश्चिमी दिल्ली से महाबल मिश्रा, नई दिल्ली से सोमनाथ भारती और दक्षिणी दिल्ली से सही राम पहलवान को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने चांदनी चौक से जेपी अग्रवाल, उत्तर पूर्वी दिल्ली से कन्हैया कुमार और उत्तर पश्चिम दिल्ली सीट से उदित राज को मैदान में उतारा है। भाजपा उम्मीदवारों में उत्तर पूर्वी दिल्ली से मनोज तिवारी शामिल हैं, जो दिल्ली से पार्टी द्वारा दोबारा मैदान में उतारे गए एकमात्र मौजूदा सांसद हैं; दक्षिणी दिल्ली से रामवीर सिंह बिधूड़ी, नई दिल्ली से बांसुरी स्वराज, पूर्वी दिल्ली से हर्ष दीप मल्होत्रा, उत्तर पश्चिमी दिल्ली से योगेन्द्र चंदोलिया, चांदनी चौक से प्रवीण खंडेलवाल और पश्चिमी दिल्ली से कमलजीत सहरावत। भाजपा ने राष्ट्रीय राजधानी में दो महिला उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। प्रचारकों में मोदी, भाजपा प्रमुख जे.पी.नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, पीयूष गोयल सहित अन्य शामिल थे; भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों में यूपी के योगी आदित्य नाथ, असम के हिमंत बिस्वा सरमा, उत्तराखंड के पुष्कर सिंह धामी, गोवा के प्रमोद सावंत और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस शामिल हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पार्टी उम्मीदवारों के लिए तीन सार्वजनिक बैठकें कीं। इसके अलावा, केजरीवाल और उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और दिल्ली सरकार के मंत्री आतिशी, सौरभ भारद्वाज, गोपाल राय, कैलाश गहलोत ने भी आप उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी सहित कई गणमान्य व्यक्ति और प्रतिष्ठित हस्तियां भी शहर के मतदाता हैं। दिल्ली में 13,637 और चार सहायक - 2,891 महत्वपूर्ण सहित - मतदान केंद्रों के साथ, 70 गुलाबी बूथ भी स्थापित किए जाएंगे, जिन्हें केवल महिला अधिकारी ही संभालेंगी। इसके साथ ही 70 मॉडल मतदान केंद्र बनाये गये हैं। सबसे ज्यादा मतदाता पश्चिमी दिल्ली सीट पर 25.87 लाख हैं, उसके बाद पश्चिम दिल्ली सीट पर (25.67 लाख), उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट पर (24.63 लाख), दक्षिणी दिल्ली सीट पर (22.91 लाख), पूर्वी दिल्ली सीट पर (21.20 लाख), चांदनी चौक सीट (16.45 लाख) और नई दिल्ली सीट (15.25 लाख) सीट पर मतदाता हैं।

### जमीन में....

कहानी लिखी जा रही है। 11 करोड़ परिवारों को हर घर नल योजना का लाभ दिया जा रहा है। नेशनल हाईवे 10 साल में 55 हजार किलोमीटर बन चुका है। योगी जी का प्रयास और मोदी जी का आशीर्वाद है कि गोरखपुर में एम्स आ गया है। उन्होंने कहा कि आपका वोट सही जगह पड़ता है तो विकास होता है, गलत जगह पड़ता है तो बहन बेटियों की इज्जत पर खतरा बढ़ता है। कांग्रेस ने भारत की जनता को अनपढ़ बताया था, मोदी जी ने देश के सामर्थ्य को पहचाना और आज सब्जीवाला भी डिजिटल ट्रांजेक्शन करता है। हमें 10 साल पहले का भारत और आज के भारत और 7 साल पहले का यूपी और आज के यूपी का अंतर समझना होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अंतरिक्ष से लेकर पाताल तक घोटाला किया। लालू, अखिलेश, ममता बनर्जी, डीएमके सबने घोटाला किया। ये सारे भ्रष्टाचारी एक हो गये हैं। राहुल, सोनिया, लालू, चिदंबरम, संजय सिंह, अरविंद केजरीवाल, आजम खां, के कविता या तो बेल पर हैं या जेल में हैं। जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पूर्व केंद्रीय मंत्री आरपीएन सिंह आदि गणमान्य मौजूद रहे।

### छठे दौर...

भाजपा के मनोहर लाल खट्टर (करनाल, हरियाणा), नवीन जिंदल (कुरुक्षेत्र) राज बब्बर (गुरुग्राम) दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ (आजमगढ़) और राव इंद्रजीत सिंह (गुड़गांव) शामिल हैं।अब तक 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 428 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान पूरा हो चुका है, पांचवें चरण में लगभग 62.19 प्रतिशत मतदान हुआ। 2019 के चुनावों के दौरान इसी चरण में सात राज्यों की 51 सीटों पर 64.16 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था।

2019 के चुनाव में कांग्रेस इन 58 सीटों में से एक भी नहीं जीत पाई थी। इसके विपरीत, भाजपा का दांव बहुत ऊंचा है क्योंकि उसने पिछले चुनाव में 47 सीटों पर 40 प्रतिशत से अधिक वोट शेयर हासिल करते हुए 40 सीटें जीती थीं। इससे साफ पता चलता है कि इस चरण में कांग्रेस के पास कोई गढ़ नहीं है। इस चरण को विशेष रूप से दिलचस्प बनाने वाली बात यह है कि दिल्ली की सभी सात सीटों और हरियाणा की सभी 10 सीटों पर मतदान होगा।

58 संसदीय क्षेत्रों में से पांच पर भाजपा, चार पर बीजू जनता दल और दो पर तृणमूल कांग्रेस का गढ़ है। 30 सीटों पर बीजेपी प्रबल दावेदार है। इसका मतलब है कि पार्टी ने पिछले तीन चुनावों में कम से कम दो बार सीट जीती।

इसमें छह सीटें ऐसी हैं जहां 2019 के चुनाव में जीत का अंतर 35 फीसदी से ज्यादा था और सभी पर बीजेपी ने जीत हासिल की। पिछले चुनाव में एक फीसदी से कम जीत के अंतर वाली अन्य चार सीटें यूपी में श्रावस्ती, हरियाणा में रोहतक, ओडिशा में संबलपुर और पश्चिम बंगाल में झाड़ग्राम हैं।पश्चिम बंगाल में पांच जिलों में फैले आदिवासी बेल्ट जंगल महल क्षेत्र में मतदान होगा। पहचान की राजनीति के लिए एक हॉटस्पॉट, यह क्षेत्र तमलुक, कांथी, घाटल, झाड़ग्राम, मेदिनीपुर, पुरुलिया, बांकुरा और बिष्णुपुर सीटों से आठ प्रतिनिधियों को लोकसभा में भेजता है। 2019 के चुनावों में आठ सीटों में से भाजपा ने पांच और टीएमसी ने तीन सीटें जीतीं।

उत्तर प्रदेश में जिन सीटों पर चुनाव होने हैं उनमें सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अंबेडकर नगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संत कबीर नगर, लालगंज, आज़मगढ़, जौनपुर, मछलीशहर और भदोही शामिल हैं। सुल्तानपुर से भाजपा उम्मीदवार मेनका गांधी नौवीं बार लोकसभा में पहुंचने की कोशिश कर रही हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री का मुकाबला समाजवादी पार्टी के राम भुआल निषाद और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के उदय राज वर्मा से है। पूर्व केंद्रीय मंत्री का मुकाबला समाजवादी पार्टी के राम भुआल निषाद और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के उदय राज वर्मा से है। आज़मगढ़ में मौजूदा सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव के खिलाफ भाजपा के लिए सीट बरकरार रखने की उम्मीद कर रहे हैं। जौनपुर में भाजपा के महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री कृपाशंकर सिंह का मुकाबला समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार बाबू सिंह कुशवाहा और मौजूदा सांसद बसपा के श्याम सिंह यादव से होगा।

# अगर सीमाएं और सुरक्षित होतीं तो भारत ने अधिक तेजी से तरक्की की होती : डोभाल

भाषा। नई दिल्ली



**राष्ट्रीय सुरक्षा** सलाहकार अजित डोभाल ने कहा कि अगर भारत की सीमाएं और सुरक्षित तथा स्पष्ट होतीं तो भारत ने अधिक तेजी से तरक्की की होती। डोभाल ने साथ ही रेखांकित किया कि पिछले दस वर्षों में देश की ताकत तेजी से बढ़ी है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 21वें अधिष्ठापन समारोह पर आयोजित रुस्तमजी मेमोरियल व्याख्यान में अपने संबोधन में डोभाल ने कहा कि अगर हमारे पास अधिक सुरक्षित सीमाएं होतीं तो भारत की आर्थिक प्रगति बहुत तेजी से होती। उन्होंने कहा, निकट भविष्य में मुझे नहीं लगता कि हमारी सीमाएं उतनी सुरक्षित होंगीं जितनी हमें तेज आर्थिक विकास के लिए चाहिए। इसलिए सीमाओं की रक्षा करने वाले बलों पर जिम्मेदारी बहुत ज्यादा है। उन्हें चिरकाल तक सातों दिन चौबीसों घंटे सतर्क रहना है। उन्हें यह देखना है कि हमारे राष्ट्रीय हित और देश सुरक्षित है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने कहा कि सीमाएं अहम हैं क्योंकि वे हमारी संप्रभुता परिभाषित करती हैं। उन्होंने कहा, जमीन पर जो कब्जा है वो अपना है बाकी ते सब अदालत और कचहरी का काम है, उससे फर्क नहीं पड़ता। डोभाल ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने पिछले 10 वर्ष में सीमा सुरक्षा पर बहुत अधिक ध्यान दिया है और इस अवधि में हमारी व्यापक राष्ट्रीय शक्ति बहुत बढ़ी है। उन्होंने कहा कि भारत तेजी से बदल रहा है और अगले दस वर्ष में हम दस हजार अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था और तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। डोभाल ने इसे अहम उपलब्धि करार दिया। उन्होंने कहा कि भारत के पास सबसे बड़े कार्यबलों में से एक होगा और यह उच्च प्रौद्योगिकी कृत्रिम मेधा, सेमीकंडक्टर, क्वांटम कंप्यूटिंग और रक्षा एवं सुरक्षा विनिर्माण के क्षेत्रों का गढ़ होगा। डोभाल ने कहा कि जो देश दूसरे देशों से हथियार मंगाता था उसने 31 मार्च तक 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के हथियारों का निर्यात किया और इस प्रकार से यह सरकार की आत्मनिर्भरता और आत्मनिर्भर भारत की नीति के कारण एक बड़े निर्यातक के रूप में उभरा। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने कहा कि इस बदलते हुए भारत में कुछ हद तक समृद्धि सुरक्षा की गारंटी है और कई बड़े क्षेत्रों में संवेदनशीलता बढ़ाती है।

## प्रधानमंत्री ने अग्निपथ योजना थोपकर युवाओं के साथ धोखा किया: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अग्निपथ योजना जबरदस्ती थोपकर उन युवाओं के साथ धोखा किया है जो सेना में भर्ती होने का सपना देखते है। उन्होने एक टेम्पो पर कुछ ऐसे युवाओं से बातचीत का वीडियो एक्स पर साझा किया जो सेना में भर्ती होना चाहते थे, लेकिन अग्निपथ योजना लागू होने के कारण उनका सपना पूरा नही हो सका। राहुल गांधी ने कहा, देशभक्ति के टेम्पो में सवारी के दौरान युवाओं की पीड़ा को और करीब से जाना। देश सेवा का सपना देखने वाले युवाओं के साथ नरेन्द्र मोदी ने धोखा किया है, सेना और इन पर अग्निपथ योजना ज़बरदस्ती थोप दी। उनका कहना है कि इंडिया गठबंधन की सरकार में इन बहादुर युवाओं के साथ न्याय होगा, हम इनके सपनों को टूटने नही देंगे।

# शुभेंदु अधिकारी को राहत

● अदालत ने पुलिस को स्वतः संज्ञान लेकर दर्ज प्राथमिकी में आगे बढ़ने से रोका

भाषा। कोलकाता



**कलकत्ता उच्च** न्यायालय ने शुक्रवार को एक अंतरिम आदेश में पश्चिम बंगाल पुलिस को स्वत: संज्ञान के आधार पर दर्ज की गई प्राथमिकी पर आगे बढ़ने से रोक दिया। इसी प्राथमिकी के सिलसिले में पुलिस ने उस मकान में छापेमारी की थी जिसमें विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने अपना कार्यालय और आवास होने का दावा किया था। पुलिस 22 मई को पूर्व मेदिनीपुर जिले के कोलाघाट में एक मकान पर छापा मारने गई थी, जिसे अधिकारी के वकील ने उनका कार्यालय और आवास बताया था। अदालत ने कहा कि मामला बहुत प्रारंभिक चरण में है और लोकसभा चुनाव का छठा चरण शनिवार को होना है। अदालत ने पुलिस को प्राथमिकी पर 17 जून तक आगे बढ़ने से रोक दिया। अदालत ने निर्देश दिया कि मामला 10 जून को फिर से सुनवाई के लिए सूची में आएगा। न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा की पीठ ने राज्य को चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से कराने के उद्देश्य से कोई भी कदम उठाने की जरूरत उत्पन्न होने पर अदालत का रुख करने की स्वतंत्रता दी। अधिकारी ने पुलिस छापेमारी को अवैध बताते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया था और दावा किया था कि उनके मौलिक अधिकार का हनन किया गया है। उन्होंने कहा था कि छापेमारी से पहले पुलिस को नोटिस देना चाहिए था। उन्होंने मामले में कार्यवाही पर फिलहाल रोक लगाने और चुनाव परिणाम घोषित होने के एक सप्ताह बाद तक पुलिस को इस तरह की छापेमारी करने से रोकने का अनुरोध किया था। पश्चिम बंगाल सरकार ने अनुरोध का विरोध करते हुए दावा किया कि अधिकारी के पास याचिका दायर करने का अधिकार नहीं है, क्योंकि वह उस सम्पत्ति के मालिक नहीं हैं जहां छापा मारा गया और न ही उस संपत्ति से किसी भी तरह से जुड़े हैं। राज्य सरकार के वकील ने कहा कि संपत्ति के लिए समझौता मालिक और सुरजीत दास नामक व्यक्ति के बीच है। राज्य के वकील ने दावा किया कि पुलिस को इस बात की जानकारी नहीं थी कि अधिकारी उक्त संपत्ति में रह रहे हैं। राज्य के वकील ने कहा कि कुछ सूचनाओं के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्वत: संज्ञान लेकर एक प्राथमिकी दर्ज की।

## तमिलनाडु के पूर्व पुलिस महानिदेशक गिरफ्तार

**चेन्नई।** तमिलनाडु के पूर्व विशेष पुलिस महानिदेशक राजेश दास को उनसे अलग रह रही उनकी पत्नी बीला वेंकटेशन की शिकायत पर घर में घुसकर धमकी देने के आरोप में शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। वेंकटेशन ने सोमवार को शिकायत दर्ज कराई थी कि दास और उनके सहयोगी 18 मई को शहर के बाहरी इलाके थाईयूर में उनके आवास पर सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट करने के बाद घर में जबरन घुस गए थे। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दास को वेंकटेशन की शिकायत पर गिरफ्तार किया गया। वेंकटेशन राज्य की ऊर्जा सचिव है।

## शक्ति पंप्स को मिला पेटेंट

**पीथमपुर।** भारत में सोलर पंप और मोटर बनाने वाली अग्रणी निर्माता कम्पनी शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड को मेथड एंड ऐपरेटस फॉर सॉफ्ट स्टार्ट, सॉफ्ट स्टॉप, प्रोटेक्शन एंड ब्राउन आउट ऑपरेशन ऑफ अ ग्रिड कनेक्टेड मोटर का आविष्कार करने के लिए पेटेंट प्राप्त हुआ है। भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय ने पेटेंट अधिनियम 1970 में निर्धारित प्रावधानों का पूरी तरह से पालन करते हुए शक्ति पंप्स को यह पेटेंट प्रदान किया है। यह पेटेंट दाखिल करने की तारीख से 20 वर्षों की अवधि के लिए मान्य है। यह कम्पनी को मिला 14 वां पेटेंट है। शक्ति पंप्स के चेयरमैन, दिनेश पाटीदार ने इस उपलब्धि पर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि, हमें गर्व है कि हमने अपना 14वां पेटेंट प्राप्त किया, जो इनोवेशन और उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण योगदान है। सॉफ्ट स्टार्टर और स्टॉप शक्ति पंप्स की पेटेंट तकनीक की प्रमुख विशेषता है जो मोटर में एक्सिलरेशन और डीएक्सिलरेशन पर नियंत्रण प्रदान करती हैं और मैकेनिकल स्ट्रेस को कम करती हैं। कन्वेयर सिस्टम, पंप, एचवीएसी सिस्टम और मशीनिंग जैसे एप्लीकेशन में सुरक्षा को बढ़ाती हैं।

## करूर वैश्य बैंक की 840वीं शाखा अयोध्या में

**अयोध्या।** करूर वैश्य बैंक (केवीबी) ने आज अयोध्या में एक नई शाखा का उद्घाटन किया। यह बैंक की 840वीं शाखा है। करूर वैश्य बैंक की अध्यक्ष डॉ. मीना हेमचंद्र ने शाखा का उद्घाटन किया। अयोध्या उत्तर प्रदेश में यह बैंक की 7वीं शाखा है और बैंक के दिल्ली डिवीजन में 35वीं शाखा है। नई शाखा रामपथ, अयोध्या - 224001 पर स्थित है। यह शाखा समस्त प्रकार की बैंकिंग सेवाएं प्रदान करेगी जिसमें खुदरा और वाणिज्यिक बैंकिंग उत्पाद, तृतीय पक्ष के गठजोड़ के माध्यम से बीमा उत्पाद आदि शामिल हैं। शाखा में अपने ग्राहकों की सुविधा के लिए एक एटीएम, नकद जमा मशीन और पासबुक प्रिंटर प्रदान किया गया है। इस अवसर पर बोलते हुए, बैंक के एमडी और सीईओ श्री बी रमेश बाबू ने कहा, बैंक ने वित्त वर्ष 2024 के दौरान 39 नई शाखाएँ खोली थीं और चालू वित्त वर्ष के दौरान देश भर में लगभग 100 नई शाखाएँ खोलने का प्रस्ताव है। बैंक ने पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान अब तक का सबसे अधिक 1605 करोड़ रुपये का वार्षिक शुद्ध लाभ पोस्ट किया है।

## महाराष्ट्र विप की चार सीट पर 26 जून को चुनाव होगा

मुंबई। निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को कहा कि महाराष्ट्र विधानपरिषद की चार सीट के लिए चुनाव 26 जून को होगा। आयोग ने एक विज्ञप्ति में कहा कि मतगणना एक जुलाई को होगी। मुंबई, कोंकण और नासिक शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों के मौजूदा सदस्यों का कार्यकाल सात जुलाई को समाप्त होने वाला है। मुंबई शिक्षक और मुंबई स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व वर्तमान में क्रमशः कपिल पाटिल (लोक भारती) और विलास पोटनीस (शिवसेना-यूबीटी) कर रहे है। कोंकण संभाग स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व भाजपा के निरंजन डावखरे कर रहे है, जबकि नासिक संभाग शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किशोर दराडे कर रहे है। आयोग ने पहले 10 जून को चुनाव कराने की योजना बनाई थी।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले में अगली सुनवाई सोमवार को

भाषा। प्रयागराज

**मथुरा स्थित** श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय में शुक्रवार को हिंदू पक्ष की ओर से दलील दी गई कि भगवान सतत नाबालिग हैं, इसलिए इस मामले में दीवानी प्रक्रिया संहिता (सीपीसी) में नाबालिग द्वारा या नाबालिग के खिलाफ वाद के संबंध में दिए गए प्रावधान लागू होंगे। हिंदू पक्ष की ओर से आगे कहा गया कि मौजूदा वाद, भगवान केशव देव की ओर से उनके मित्र द्वारा दायर किए गए हैं और इन वादों को दायर करने में कोई अवैधता नहीं है। वाद की विचारणीयता के संबंध में पक्षों की ओर से साक्ष्य के अवलोकन के बाद निर्णय किया जा सकता है।

# फर्जी जन्म प्रमाणपत्र मामले में आजम खान, पत्नी और बेटे को जमानत मिली

भाषा। प्रयागराज

**इलाहाबाद** उच्च न्यायालय ने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम खान के जन्म प्रमाणपत्र में कथित फर्जीवाड़ा मामले में आजम खान, उनकी पत्नी डाक्टर तंजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम खान को शुक्रवार को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने हालांकि केवल आजम खान की सजा पर रोक लगाई जबकि डाक्टर तंजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम खान को राहत देने से इनकार कर दिया। अदालत ने सपा नेता आजम खान,



उनकी पत्नी और बेटे द्वारा दायर तीन आपराधिक पुनरीक्षण याचिकाओं पर अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया था। आजम खान, उनकी पत्नी और बेटे ने अब्दुल्ला के जन्म प्रमाणपत्र के कथित फर्जीवाड़ा मामले में रामपुर के सत्र न्यायालय द्वारा 18 अक्टूबर 2023 को सुनाई गई सात साल की सजा को चुनौती दी थी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक यह मामला तीन जनवरी 2019 का है। रामपुर के निवासी और मौजूदा समय में रामपुर से भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने अब्दुल्ला आजम खान के लिए दो जन्म प्रमाणपत्र बनवाने के आरोप में आजम खान, उनकी पत्नी और बेटे के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया था। इसके बाद सत्र अदालत ने 18 अक्टूबर 2023 को इस मामले में तीनों को सात साल के कारावास की सजा सुनाई थी।

## अभिनेत्री लैला खान, पांच अन्य की हत्या के मामले में सौतेले पिता को मृत्युदंड

**मुंबई।** मुंबई की सत्र अदालत ने अपनी सौतेली बेटी एवं अभिनेत्री लैला खान, लैला की मां और उनके चार भाई-बहनों की 2011 में हत्या करने के मामले में परवेज टाक को शुक्रवार को मौत की सजा सुनाई।अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सचिन पवार ने नौ मई को टाक को हत्या और सबूतों को नष्ट करने के अलावा भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत अन्य अपराधों का दोषी पाया था। इस पर फैसला शुक्रवार को सुनाया गया कि दोषी को क्या सजा दी जानी है। टाक लैला की मां सेलिना का तीसरा पति था। लैला, उनकी मां और उनके चार भाई-बहनों की फरवरी 2011 में महाराष्ट्र के नासिक जिले के इगतपुरी स्थित उनके बंगले में हत्या कर दी गई थी।

# फडणवीस का विपक्ष पर निशाना


● डोंबिवली से कारखानों को अन्यत्र ले जाने के लिए उद्धव ने कुछ नही किया

भाषा। नागपुर

**महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री** देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को यह कहते हुए विपक्ष पर निशाना साधा कि जब शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने डोंबिवली एमआईडीसी से कारखानों अन्यत्र ले जाने के लिए कुछ नहीं किया। डोंबिवली एमआईडीसी क्षेत्र में बृहस्पतिवार को एक रसायन संयंत्र में धमाके के साथ आग लग जाने से नौ लोगों की जान चली गई। फडणवीस ने यहां हवाई अड्डे पर पत्रकारों से कहा कि महायुति सरकार इन कारखानों के वास्ते वैकल्पिक स्थल ढूंढने की दिशा में काम करेगी। उनसे पहले दिन में प्रदेश कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने इस विस्फोट को लेकर सरकार की आलोचना की थी और दावा किया था कि पिछली महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार ने इस रसायन संयंत्र को बंद करने का आदेश दिया था लेकिन वर्तमान सरकार में उसे बहाल कर दिया गया। डोंबिवली में महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) क्षेत्र के फेज-दो में स्थित अमुदान केमिकल्स संयंत्र के एक बॉयलर में बृहस्पतिवार दोपहर विस्फोट हुआ। इस घटना में नौ लोगों की जान चली गई एवं 64 अन्य घायल हो गए। उपमुख्यमंत्री ने कहा, किसी भी उद्योग को एक दिन में अन्य स्थान पर नहीं ले जाया जा सकता है और कई सालों से इन कारखानों को अन्यत्र ले जाने पर चर्चा चल रही थी। लेकिन उद्धव ठाकरे ने इस संबंध में कुछ नहीं किया।

# नरेन्द्र मोदी के भाषणों ने प्रधानमंत्री पद की गरिमा को ठेस पहुंचाई : शरद पवार

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार (राकांपा-एसपी) के प्रमुख शरद पवार ने शुक्रवार को कहा कि इस चुनाव में विपक्ष के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण चिंता का विषय हैं।पवार ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए महाराष्ट्र में पानी की भारी किल्लत से जूझ रहे इलाकों में राहत कार्य तेज करने के लिए निर्वाचन आयोग से आदर्श आचार संहिता में ढील देने की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत महायुति सरकार की अपील का स्वागत किया।पवार ने कहा, प्रधानमंत्री का पद एक संस्था है। मोदी एक बहुत महत्वपूर्ण पद पर आसीन हैं। लेकिन चुनावी रैलियों में वह क्या बोल रहे हैं, इस पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। हिमाचल प्रदेश में शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी की



टिप्पणी को लेकर पूछे गए एक सवाल पर 83 वर्षीय राजनेता अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे। मोदी ने हिमाचल में रैली के दौरान दावा किया कि जब-जब कांग्रेस सत्ता में रही तब-तब भारत में सबसे कमजोर सरकारें रहीं।मोदी ने रैली में कहा, उस वक्त पाकिस्तान हमारे सिर पर चढ़कर नाचता था। कांग्रेस की कमजोर सरकारें दुनियाभर में मदद की गुहार लगाती थीं। लेकिन अब भारत अपनी लड़ाई खुद लड़ेगा। पवार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के चुनावी भाषण चिंता का विषय हैं।राकांपा-एसपी प्रमुख पवार ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का भाजपा के 310 पार होने का दावा निराधार है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के सात चरण में से दो चरण अभी भी बचे हैं।उन्होंने कहा, जिम्मेदार लोगों को किसी आधार पर बोलना चाहिए। हम इस तरह के बयान स्वीकार नहीं करते। विपक्ष के वरिष्ठ नेता ने सूखा प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों में तेजी लाने के लिए आदर्श आचार संहिता में ढील देने की राज्य सरकार के रुख का स्वागत किया। उन्होंने कहा, इसमें कोई राजनीति नहीं है। हम सरकार के साथ सहयोग करेंगे क्योंकि महाराष्ट्र में चुनाव खत्म होने के बाद उन्होंने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर सही रुख अपनाया है।

# केरल में भारी बारिश, तीन जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी

भाषा। तिरुवनंतपुरम

**केरल में** भारी बारिश जारी है। राज्य के कुछ हिस्सों में पिछले 24 घंटों में 200 मिमी से अधिक बारिश हुई है। भारी बारिश से कोच्चि और त्रिशूर सहित प्रमुख शहरों में शुक्रवार को जलभराव हो गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने पत्तनमथिट्ठा, कोट्टायम और इडुक्की जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। रेड अलर्ट 24 घंटों में 20 सेंटीमीटर से ज्यादा और बहुत ही भारी बारिश का संकेत देता है, जबकि ऑरेंज अलर्ट के तहत 11 सेंटीमीटर से 20 सेंटीमीटर के बीच भारी बारिश की संभावना होती है। छह सेंटीमीटर से 11 सेंटीमीटर के बीच भारी बारिश की संभावना होने पर एलो अलर्ट जारी किया जाता है। राज्य के राजस्व मंत्री के. राजन ने कहा कि राज्य के कुछ हिस्सों में पिछले 24 घंटों में 20 सेंटीमीटर से अधिक बारिश हुई है। उन्होंने कहा कि कोझिकोड जिले के कुन्नमंगलम में पिछले 24 घंटों में 226.2 मिमी बारिश हुई। अलप्पुझा जिले के चेरथला में 215 मिमी, कोट्टायम जिले के कुमारकोम और कोझिकोड जिले के थामारसेरी में क्रमशः 203 मिमी और 200.7 मिमी बारिश हुई।

## घाटी में तापमान बढ़ने के कारण कश्मीर में परामर्श जारी किया गया

**श्रीनगर।** घाटी मे तापमान बढ़ता जा रहा है और एक दिन पहले ही मई में 13 वर्षों का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया। इसी बीच, कश्मीर में अधिकारियों ने बढ़ते तापमान को लेकर परामर्श जारी किया है। मौसम कार्यालय ने अगले पांच दिनो मे घाटी मे लू चलने का पूर्वानुमान जताया है। इसने कहा कि इस दौरान मौसम गर्म और शुष्क बना रहेगा और महीने के अंत तक अच्छी बारिश की संभावना कम है।

## शराब नीति पर राज्य सरकार द्वारा अभी तक कोई विचार-विमर्श शुरू नही किया गया है: एम. बी. राजेश

**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार ने राज्य की शराब नीति के संबंध में कोई विचार-विमर्श शुरू नहीं किया है। आबकारी मंत्री एमबी राजेश ने राज्य सरकार द्वारा ड्राई डे के मानदंडों को वापस लेने की खबरों के बीच शुक्रवार को यह बात कही। लोकसभा चुनाव के कारण सरकार या आबकारी विभाग के स्तर पर शराब नीति पर कोई चर्चा या विचार-विमर्श शुरू नहीं हुआ है। केरल में महीने का पहला दिन ड्राई डे होता है जब राज्य में शराब नहीं बेची जाती है। टीवी चैनलों पर प्रसारित एक वॉइस क्लिपिंग में बार संघ के एक सदस्य को कथित तौर पर अन्य सदस्यों से यह कहते हुए सुना जा सकता है कि अपने पक्ष में शराब नीति बनवाने के लिए पैसे देने होंगे। इस क्लिप का हवाला देते हुए आबकारी मंत्री ने कहा कि ऐसे प्रयासों के खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी। हम ऐसे कृत्यों को बढ़ावा नहीं देंगे। राज्य में आईटी पार्कों में बार खोले जाने की खबरों के संबंध में राजेश ने कहा कि यह प्रस्ताव पहले की शराब नीति का हिस्सा था और इसे विधानसभा की विषय संबंधी समिति ने मंजूरी दे दी है।

# भाजपा का कर्नाटक सरकार पर निशाना

● राजधानी को उड़ता बेंगलुरु कहा

भाषा। बेंगलुरू

**कर्नाटक** में कानून व्यवस्था की कथित खराब स्थिति के लिए सिद्धरमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आरोप लगाया कि राज्य की राजधानी मादक पदार्थों और रेव पार्टियों का अड्डा बनती जा रही है। भाजपा ने इसके लिए उड़ता बेंगलुरू शब्द का भी इस्तेमाल किया। बेंगलुरु पुलिस द्वारा हाल में एक फार्महाउस में रेव पार्टी का भंडाफोड़ करने के बाद




भाजपा ने राज्य की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है। भाजपा ने एक्स पर एक पोस्ट में आरोप लगाया है कि जब से कर्नाटक में कांग्रेस सरकार सत्ता में आई है तब से बेंगलुरु में हर जगह अनैतिक आयोजन हो रहे हैं। कर्नाटक भाजपा ने कन्नड भाषा में किए एक पोस्ट में कहा,कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो गई है और सरकारी अव्यवस्था उजागर हो गई है। कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के बाद बेंगलुरु में हर जगह अनैतिक आयोजन हो रहे हैं। सिलिकॉन सिटी अब मादक पदार्थ, गांजा और रेव पार्टियों का अड्डा बन गई है। भाजपा ने राज्य सरकार पर निशाना साधने के लिए हैशटैग बैड बेंगलुरु और हैशटैग कांग्रेस फेल्स कर्नाटक के साथ मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की तस्वीरों वाला एक पोस्टर भी जारी किया। भाजपा ने एक्स पर साझा किए गए पोस्टर में राज्य की राजधानी को उड़ता बेंगलुरु करार देते हुए आरोप लगाया, सिलिकॉन सिटी मादक पदार्थों का अड्डा बन रही है और यहां बड़े पैमाने पर रेव पार्टियां हो रही हैं। भाजपा ने 2016 में आई हिंदी फिल्म ‘उड़ता पंजाब’ के संदर्भ में ‘उड़ता बेंगलुरु’ शब्द का इस्तेमाल किया। उड़ता पंजाब फिल्म में युवाओं के नशीले पदार्थों के इस्तेमाल के बारे में दिखाया गया था। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने शुक्रवार को कहा कि विपक्ष का यह कहना सही नहीं है कि बेंगलुरु उड़ता बेंगलुरु बन रहा है और उन्हें आरोप नहीं लगाना चाहिए। भाजपा द्वारा लगाए गए आरोपों का जवाब देते हुए परमेश्वर ने कहा कि राज्य सरकार इस (नशीले पदार्थ की समस्या) पर सख्त है और किसी को भी बख्शेगी नहीं। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, हम इस पर बहुत सख्त हैं।

## लोकसभा के बाद स्थानीय निकाय चुनाव कराए जाएंगे: सीएम सिद्धरमैया

**मैसुरू (कर्नाटक)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शुक्रवार को कहा कि लोकसभा चुनाव की मतगणना संपन्न होने के तुरंत बाद बृहत बेंगलुरू महानगर पालिका (बीबीएमपी) सहित स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि वार्डों का परिसीमन हो चुका है और उन्हें आरक्षित करने की प्रक्रिया का अगला चरण प्रारंभ होगा। सिद्धरमैया ने मैसुरू में पत्रकारों से कहा, हम जिला और तालुक पंचायत चुनाव कराने के लिए तैयार हैं। लोकसभा चुनाव मतगणना संपन्न होने के बाद हम ग्राम पंचायत, तालुक पंचायत और जिला पंचायत चुनाव कराएंगे।

## क्विक न्यूज

### बांग्लादेश सांसद हत्याकांड : कसाई गिरफ्तार, शव के टुकड़ों का पता लगाने में ली जा रही आरोपी की मदद

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सीआईडी ने बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या में संलिप्तता के आरोप में राज्य के उत्तर 24 परगना जिले के बोनगांव इलाके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने दावा किया कि पेशे से कसाई इस व्यक्ति ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया है कि उसने शव के टुकड़े करने में अन्य आरोपियों की मदद की थी और इसके बाद अंगों को अलग-अलग स्थानों पर ठिकाने लगाया गया। कोलकाता से 13 मई को लापता होने के बाद बंगाल पुलिस ने बुधवार को बांग्लादेश के झिनाइदाह-4 क्षेत्र से अवामी लीग के सांसद अनार की हत्या की पुष्टि की थी। अधिकारी ने कहा कि पश्चिम बंगाल सीआईडी की टीम शुक्रवार को गिरफ्तार व्यक्ति को भांगर इलाके में ले गई, जहां शरीर के कटे हुए हिस्सो को प्लास्टिक की थैलियो में डालकर अलग-अलग जगहो पर फेंका गया था। पुलिस अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, आरोपी एक बांग्लादेशी नागरिक है और पेशे से कसाई है। उसने अवैध रूप से भारत में प्रवेश किया था और अपनी असली पहचान छिपाकर मुंबई में रह रहा था। अनार की हत्या की साजिश के तहत कसाई को कुछ महीने पहले कोलकाता बुलाया गया था।

### एक दिवसीय मेला 20 से अधिक युनिवर्सिटियों के प्रदर्शन के लिए तैयार

**लखनऊ।** यूके आधारित इंटरनेशनल एजुकेशन कन्सलटेन्ट कंपनी और भरोसेमंद यूके युनिवर्सिटी पार्टनरए एसआई.यूके इंडियाए जो पिछले 18 सालों से उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कर रही है,ने लखनऊ में एक दिवसीय यूके युनिवर्सिटी फेयर की घोषणा की है। इस मेले का आयोजन 28 मई 2024 को दोपहर 11रू00 से शाम 4रू00 बजे के बीच गोमती नगर स्थित होटल ताज महल में किया जाएगा। कई सालों से एसआई.यूके इंडिया देश भर में यूके एजुकेशन फेयर ;शिक्षा मेलेद्ध आयोजित करती रही है। इस साल यूके से 20 से अधिक जानी.मानी युनिवर्सिटियों जैसे युनिवर्सिटी कॉलेज लंदनए युनिवर्सिटी ऑफ एक्सेटरए युनिवर्सिटी ऑफलीड्सए युनिवर्सिटी ऑफडंडीए युनिवर्सिटी ऑफबर्मिंघम आदि के प्रतिनिधी मेले में एकजुट होंगे। छात्र इन युनिवर्सिटियों द्वारा पेश की जाने वाली एकेडमिक सर्विसेज़ के बारे में विस्तार से जानकारी पा सकेंगे।मेले का उद्देश्य छात्रों को यूके में उपलब्ध शिक्षा के अवसरों के बारे में जानकारी पाने का मौका देना है।

### एनएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के पार

**मुंबई।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर भारतीय सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 23 मई, 2024 को 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर (416.57 ट्रिलियन रुपये) को पार कर गया। उसी दिन, निफ्टी 50 इंडेक्स 22,993.60 के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गया। निफ्टी 500 इंडेक्स ने भी सर्वकालिक उच्च स्तर को छुआ। आज 21,505.25 का उच्च स्तर दर्शाता है कि इक्विटी बाजार में वृद्धि केवल बड़े, पूंजीकृत शेयरों तक ही सीमित नहीं है।भारतीय सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार पूंजीकरण को 2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर (जुलाई 2017) से 3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर (मई 2021) तक पहुंचने में लगभग 46 महीने लगे, 3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से 4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर (दिसंबर 2023) तक पहुंचने में लगभग 30 महीने लगे और अब नवीनतम अमेरिकी डॉलर 1 ट्रिलियन जोन ने में केवल 6 महीने लगे। बाजार पूंजीकरण के हिसाब से शीर्ष 5 कंपनियां रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड और भारती एयरटेल लिमिटेड हैं। एनएसई के चीफ बिजनेस डेवलपमेंट ऑफिसर श्रीराम कृष्णन ने कहा, “मैं प्रगतिशील नियामक ढांचे के साथ पूंजी बाजार ईको सिस्टम को सपोर्ट करने के लिए भारत सरकार, भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड और भारतीय रिजर्व बैंक को धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं सूचीबद्ध कंपनियों, व्यापारिक सदस्यों, निवेशकों और अन्य सभी हितधारकों को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को हासिल करने पर बधाई देता हूं।

### जेएसडब्ल्यू पेंट्स ने दर्ज किया परिचालन लाभ

**नई दिल्ली।** भारत की प्रमुख इको-फ्रेंडली पेंट कंपनी और 24 अरब यूएस डॉलर वाले जेएसडब्ल्यू समूह का हिस्सा जेएसडब्ल्यू पेंट्स ने पिछले वित्तीय वर्ष में 3 प्रतिशत से अधिक (लगभग 67 करोड़ रुपए) के एबिटा मार्जिन के साथ अपना पहला पूर्ण वर्ष परिचालन लाभ दर्ज किया। यह जेएसडब्ल्यू पेंट्स को सबसे कम अवधि में परिचालन लाभ दर्ज करने वाली पहली और सबसे युवा भारतीय पेंट्स कंपनी बनाता है। उद्योग में अपनी 10 गुना से अधिक विकास दर दर्ज करते हुए कंपनी का सकल राजस्व 2,000 करोड़ रुपए के लक्ष्य को पार कर चुका है। सकल राजस्व में वृद्धि को डेकोरेटिव पेंट और इंडस्ट्रियल कोटिंग्स दोनों व्यवसायों से समर्थन मिला है। जेएसडब्ल्यू पेंट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर पार्थ जिंदल ने कहा जेएसडब्ल्यू पेंट्स के लिए सबसे कम समय में मुनाफा कमाने वाली सबसे युवा पेंट कंपनी बनना बड़ी उपलब्धि रहा है। जेएसडब्ल्यू पेंट्स के जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ श्री सुंदरेसन एएस के अनुसार, हम एक युवा टीम हैं और ऐसे काम करने की इच्छा रखते हैं जो पहले कभी नहीं किए गए।

### आईसीआईसीआई प्रू प्लैटिनम से मिलेगा लाभ

**नई दिल्ली।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने कंपनी का पहला यूनिट-लिंक्ड प्रोडक्ट आईसीआईसीआई प्रूप्लैटिनम लॉन्च किया, जो डिस्ट्रीब्यूटर पे-आउट को उनके ग्राहकों की फंड वैल्यू के अनुरूप बनाता है, यानी डिस्ट्रीब्यूटर कमीशन उनके ग्राहकों के एसेट अंडर मैनेजमेंट से जुड़ा होता है। यह अनूठा प्रोडक्ट डिस्ट्रीब्यूटर को अपने ग्राहकों को पूरी पॉलिसी अवधि के दौरान निवेशित रहने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए प्रोत्साहित करता है। विशेष रूप से, यह ग्राहकों को लंबी अवधि में धन बनाने के लिए लागत और कर-कुशल मार्ग रास्ता देता है। लॉन्च की घोषणा करते हुए आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर अमित पाल्टा ने कहा, आईसीआईसीआई प्रू प्लैटिनम, हमारी कंपनी का पहला यूनिट-लिंक्ड प्रोडक्ट है, जो डिस्ट्रीब्यूटर्स के भुगतान को उनके ग्राहकों के फंड मूल्य के अनुरूप बनाने और लंबी अवधि में दोनों के हितों को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है। आईसीआईसीआई प्रू प्लैटिनम में ग्राहक बिना किसी लागत या कर निहितार्थ के परिसंपत्ति वर्गों के बीच असीमित मुफ्त स्विच कर सकते हैं। ग्राहक इस प्रोडक्ट के तहत 21 फंडों की श्रृंखला में से चुन सकते हैं, जिसमें 13 इक्विटी और ऋण और संतुलित श्रेणियों में से प्रत्येक के अलावा चार पोर्टफोलियो स्ट्रेटेजी का विकल्प भी शामिल है।

### दो तिहाई लोग बचत और निवेश करते हैं

**लखनऊ।** लखनऊ में 2023 में 25 हज़ार की तुलना में 2024 में औसत व्यक्तिगत मासिक आय 29 हज़ार है जब ज़रूरी मासिक खर्चों की बात आती है। तो लखनऊ के लोग किराने का सामान 25 प्रतिशत किराया 21प्रतिशत यात्रा 20 प्रतिशत,बच्चों की शिक्षा 13 प्रतिशत, मेडिकल 8 प्रतिशत,बिजली 7 प्रतिशत, रसोई गैस 3 प्रतिशत और मोबाइल ;3 प्रतिशतद्ध पर सबसे ज़्यादा खर्च करते हैं। 68 प्रतिशत ने पुष्टि की कि वे ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी सुनतेध्देखते हैंए 22 प्रतिशत ऑनलाइन धोखाधड़ी के शिकार हुए हैंए 53 प्रतिशत को फ़र्ज़ी कॉलध्संदेश आते हैं जो वित्तीय धोखाधड़ी करने के इरादे से ट्रिगर होते हैं। 44 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने श्यूपीआई पर क्रेडिटष् का इस्तेमाल करने में रुचि दिखाई और 22 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने निकट भविष्य में यूपीआई लाइट का इस्तेमाल करने में रुचि दिखाई।

# आईसीजे ने इजराइल को रफह में सैन्य अभियान रोकने का आदेश दिया

एपी। हेग

**संयुक्त राष्ट्र** की शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को इजराइल को गाजा के दक्षिणी हिस्से में स्थित शहर रफह में अपने सैन्य अभियान को तुरंत रोकने का आदेश दिया। इजराइल का कहना है कि उसे हमास के आतंकवादियों से खुद की रक्षा करने का अधिकार है और उसके द्वारा इस फैसले का पालन करने की संभावना नहीं है।

अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) के इस आदेश से गाजा में हमास के खिलाफ युद्ध को रोकने के लिए इजराइल पर वैश्विक दबाव और बढ़ गया है। गाजा में अपने सैन्य अभियान को लेकर इजराइल पहले ही अलग-थलग पड़ते जा रहा है। इजराइल के करीबी सहयोगी अमेरिका ने भी रफह में सैन्य अभियान के खिलाफ आगाह किया है जहां युद्ध शुरू होने के बाद से हजारों फलस्तीनी पनाह लिए हुए हैं।

इस सप्ताह, यूरोप के तीन देशों ने घोषणा की कि वे फलस्तीन को राष्ट्र के रूप में मान्यता देंगे। वहीं, संयुक्त राष्ट्र न्यायालय के मुख्य अभियोजक ने हमास अधिकारियों के साथ-साथ इजराइली नेताओं के लिए गिरफ्तारी वारंट का अनुरोध किया है।

आईसीजे के शुक्रवार के फैसले के साथ इस साल 15 न्यायाधीशों की पीठ ने तीसरी बार गाजा में हताहतों की संख्या घटाने और मानवीय पीड़ा को कम करने के लिए प्रारंभिक आदेश जारी किए हैं। आदेश कानूनी रूप से बाध्यकारी हैं, लेकिन उन्हें लागू करने के लिए अदालत के पास कोई शक्ति नहीं है।

इजराइल ने संकेत दिया है कि वह अपने सैन्य अभियान रोकने के आईसीजे के आदेश को नजरअंदाज कर देगा। इजराइल सरकार के प्रवक्ता एवी हाइमन ने प्रेस वार्ता में कहा, दुनिया की कोई भी ताकत इजराइल को अपने नागरिकों की रक्षा करने और गाजा में हमास के खिलाफ कार्वाई करने से नहीं रोक सकती।

आईसीजे के अध्यक्ष नवाफ सलाम जब आदेश पढ़ रहे थे उस वक्त फलस्तीनी समर्थक प्रदर्शनकारियों का एक छोटा समूह बाहर प्रदर्शन कर रहा था। फैसले में कहा गया कि रफह में घटनाक्रम के संबंध में पहले व्यक्त की गई आशंकाएं सच हो गई हैं और मानवीय स्थिति अब विनाशकारी होने जा रही है।

न्यायालय ने गाजा में पूर्ण युद्धविराम का आह्वान नहीं किया, जैसा कि दक्षिण अफ्रीका ने पिछले सप्ताह सुनवाई के दौरान अनुरोध किया था।

युद्धविराम का अनुरोध पिछले साल के अंत में दक्षिण अफ्रीका द्वारा दायर किए गए मामले का हिस्सा है, जिसमें इजराइल पर गाजा में अपने अभियान के दौरान नरसंहार करने का आरोप लगाया गया है। इजराइल ने आरोपों का जोरदार खंडन किया है।

# वियतनाम के हनोई में एक इमारत में आग लगने से 14 लोगों की मौत

एपी। हनोइ

**वियतनाम की** राजधानी हनोई के एक छोटे अपार्टमेंट में बृहस्पतिवार आधी रात को आग लग जाने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य लोग घायल हो गए। सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

सरकारी मीडिया ने बताया कि अपार्टमेंट मध्य हनोई की जिस गली में स्थित है, उसकी चौड़ाई मात्र दो मीटर है जिसके कारण दमकल वाहन वहां तक नहीं पहुंच सके और अग्निशमन कर्मियों ने पाइपों का उपयोग करके अंततः आग को काबू किया।

आधिकारिक वियतनाम न्यूज एजेंसी ने बताया कि आग रात लगभग साढ़े बारह बजे लगी और इसके साथ कई विस्फोट भी हुए जिसके कारण 14 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य लोग घायल हो गए।

अपार्टमेंट के पास में रहने वाले गुएन थान ट्रुंग ने कहा कि वह सो रहे थे तभी उन्हें विस्फोटों की आवाज सुनाई दी।

उन्होंने कहा कि वे और अन्य लोग एक सीढ़ी लेकर आए ताकि खिड़कियां तोड़कर लोगों को बाहर निकाला जा सके।

सरकारी मीडिया ने बताया कि जिस समय आग लगी उस समय इमारत में 24 लोग थे जिनमें से इमारत के मालिक के परिवार के सात सदस्य और 17 किराएदार थे।

उसने बताया कि घायलों की हालत स्थिर है और उनका हनोई ट्रांसपोर्ट अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

सरकारी मीडिया की खबर के अनुसार, आग इमारत के सामने उस छोटे से आंगन में लगी, जिसका इस्तेमाल इलेक्ट्रिक बाइक की बिक्री और मरम्मत के लिए गराज के रूप में किया जाता था।

ट्रुंग ने बताया कि लोग रात में वहां अक्सर अपनी मोटरसाइकिल की बैटरी चार्ज करते थे।

प्राधिकारियों ने बताया कि मृतकों के परिवारों को मुआवजे के तौर पर।,962 अमेरिकी डॉलर और घायलों को।,177 अमेरिकी डॉलर दिए जाएंगे।

हनोई में पिछले साल सितंबर में भी इसी तरह की परिस्थितियों में आग लगने से 50 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। उस समय भी शहर की संकरी गलियों के कारण बचाव अभियान बाधित हुआ था।

# कमल किशोर का संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के प्रतिनिधि के रूप में कार्यकाल शुरू हुआ

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**आपदा एवं** जलवायु जोखिम प्रबंधन से जुड़े शीर्ष भारतीय अधिकारी कमल किशोर ने संयुक्त राष्ट्र के प्रमुख एंतोनियो गुतारेस के विशेष प्रतिनिधि (आपदा जोखिम उपशमन) के रूप में अपने कार्यकाल की शुरुआत की है।

गुतारेस ने 28 मार्च को किशोर (55) को अपना विशेष प्रतिनिधि (आपदा जोखिम उपशमन) एवं संयुक्त राष्ट्र आपदा जोखिम उपशमन कार्यालय (यूएनडीआरआर) का प्रमुख नियुक्त किया था।

किशोर इससे पहले राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) से संबद्ध थे। अब उन्होंने संयुक्त राष्ट्र आपदा जोखिम उपशमन कार्यालय में जापान की मामी मिजूटोरी की जगह ली है।

यूएनडीआरआर ने 20 मई को किशोर के आगमन का स्वागत किया जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र के महासचिव के विशेष प्रतिनिधि (आपदा जोखिम उपशमन) (एसआरएसजी) तथा यूएनडीआरआर के प्रमुख के तौर पर अपना कार्यकाल प्रारंभ किया। कार्यालय ने बृहस्पतिवार को एक बयान में यह जानकारी दी।

किशोर ने कहा कि यूएनडीआरआर बढ़ती आशंकाओं के आलोक में आपदा जोखिमों को कम करने के वैश्विक प्रयास को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि वह अबतक हुई प्रगति को आगे ले जाने के लिए आशान्वित हैं।

उन्होंने कहा, यूएनडीआरआर की महत्वाकांक्षा इस समस्या के पैमाने से मेल खाती है।

उन्होंने पूर्व एसआरएसजी मिजूटोरी के नेतृत्व की सराहना की तथा यूएनडीआरआर के निदेशक पाओलो अल्टब्रिटो को उनके आगमन से पूर्व कार्यवाहक एसआरएसजी के रूप में सेवा देने के लिए धन्यवाद दिया।

किशोर 2015 से भारत के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के विभागाध्यक्ष के रूप में अपनी सेवा दे चुके हैं। उन्होंने जी 20 की भारत द्वारा अध्यक्षता संभालने के दौरान आपदा जोखिम उपशमन पर जी 20 कार्यबल की अध्यक्षता की थी।

एनडीएमए से जुड़ने से पहले किशोर ने जिनेवा, नई दिल्ली और न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) में करीब 13 साल गुजारे थे। इस दौरान उन्होंने संपोषणीय विकास लक्ष्यों में आपदा लचीलापन विषयों के समावेशन की खातिर तथा यूएनडीपी कार्यक्रम वाले देशों के वास्ते आपदा जोखिम उपशमन की वैश्विक टीम के लिए अंतरराष्ट्रीय मुहिम की अगुवाई की थी।

किशोर ने थाईलैंड के बैंकॉक स्थित एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलोजी से शहरी नियोजन, भू एवं आवास विकास में स्नातोकोत्तर (विज्ञान) किया है। उन्होंने रूड़की के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान से वास्तुकला इंजीनियरिंग में स्नातक किया था।

## पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन से 100 से अधिक लोगों की मौत की आशंका

एपी। मेलबर्न

**ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग** कॉर्प (एबीसी) ने बताया है कि पापुआ न्यू गिनी के एक दूरदराज के इलाके में शुक्रवार को हुए भूस्खलन में 100 से अधिक लोगों के मारे जाने की आशंका है।

एबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, भूस्खलन की घटना कथित तौर पर दक्षिण प्रशांत द्वीपीय देश की राजधानी पोर्ट मोरेस्बी से लगभग 600 किलोमीटर दूर उत्तर-पश्चिम में एंगा प्रांत के काओकलाम गांव में घटी। यह हादसा स्थानीय समयानुसार तड़के 3 बजे के करीब हुआ। इलाके के निवासियों का कहना है कि मृतकों की संख्या 100 से अधिक भी हो सकती है। हालांकि अधिकारियों ने इस आंकड़े की पुष्टि नहीं की है।

सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में स्थानीय लोग भूस्खलन के बाद दबे हुए शवों को बाहर निकालते हुए देखे जा सकते हैं।

## सिंगापुर अदालत ने भारतीय मूल के मंत्रियों को हर्जाना देने का आदेश दिया

भाषा। सिंगापुर

**सिंगापुर की** एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री ली सियन लूंग के भाई ली सियन यांग को मानहानि के एक मामले में भारतीय मूल के मंत्रियों के. षण्मुगम और विवियन बालाकृष्णन को दो-दो लाख सिंगापुरी डॉलर का भुगतान करने का आदेश दिया है।

ली सियन यांग पर एक समृद्ध उपनगर में सरकारी संपत्तियों के किराए को लेकर भारतीय मूल के मंत्रियों को बदनाम करने का आरोप है।

## एसआईए की उड़ान में 22 यात्रियों की रीढ़ की हड्डी, छह के सिर में लगी चोट

भाषा। सिंगापुर

**टर्ब्युलेंस (वायुमंडलीय** विक्षोभ) के कारण सिंगापुर एयरलाइंस की उड़ान में 22 यात्रियों की रीढ़ की हड्डी और छह यात्रियों के सिर में चोट आई है। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। द स्ट्रेट्स टाइम्स ने समितिवेज श्रीनाकारिन अस्पताल के निदेशक डॉ. एडिनुन किट्टीरतनपाइबूल के हवाले से बताया कि मंगलवार को टर्ब्युलेंस के कारण चोटिल हुए 20 लोग गहन देखभाल इकाई में हैं लेकिन किसी के भी जीवन को खतरा नहीं है।

लंदन से सिंगापुर के लिए उड़ान भरने वाले इस विमान को मंगलवार को अचानक टर्ब्युलेंस का सामना करना पड़ा था और करीब तीन मिनट के अंदर यह 6,000 फुट नीचे आ गया था, जिसके कारण 73 वर्षीय एक ब्रिटिश व्यक्ति की संभवतः दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी।

विमान में कुल 229 लोग सवार थे जिनमें 211 यात्री और 18 चालक दल के सदस्य थे।

# चीन की सेना ने सख्त सजा के तहत ताइवान के नजदीक अभ्यास किया

भाषा। बीजिंग/ताइपे



**चीन की** पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने शुक्रवार को सत्ता पर कब्जा करने की अपनी क्षमता का परीक्षण किया। उसने कहा कि उसकी सेनाओं ने ताइवान के नए राष्ट्रपति लाई चिंग-ते की टिप्पणी के जवाब में स्वशासित द्वीप के आसपास बड़े पैमाने पर अभ्यास शुरू किया।

चिंग ते ने ताइवान पर चीन की संप्रभुता के दावों को खारिज कर दिया था।

पीएलए की पूर्वी थिएटर कमान के प्रवक्ता ली शी ने कहा कि सेना, नौसेना, वायु सेना और रॉकेट बलों की संयुक्त सेनाओं ने दो दिवसीय अभ्यास के समापन के दिन क्षेत्र पर नियंत्रण और कब्जे के अभ्यास पर ध्यान केंद्रित किया। यह युद्धाभ्यास ताइवान द्वीप के आसपास किया गया।

उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, युद्ध के मैदान पर संयुक्त रूप से नियंत्रण करने, संयुक्त हमले शुरू करने और महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर नियंत्रण हासिल करने के लिए कमान की क्षमताओं का परीक्षण करने के वास्ते द्वीप समूह के अंदर और बाहर एकीकृत अभियान शुरू किया गया।

चीन के तट रक्षक बल ने अलग से जारी बयान में कहा कि उसने ताइवान जलडमरूमध्य में अपने अभ्यास पर ध्यान केंद्रित किया है। यह संकरा जल क्षेत्र है जो चीन की मुख्य भूमि को ताइवान से अलग करता है। इस दौरान सत्यापन और पहचान के साथ ही संघर्ष के समय किसी भी विदेशी जहाज को चेतावनी और निष्कासन का भी अभ्यास किया गया। सैन्य विश्लेषकों का कहना है कि पीएलए अगस्त 2022 में तत्कालीन अमेरिकी संसद के निम्न सदन प्रतिनिधि सभा की तत्कालीन अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी की यात्रा के बाद से आक्रामक सैन्य अभ्यास कर रही है। उसने सैन्य कार्वाई के माध्यम से ताइवान पर संभावित कब्जे का अभ्यास किया।

ताइवान के शीर्ष नेताओं के मुताबिक चीन, ताइवान को एक बागी प्रांत के रूप में देखता है, जिसे बलपूर्वक भी मुख्य भूमि के साथ फिर से एकीकृत करना चाहता है और 2027 में अपना आक्रमण शुरू कर सकता है।

पीएलए के पूर्वी थिएटर कमान ने बृहस्पतिवार को दो दिवसीय अभ्यास शुरू किया। उसने कहा कि यह अभ्यास ताइवान की आजादी के समर्थकों के अलगाववादी कृत्यों के लिए कड़ी सजा और बाहरी ताकतों के हस्तक्षेप एवं उकसावे के खिलाफ कड़ी चेतावनी के रूप में भी काम करता है।

हांगकांग से प्रकाशित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की खबर के अनुसार, कमान द्वारा आभासी हमलों का एक 3डी वीडियो जारी किया गया था, जिसमें पीएलए की वायुसेना, नौसेना और रॉकेट बल ताइवान के शहरों ताइपे, हुलिएन और काउश्शुंग को निशाना बनाते दिख रहे हैं।

ताइवान के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, शुक्रवार सुबह तक ताइवान के आसपास पीएलए के 49 विमान, नौसेना के 19 पोत और तटरक्षक बल के सात जहाज देखे गए हैं।

इसमें कहा गया है कि 35 विमानों को ताइवान जलडमरूमध्य के मध्य स्थित काल्पनिक बिंदु को पार करते हुए देखा गया। ताइवान के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक द्वीप के सशस्त्र बलों ने स्थिति की निगरानी की और तदनुसार प्रतिक्रिया दी।

ताइवान से आई खबरों के मुताबिक पीएलए के युद्धाभ्यास से उसके 2.30 करोड़ लोगों का सामान्य जीवन प्रभावित नहीं हुआ है।

# 1918 में डूबे पोत से बरामद दुर्लभ भारतीय नोटों की नीलामी होगी

भाषा। लंदन

**वर्ष 1918** में लंदन से बंबई जाते समय समुद्र में एक पोत के डूबने के बाद उसके मलबे से मिले 10 रुपए के दो दुर्लभ भारतीय नोटों की अगले बुधवार को नीलामी की जाएगी।

एसएस शिराला नामक पोत के मलबे से 10 रुपए के दो बैंक नोट बरामद किए गए थे, जिसे दो जुलाई, 1918 को एक जर्मन यू-बोट (पनडुब्बी) द्वारा डुबाया गया था। इन नोट पर 25 मई, 1918 की तारीख अंकित है।

लंदन में नूनन्स मेफेयर नीलामी घर अपनी विश्व बैंकनोट बिक्री के तहत इन नोटों को बोली लगाने के लिए पेश करेगा और अनुमान है कि इनकी कीमत 2,000 से 2,600 पाउंड के बीच रहेगी।

नूनन्स में मुद्राशास्त्र से जुड़े मामलों की वैश्विक प्रमुख थॉमसिना स्मिथ ने कहा, इन नोटों की पूरी खेप के साथ मुरब्बे से लेकर गोला-बारूद तक सामग्री लंदन से बंबई भेजी जा रही थी, जब पोत को एक जर्मन यू-बोट द्वारा डुबा दिया गया।

उन्होंने कहा, कई नोट तैरकर किनारे पर आ गए जिनमें बिना हस्ताक्षर वाले पांच और 10 रुपए के नोट और एक रुपए के हस्ताक्षरित नोट शामिल थे। इनमें से एक रुपए का एक नोट इस नीलामी में भी शामिल है। अधिकांश नोट को बरामद कर लिया गया और बाद में सरकार द्वारा इन्हें नष्ट करा दिया गया और उनके स्थान पर नए नोट छापे गए। लेकिन कुछ नोट निजी लोगों के पास रह गए।

स्मिथ ने कहा कि उन्होंने इस तरह के नोट पहले कभी नहीं देखे हैं और ए नोट बैंक ऑफ इंग्लैंड द्वारा सोशल मीडिया पर 1918 में जहाज के विध्वंस की घटना का उल्लेख करने के बाद प्रकाश में आए।

उन्होंने कहा कि ए नोट बहुत ही अच्छी स्थिति में हैं और वे निश्चित तौर पर नोट की गड्डी के मध्य में रहे होंगे जिससे वह समुद्री पानी में भीग नहीं पाए।

चौंकाने वाली बात यह भी है कि नोटों पर छपे नंबर दो क्रमागत संख्याएं हैं।

इस नीलामी में ब्रिटिश उपनिवेश के दौरान तत्कालीन भारत सरकार के 100 रुपए के एक दुर्लभ नोट को भी बिक्री के लिए रखा जाएगा और इसके 4,400 से 5,000 पाउंड के बीच बिकने का अनुमान है।

इस नोट के पिछले हिस्से पर बांग्ला और हिंदी समेत कई भारतीय भाषाओं में 100 रुपए मुद्रित है।

## मोटरसाइक्लि की नंबर प्लेट में हेरफेर करने के मामले में सिंगापुर में भारतीय मूल की महिला को जेल

भाषा। सिंगापुर

**भारतीय मूल** की एक मलेशियाई महिला को अक्टूबर 2019 से फरवरी 2020 के बीच अवैध पार्किंग से जुड़े पांच मामलों और इलेक्ट्रॉनिक रोड प्राइसिंग (ईआरपी) संबंधी 14 मामलों में सिंगापुर में तीन सप्ताह जेल की सजा सुनाई गई है। दीवानई करुणानिधि (28) ने सड़क-कर संग्रह के मकसद से यातायात की निगरानी के लिए यहां सड़कों पर स्थापित ईआरपी प्रणाली के तहत लगाए जाने वाले सड़क उपयोग शुल्क से बचने के लिए अपनी एक मोटरसाइक्लि की लाइसेंस प्लेट में बदलाव किया था। चैनल न्यूज एशिया ने अपनी एक रिपोर्ट में बृहस्पतिवार को बताया कि यह पहला मामला है जिसमें भूमि परिवहन प्राधिकरण (एलटीए) ने गैरकानूनी गतिविधियों का पता लगने से बचने के लिए गलत लाइसेंस प्लेट वाले विदेशी पंजीकृत वाहन का उपयोग करने के मामले में किसी व्यक्ति पर आरोप लगाया है। खबर में बताया गया है कि बृहस्पतिवार को मिले अदालती दस्तावेजों के अनुसार करुणानिधि को 10 मई को सजा सुनाई गई। एलटीए के अभियोजक डेरेन टोह ने दस्तावेज में बताया कि करुणानिधि का अपराध 21 फरवरी 2020 को उस समय सामने आया जब एक एलटीए अधिकारी ने सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट में बेफ्रंट एवेन्यू के पास खड़ी उसकी मोटरसाइक्लि के आगे और पीछे की लाइसेंस प्लेट पर अलग-अलग नंबर देखे।

# अफ्रीका के 80 प्रतिशत क्षेत्र को 2030 तक इंटरनेट की सुविधा प्रदान करना चाहती हैं कमला हैरिस

एपी। वाशिंगटन

**अमेरिका की** उपराष्ट्रपति कमला हैरिस वर्ष 2030 तक अफ्रीका के 80 प्रतिशत क्षेत्र तक इंटरनेट की सुविधा पहुंचाने के मद्देनजर एक नई साझेदारी के गठन की घोषणा करने की योजना बना रही हैं।

अफ्रीका में इंटरनेट की पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को की गई यह घोषणा पिछले साल कमला हैरिस की महाद्वीप की यात्रा के साथ-साथ केन्याई राष्ट्रपति विलियम रूटो की इस सप्ताह की वाशिंगटन यात्रा के क्रम में की गई है।

हैरिस और केन्याई नेता के बीच शुक्रवार को यूएस चैंबर ऑफ कॉमर्स में इस बारे में बातचीत होने वाली थी कि सार्वजनिक-निजी भागीदारी कैसे आर्थिक विकास को बढ़ा सकती है।

एसोसिएटेड प्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक अफ्रीका में इंटरनेट की पहुंच बढ़ाने की दिशा में कमला हैरिस की ओर से की जाने वाली पहल का पूर्वावलोकन बताता है कि वह घाना, तंजानिया और जाम्बिया की यात्रा के दौरान डिजिटल नवाचार को बढ़ावा देने के लिए की गई प्रतिबद्धताओं को कैसे पूरा करना चाहती हैं।

अफ्रीका को अपने औद्योगिक और तकनीकी क्षेत्रों के निर्माण के लिए आवश्यक पूंजी प्राप्त करने के लिए संघर्ष करना पड़ा है।

संयुक्त राष्ट्र ने पिछले साल बताया था कि महाद्वीप में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 2022 में गिरकर 45 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो 2021 में रिकॉर्ड उच्च 80 अरब अमेरिकी डॉलर था।

दुनिया भर में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में अफ्रीका की हिस्सेदारी केवल 3.5 प्रतिशत है, भले ही यह वैश्विक आबादी का लगभग 18 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है।

## मोदी ने दुनिया में भारत का कद बढ़ाया, समुदाय को नई पहचान दी: भारतीय-अमेरिकी समुदाय के नेता

भाषा। वाशिंगटन

**भारतीय अमेरिकी** समुदाय के एक प्रमुख नेता ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया में भारत का कद बढ़ाया है और प्रवासी भारतीयों को एक नई पहचान दी है। भारतीय मूल के अमेरिकी प्रेम भंडारी ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के उनके (मोदी) लक्ष्य को हासिल करने में वैश्विक भारतीय समुदाय साझेदार बनने को तैयार है।

भंडारी ने पीटीआई से कहा, पिछले 10 वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम 2030 से पहले दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर हैं... उन्होंने भारतीय समुदाय को एक नई पहचान दी है।

भंडारी जयपुर फुट यूएसए के प्रमुख हैं। वह राजस्थान एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (आरएएनए) के अध्यक्ष भी हैं। भंडारी को वीजा, पासपोर्ट और यात्रा से संबंधित संकट में फंसे समुदाय के लोगों की मदद के लिए भी जाना जाता है।

उन्होंने कहा, 2014 के बाद से प्रवासी भारतीयों को दुनिया भर में सम्मान की नजर से देखा जाता है। उदाहरण के तौर पर, यूक्रेन संकट के समय भारतीय ध्वज वाली बस से सीमा पार करना आसान हो गया था। चाहे अमेरिका हो या सऊदी अरब भारतीय समुदाय को दुनिया भर में गंभीरता से लिया जाता है और इसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को जाता है।

भंडारी ने पासपोर्ट नवीनीकरण की समस्या का भी जिक्र किया।

उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि जिनके पासपोर्ट की वैधता की अवधि वीजा नियमों के उल्लंघन के कारण समाप्त हो गई है या जिनके पासपोर्ट का नवीनीकरण नहीं हुआ है, उन्हें अपने पासपोर्ट को नवीनीकृत करने का अधिकार होना चाहिए।

## रईसी के हेलीकॉप्टर में दुर्घटनाग्रस्त होती ही आग लगी थी, हमले का कोई संकेत नहीं मिला: ईरानी सेना

एपी। तेहरान

**ईरान के** राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी जिस हेलीकॉप्टर में सवार थे उसमें दुर्घटनाग्रस्त होते ही आग लग गई थी और इस बात का कोई संकेत नहीं मिला है कि उस पर कोई हमला किया गया था। ईरानी मीडिया ने हादसे के जांचकर्ताओं के हवाले यह जानकारी दी।

रविवार को हुई दुर्घटना में रईसी के अलावा देश के विदेश मंत्री और छह अन्य लोगों की मौत हो गई थी।

दुर्घटना की जांच कर रहे सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ का बयान बृस्पतिवार देर रात सरकारी टेलीविजन चैनल पर पढ़ा गया। दुर्घटना को लेकर जारी पहले बयान में किसी को दोषी नहीं ठहराया गया है लेकिन कहा गया है कि आगे की जांच के बाद और जानकारी मिलेगी।

जनरल स्टाफ के बयान में कहा गया है कि दुर्घटना से पहले नियंत्रण टॉवर और हेलीकॉप्टर के चालक दल के बीच स्थापित हुए संचार में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

इसमें कहा गया है कि हेलीकॉप्टर ने हादसे से करीब 90 सेकंड पहले दो अन्य हेलीकॉप्टर से संचार स्थापित किया था।

बयान में कहा गया है कि हेलीकॉप्टर पर हमला होने का कोई संकेत नहीं मिला है और इसके मार्ग में भी कोई बदलाव नहीं हुआ था।

बेल हेलीकॉप्टर ईरान के उत्तर-पश्चिम में कोहरे वाले सुदूर पहाड़ी इलाके में रविवार को दुर्घटनाग्रस्त होकर गिर गया था।

# ब्रिटेन में आम चुनाव: भारत के साथ एफटीए टलने की आशंका

भाषा। लंदन

**ब्रिटेन के** प्रधानमंत्री ऋषि सुनक द्वारा चार जुलाई को देश में आम चुनाव कराए जाने की अचानक घोषणा किए जाने के बाद भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) टलने की आशंका है।

ब्रिटेन में आम चुनाव से ठीक एक महीने पहले चार जून को भारत में लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होंगे।

हालांकि राजनीतिक विश्लेषकों और रणनीतिक विशेषज्ञों ने भरोसा जताया है कि परिणाम भले ही कुछ भी हो, द्विपक्षीय संबंधों में खास बदलाव नहीं होगा लेकिन जो एफटीए समझौता सुनक के नेतृत्व वाली कंजर्वेटिव पार्टी की सरकार में होने की उम्मीद थी, उसके अब आम चुनाव की घोषणा के कारण टलने की आशंका है।

भारत और ब्रिटेन के बीच एफटीए को लेकर बातचीत जनवरी 2022 में शुरू हुई थी और इसका उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाना है। वर्तमान में दोनों देशों के बीच एक साल में करीब 38.1 अरब पाउंड का व्यापार होता है।

चुनाव पूर्व के अधिकतर सर्वेक्षणों में विपक्षी दल लेबर पार्टी आगे दिख रही है। हालांकि लेबर पार्टी ने भी इस समझौते को अंतिम रूप देने की प्रतिबद्धता जताई है लेकिन इसकी समय सीमा को लेकर कुछ कहा नहीं जा सकता।

लंदन के थिंक टैंक इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक स्टडीज (आईआईएसएस) में दक्षिण और मध्य एशियाई रक्षा, रणनीति और कूटनीति संबंधी मामलों के वरिष्ठ फेलो राहुल रॉय चौधरी ने कहा, ऋषि सुनक ने चार जुलाई को चुनाव कराने की घोषणा करके सभी को हैरान कर दिया। इसके कारण कंजर्वेटिव सरकार द्वारा भारत के साथ बहुप्रतीक्षित एफटीए को अंतिम रूप दिए जाने की संभावना खत्म हो गई है। ब्रिटेन के थिंक टैंक चैथम हाउस में दक्षिण एशिया, एशिया-प्रशांत कार्यक्रम के वरिष्ठ

# रायल्स का सपना टूटा, सनराइजर्स फाइनल में

●क्लासेन और गेंदबाजों के कमाल से हैदराबाद ने राजस्थान को 36 रनों से हराया



भाषा। चेन्नई

**हेनरिक क्लासेन** के अर्धशतक के बाद बाएं हाथ के स्पिनर्स शाहबाज अहमद और अभिषेक शर्मा के फिरकी के जादू से सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग के दूसरे क्वालीफायर में शुक्रवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को 36 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई जहां उसका सामना कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। सनराइजर्स के 176 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स की टीम ध्रुव जुरेल (35 गेंद में नाबाद 56, सात चौके, दो छक्के) और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (42) की उम्दा पारियों के बाजवूद सात विकेट पर 139 रन ही बना सकी।सनराइजर्स की ओर से शाहबाज ने 23 रन देकर तीन जबकि अभिषेक ने 24 रन देकर दो विकेट चटकाए। सनराइजर्स ने इससे पहले क्लासेन (34 गेंद में चार छक्कों से 50 रन) के अर्धशतक से नौ विकेट पर 175 रन बनाए। क्लासेन ने सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड (34) के साथ चौथे विकेट के लिए 42 और शाहबाज (18) के साथ सातवें विकेट के लिए 43 रन की साझेदारी भी की। राहुल त्रिपाठी ने भी (37) उपयोगी पारी खेली। रॉयल्स की ओर से आवेश खान (27 रन पर तीन विकेट) और ट्रेंट बोल्ट (45 रन पर तीन विकेट) ने तीन-तीन विकेट चटकाए जबकि संदीप शर्मा (25 रन पर दो विकेट) ने दो विकेट हासिल किए। फाइनल रविवार को इसी मैदान पर खेला जाएगा। लक्ष्य का पीछा करने उतरे रॉयल्स ने पावर प्ले में सलामी बल्लेबाज टॉम कोहलर-कैडमोर (10) का विकेट गंवाकर 51 रन बनाए। जायसवाल ने भुवनेश्वर के पहले ओवर में छक्का जड़ा और फिर इस तेज गेंदबाज की गेंद को बाउंड्री के दर्शन कराए। कोहलर-कैडमोर ने सनराइजर्स के कप्तान पैट कमिंस (30 रन पर एक विकेट) पर चौका मारा लेकिन फिर इसी ओवर में गेंद को हवा में लहराकर त्रिपाठी को कैच दे बैठे।

### स्कोरबोर्ड

**सनराइजर्स हैदराबाद:** हेड का अश्विन बो संदीप 34,अभिषेक का कोहलर-कैडमोर बो बोल्ट 12,त्रिपाठी का चहल बो बोल्ट 37,मार्कराम का चहल बो बोल्ट 01, क्लासेन बो संदीप 50, रेड्डी का चहल बो आवेश 05,समद बो आवेश 00,शाहबाज का जुरेल बो आवेश 18,कमिंस नाबाद 05, उनादकट रन आउट 05,**अतिरिक्त:** 08,**कुल:**20 ओवर में नौ विकेट पर: 175 रन,विकेट पतन: I-13, 2-55, 3-57, 4-99, 5-120, 6-120, 7-163, 8-170, 9-17,**गेंदबाजी:**बोल्ट 4-0-45-3,अश्विन 4-0-43-0,संदीप 4-0-25-2,आवेश 4-0-27-3,चहल 4-0-34-0

**राजस्थान रॉयल्स:**जायसवाल का समद बो शाहबाज 42,टॉम कोहलर-कैडमोर का त्रिपाठी बो कमिंस 10,सैमसन का मार्कराम बो अभिषेक10,पराग का अभिषेकबो शाहबाज 06, जुरेल नाबाद 56,अश्विन का क्लासेन बो शाहबाज 00,हेटमायर बो अभिषेक04, पावेल का अभिषेक बो नटराजन 06, बोल्ट नाबाद 00,**अतिरिक्त:** 05,कुल: 20 ओवर में सात विकेट पर: 139, **विकेट पतन:** I-24, 2-65, 3-67, 4-79, 5-79, 6-92, 7-124,**गेंदबाजी:**भुवनेश्वर 3-0-33-0,कमिंस 4-0-30-I,नटराजन 3-0-13-I , उनादकट I-0-5-0,शाहबाज 4-0-23-3,अभिषेक 4-0-24-2,मार्कराम I-0-10-0

## आईपीएल-22 में कार्तिक ने मेरा तब मनोबल बढ़ाया, जब मैं जूझ रहा था : कोहली

भाषा। बेंगलुरु

**भारतीय बल्लेबाज** विराट कोहली ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) अभियान के खत्म होने के बाद संन्यास लेने वाले दिनेश कार्तिक को समझदार और ईमानदार व्यक्ति करार देते हुए कहा कि इस अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज ने 2022 सत्र में उनका मनोबल बढ़ाया था, जब वह फॉर्म हासिल करने में जूझ रहे थे। कार्तिक ने बुधवार को अपना अंतिम आईपीएल मैच खेला जिसमें आरसीबी प्लेऑफ में राजस्थान रॉयल्स से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। कोहली ने आरसीबी द्वारा पोस्ट किए वीडियो में कहा, मैदान के बाहर मेरी उनसे काफी अच्छी और दिलचस्प बातें हुई हैं। वह बहुत समझदार व्यक्ति हैं और उन्हें सिर्फ क्रिकेट नहीं बल्कि काफी चीजों की अच्छी जानकारी भी है। लगभग 11 मिनट के इस वीडियो में कार्तिक पत्नी दीपिका पल्लीकल कार्तिक, उनके व्यक्तिगत मेंटोर अभिषेक नायर, आरसीबी के सहायक कोच मालोलान रंगराजन और फिटनेस कोच शंकर बासु के विदाई संदेश हैं। कोहली ने 2022 सत्र को याद किया जिसमें उन्होंने 16 मैच में महज 22.73 के औसत से 341 रन बनाए थे, तब दूसरे क्वालीफायर में आरसीबी राजस्थान रॉयल्स से हारकर फाइनल में जगह बनाने से चूक गई थी। कोहली ने कहा, मैंने हमेशा उनके साथ बातचीत का आनंद लिया है। 2022 में भी उस चरण में जब मेरा आईपीएल सत्र इतना अच्छा नहीं रहा था तो मेरा आत्मविश्वास भी डगमगाया हुआ था। वह दो तीन दफा मेरे साथ बातचीत के लिए बैठे और ईमानदारी से मुझे बताया कि उन्हें चीजें कैसी दिख रही हैं क्योंकि शायद मैं खुद इन चीजों को अच्छी तरह नहीं देख पा रहा था। आईपीएल के अनुभवी कार्तिक शुरूआती 2008 आईपीएल से सभी चरण में खेले हैं, उन्होंने छह फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 257 मैच में 22 अर्धशतक से 4,842 रन बनाए।

## धोनी के खेलना बंद करने का कोई कारण नहीं: कैफ

**मुंबई।** भारत के पूर्व बल्लेबाज मोहम्मद कैफ का मानना है कि फॉर्म, फिटनेस और आसानी से बड़े शॉट खेलने की क्षमता को देखते हुए ऐसा कोई कारण नहीं है कि महेंद्र सिंह धोनी को आईपीएल का अगला सत्र नहीं खेलना चाहिए। अटकलें लगाई जा रही हैं कि चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) को पांच आईपीएल खिताब दिलाने वाले धोनी अपना आखिरी आईपीएल खेल चुके हैं। पिछले साल घुटने की चोट के लिए सर्जरी करवाने वाले सीएसके के पूर्व कप्तान धोनी ने इस सत्र में 73 गेंदों में 220.55 के स्ट्राइक रेट से 161 रन बनाए। उन्होंने विकेटकीपर के रूप में भी काफी अच्छा प्रदर्शन किया। कैफ को लगता है कि धोनी के पास खेलने के लिए काफी कुछ बचा है। आईपीएल के मौजूदा सत्र में कमेंटेटर की भूमिका निभा रहे कैफ ने कहा, व्यक्तिगत रूप से, मुझे नहीं लगता कि वह अपना पूरा क्रिकेट खेल चुका है, वह मैच (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ आखिरी लीग मैच) नहीं जीत सका।

## सीबीआई ने पूर्व आईओए प्रमुख नरिंदर बत्रा के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला बंद किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने करीब दो साल की जांच के बाद भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के पूर्व अध्यक्ष नरिंदर ध्रुव बत्रा और हॉकी इंडिया के कार्यकारी निदेशक कमांडर आरके श्रीवास्तव के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला बंद कर दिया है क्योंकि उसे गलत काम के सबूत नही मिले। अधिकारियो ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।सीबीआई ने जुलाई 2022 के मामले मे एक एफआईआर दर्ज की थी जब उसकी तीन महीने लंबी प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में प्रथम दृष्टया बत्रा के खिलाफ आपराधिक साजिश, आपराधिक विश्वासघात और भ्रष्टाचार से संबंधित संज्ञेय अपराध का संकेत देने वाली सामग्री पाई गई थी।हॉकी इंडिया के कार्यकारी निदेशक आर के श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष राजिंदर सिंह और पूर्व महासचिव मोहम्मद मुश्ताक अहमद सहित कुछ अन्य अधिकारियो के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया था।संपर्क करने पर बत्रा ने क्लोजर रिपोर्ट (मामला बंद करने की रिपोर्ट) पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और कहा कि उन्हे घटनाक्रम के बारे में कोई जानकारी नही है। बार-बार कोशिशों के बावजूद भी सीबीआई ने मामले को बंद करने पर कोई प्रतिक्रिया नही दी। अधिकारियों ने कहा कि दो साल से अधिक की जांच के बाद सीबीआई को बत्रा, राजिंदर, अहमद और श्रीवास्तव के खिलाफ आरोप पत्र दायर करने के लिए पर्याप्त सबूत नही मिल सके। सीबीआई ने अब यहां एक विशेष अदालत के समक्ष इस मामले मे क्लोजर रिपोर्ट दायर की है। अदालत तय करेगी कि रिपोर्ट को स्वीकार कर मामले को बंद कर दिया जाए या एजेंसी को आगे की जांच करने का निर्देश दिया जाए।

## गेमिंग एप से जुडेंगें लोग

मुंबई। ग्लोबल स्मार्टफोन, टेक्नो ने फोटोग्राफी की दुनिया में क्राँति लाने वाले स्मार्टफोन की बिक्री शुरू कर दी है। फोटोग्राफी में नए मानक स्थापित करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया टेक्नो कैमॉन 30 सीरीज फोन स्टाइलिश कैप्चर के प्रति टेक्नो की प्रतिबद्धता को बड़ी ही खूबसूरती से दर्शाता है। यह बहुप्रतीक्षित फोन दो स्टोरेज वैरिएंट्स में उपलब्ध है, कैमॉन 30 5जी और कैमॉन 30 प्रीमियर 5जी। यूएफएस 3.1-आधारित 512 जीबी स्टोरेज के साथ, यूजर्स चुटकियों में अपने सभी पसंदीदा गेम्स डाउनलोड कर सकते हैं और अपने यादगार पलों को कैप्चर कर सकते हैं, वह भी स्टोरेज खत्म होने की चिंता किए बिना। यह फोन काफी तेज स्पीड से टास्क्स परफॉर्म करता है। ऐसे में, यह उन यूजर्स को खूब आकर्षित करेगा, जो किसी भी मायने में समझौता करना पसंद नहीं करते हैं। यह फोन बिक्री के लिए 19,999 रुपए की किफायती कीमत से शुरू है। कैमॉन 30 सीरीज में 50 मेगा पिक्सेल के ऑटो फोकस फ्रंट कैमरा, सुपर नाइट मोड और एआई एन्हांसमेंट्स सहित भारत के पहले 100 मेगा ऑप्टिकल इमेज स्टैबिलाइजेशन मोड जैसी सुविधाएँ शामिल हैं। कैमॉन 30 सीरीज़ के साथ, टेक्नो यूजर्स को वह देखने के अवसर देता है, जो पहले कभी नहीं देखा गया है। उच्च-स्तर के फोटो और वीडियो को सहजता से कैप्चर करने की सुविधा यजर्स के तमाम खूबसूरत पलों को सबसे अच्छी यादों में तब्दील कर देती है।

## कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम का ऐलान

**भुवनेश्वर।** कुवैत के खिलाफ छह जून को होने वाले विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के लिए भारत की 27 सदस्ईय फुटबॉल टीम का ऐलान कर दिया गया है जिसमें फॉरवर्ड पार्थिब गोगोई और डिफेंडर मोहम्मद हम्माद चोट के कारण बाहर है जबकि अनुभवी स्ट्राइकर सुनील छेत्री का यह आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच होगा। मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने कोलकाता मे होने वाले मैच के लिए टीम का ऐलान किया। भुवनेश्वर मे 32 खिलाड़ी शिविर मे थे जिनमें से पांच (फुरबा लाचेंपा, पार्थिब, इमरान खान, हम्मदाद और जितिन एमएस) को रिलीज कर दिया गया है। स्टिमक ने एक विज्ञप्ति में कहा , ए सभी काफी पेशेवर और मेहनती है। इनके बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा है। पार्थिब और हम्माद को कुछ दिन पहले चोट लगी थी और उन्हें एक से दो हफ्ते आराम की जरूरत है। बाकी खिलाड़ी भुवनेश्वर मे अभ्यास करते रहेंगे और 29 मई को कोलकाता जाएंगे। कुवैत से उनका सामना विवेकानंद युवा भारती क्रीडांगन में छह जून को होगा। इसके बाद भारतीय टीम 11 जून को कुवैत में खेलेगी। भारत इस समय चार मैचों में चार अंक लेकर ग्रुप में दूसरे स्थान पर है। इस मैच के साथ ही छेत्री अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कह देंगे जिन्होंने भारत के लिए सर्वाधिक 94 गोल किए है। यह उनका 151वां मैच होगा।

## टी20 विश्व कप के दूत बने शाहिद अफरीदी

दुबई। पूर्व आल राउंडर शाहिद अफरीदी को शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के दो जून से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप का दूत बनाया गया। अफरीदी ने 2009 में पाकिस्तान की टी20 विश्व कप जीत मे अहम भूमिका निभाई थी। इस तरह वह टूर्नामेंट दूत के उस ग्रुप मे शामिल हो गए जिसमें भारत के युवराज सिंह, वेस्टइंडीज के क्रिस गेल और महान धावक उसेन बोल्ट मौजूद है। अफरीदी ने आईसीसी मीडिया विज्ञप्ति में कहा, आईसीसी पुरूष टी20 विश्व कप मेरे दिल के काफी करीब है। उन्होने कहा, शुरूआती चरण मे प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट से 2009 मे ट्राफी जीतने तक मेरे करियर के कुछ अहम पल इसी मंच पर खेलते हुए बने है। मै इस चरण का बतौर दूत हिस्सा बनकर रोमांचित हूं जिसमे हम पहले से कही अधिक टीमें, अधिक मैच और यहां तक कि ज्यादा रोमांच देखेंगे। इंग्लैंड मे 2009 मे हुए टूर्नामेंट मे अफरीदी पाकिस्तान के लिए दूसरे सर्वाधिक रन जुटाने वाले खिलाड़ी रहे थे, उन्होंने 140 के स्ट्राइक रेट से दो अर्धशतक से 176 रन बनाए थे।

## आईसीसी ने पुरूष टी20 विश्व कप के लिए स्टार सुसज्जित कमेंटरी पैनल की घोषणा की

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अगले महीने शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के लिए शुक्रवार को स्टार सुसज्जित कमेंटरी पैनल की घोषणा की जिसमें क्रिकेट और प्रसारण के कुछ बड़े नाम जैसे पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री और महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर शामिल है। टी20 विश्व कप दो से 29 जून तक अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेला जाएगा। क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने वाले दिनेश कार्तिक को भी कमेंटरी पैनल में चुना गया है। मुख्य कमेंटेटरों में शास्त्री, नासिर हुसैन, इयान स्मिथ, मेल जोंस, हर्षा भोगले और इयान बिशप शामिल है। आधुनिक खेल की जानकारी देने के लिए पूर्व पुरुष और महिला टी20 विश्व कप चैम्पियन जैसे कार्तिक, इबोनी रेनफोर्ड ब्रेंट, सैमुअल बद्री, कार्लोस ब्रेथवेट, स्टीव स्मिथ, आरोन फिंच और लिसा स्थालेकर शामिल हैं। पूर्व वनडे विश्व कप विजेता रिकी पोंटिंग, गावस्कर, मैथ्यू हेडन, रमीज राजा, इयोन मोर्गन, टॉम मूडी और वसीम अकरम भी अपना आकलन करेंगे। विश्व कप कमेंटरी में पदार्पण करने वालों में अमेरिकी कमेंटेटर जेम्स ओ ब्रायन शामिल हैं। कमेंटरी टीम के बड़े नामों में डेल स्टेन, ग्रीम स्मिथ, माइकल एथरटन, वकार यूनिस, सिमोन डोउल, शॉन पोलाक और कैटी मार्टिन के साथ प्रसारण मे मशहूर क्रिकेटर एमपुमेलेलो एमबांग्वा, नटाली जर्मानोस, डैनी मोरिसन, अलीसन मिचेल, एलन विल्किन्स, ब्रायन मुर्गाट्रोयड, माइक हेसमैन, इयान वार्ड, अथर अली खान, रसेल अर्नाल्ड, नियाल ओ ब्रायन, कासा नायडू और वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान डेरेन गंगा मौजूद है। आईसीसी टीम टी20 विश्व कप की एक एआई की मदद से बनने वाली फीड भी मुहैया कराएगी।

# भारतीय क्रिकेट की समझ रखने वाले कोच की जरूरत : शाह

●बोले- किसी आस्ट्रेलियाई से संपर्क नहीं किया

भाषा। मुंबई



**बीसीसीआई** सचिव जय शाह ने शुक्रवार को इन दावों का खंडन किया कि बोर्ड ने किसी पूर्व आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर से भारत का मुख्य कोच बनने के लिए संपर्क किया है। उन्होंने यह कहकर राहुल द्रविड़ के बाद भारतीय कोच की नियुक्ति का संकेत दिया कि नए कोच को देश में खेल के ढांचे की गहरी समझ होनी चाहिए। समझा जाता है कि द्रविड़ ने बोर्ड को बता दिया है कि वह कार्यकाल में और विस्तार नहीं चाहते। आस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर रिकी पोंटिंग और जस्टिन लैंगर ने दावा किया है कि उन्होंने इस पद की पेशकश ठुकरा दी है। कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटोर और पूर्व बल्लेबाज गौतम गंभीर को भी इस पद के प्रमुख दावेदारों में माना जा रहा है। शाह ने एक बयान में कहा , मैंने या बीसीसीआई किसी ने भी किसी आस्ट्रेलियाई पूर्व क्रिकेटर से कोच के पद के लिए संपर्क नहीं किया है। मीडिया में चल रही इस आशय की खबरें सरासर गलत हैं। पोंटिंग और लैंगर इंडियर प्रीमियर लीग में क्रमश: दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स के कोच हैं।द्रविड़ के बाद भारतीय कोच ही चुनने का संकेत देते हुए शाह ने कहा , राष्ट्रीय टीम के लिए सही कोच तलाशना लंबी प्रक्रिया है। हम ऐसे व्यक्ति की तलाश कर रहे हैं जिसे भारतीय क्रिकेट के ढांचे की गहरी समझ हो और अपने हुनर से शिखर तक पहुंचा हो। बीसीसीआई सचिव ने यह भी कहा कि अगले कोच की नियुक्ति के लिए भारत के घरेलू क्रिकेट ढांचे की समझ होना महत्वपूर्ण है। बीसीसीआई ने कोच के पद के लिए आवेदन देने की आखिरी तारीख 27 मई रखी है। पोंटिंग ने बृहस्पतिवार को कहा था कि उन्हें पद की पेशकश की गई थी लेकिन इस समय उनकी जीवनशैली से मेल नहीं खाने के कारण उन्हें इसे ठुकरा दिया। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू से कहा , मैने इसके बारे में काफी खबरें पढी हैं।

### लैंगर ने भारत का कोच बनने का इरादा त्यागा, राहुल ने दबाव और राजनीति को लेकर आगाह किया

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर जस्टिन लैंगर भारत का मुख्य कोच बनने की संभावना पर विचार कर रहे थे लेकिन इससे जुड़े दबाव और राजनीति को लेकर केएल राहुल की सलाह के बाद उन्होंने यह ख्याल जेहन से निकाल दिया। लखनऊसुपर जाइंट्स आईपीएल टीम के मुख्य कोच लैंगर ने बीबीसी स्टम्प्ड पॉडकास्ट मे कहा , यह शानदार काम होगा। मै आस्ट्रेलियाई टीम के साथ चार साल कोच रह चुका हूं लेकिन यह काफी थकाऊहोता है। लेकिन किसी संभावना से इनकार नही किया जा सकता। उन्होंने कहा , मै केएल राहुल से बात कर रहा था तो उसने कहा कि आईपीएल टीम मे अगर आपको दबाव और राजनीति लगती है तो उसका हजारो गुना भारतीय टीम की कोचिंग मे होता है। यह अच्छी सलाह थी। यह पद आकर्षक है लेकिन अभी मेरे लिए नही। बीसीसीआई ने मुख्य कोच के पद के लिए ताजा आवेदन मंगवाए है और आवेदन की आखिरी तारीख 27 मई है।

## लक्ष्मण का एनसीए में कार्यकाल सितंबर में खत्म, क्या ढांचे में उन्हें बरकरार रख सकता है बीसीसीआई

**चेन्नई।** यह जगजाहिर है कि वीवीएस लक्ष्मण की भारतीय टीम के मुख्य कोच पद पर काबिज होने की कोई इच्छा नहीं है और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में क्रिकेट प्रमुख के तौर पर उनका कार्यकाल इस साल सितंबर में खत्म हो रहा है जिससे यह देखना होगा कि बीसीसीआई किस तरह उन्हें सेट अप में बरकरार रखने में कामयाब होता है। कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटोर गौतम गंभीर को बीसीसीआई के लिए उपलब्ध विकल्पों में प्रबल दावेदार माना जा रहा है लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि सचिव जय शाह ने राष्ट्रीय टीम के सीनियर खिलाड़ियों से गंभीर पर सर्वसम्मति से रजामंदी के बारे में बात की है या नहीं। शाह ने शुक्रवार को एक बयान में किसी भी आस्ट्रेलियाई उम्मीदवार से संपर्क किए जाने से इनकार किया था। उन्होंने यह भी संकेत दिया था कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) भारतीय कोच की तलाश कर रहा है जो देश के क्रिकेट को अंदर से बखूबी जानता हो। लक्ष्मण एनसीए में करीब तीन साल के कार्यकाल के दौरान अंतरिम भारतीय कोच रह चुके हैं जिससे हैदराबाद का यह स्टाइलिश पूर्व क्रिकेटर इस पद के लिए सबसे मुफीद दिखता है। लेकिन उन्होंने इस पद के लिए आवेदन ही नहीं किया है जो अगले साढ़े तीन वर्षों के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से काफी थकाऊहोगा। आवेदन की अंतिम तारीख 27 मई है। अगर वह आवेदन करते हैं तो बीसीसीआई के हाई परफोरमेंस सेंटर में अपनी साख की बदौलत वह मजबूत दावेदार होंगे। बीसीसीआई भी इस 49 वर्षीय के लिए रूकना चाहेगा और शायद उन्हें इस शीर्ष पद के लिए मनाने की कोशिश भी करेगा।

# भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम फाइनल में

● तीरंदाजी विश्व कप : दीपिका सेमीफाइनल में

भाषा। एचियोन (दक्षिण कोरिया)

**ज्योति सुरेखा** वेन्नम और प्रियांश की जोड़ी तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में शुक्रवार को कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गई जबकि दीपिका कुमारी ने शानदार वापसी करके व्यक्तिगत रिकर्व सेमीफाइनल में जगह बनाई। कंपाउंड महिला टीम बुधवार को ही फाइनल में पहुंच गई थी। ज्योति , परनीत कौर और अदिति स्वामी ने भारत का पहला पदक पक्का कर दिया था। युवा कंपाउंड तीरंदाज प्रथमेश फुगे व्यक्तिगत वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम ने 16 तीरों में दो अंक ही गंवाते हुए मेजबान देश के हान सियुंगियोन और यांग जाएवोन को 158 . 157 से हराया। अब उनका सामना अमेरिका की ओलिविया डीन और साएर सुलिवान से होगा। इससे पहले ज्योति और प्रियांश ने वियतनाम को 159-152 से हराया था। वहीं क्वार्टर फाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त मेक्सिको को 156-155 से मात दी। दिसंबर 2022 में मां बनने के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी कर रही दुनिया की पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका ने लगातार चार जीत दर्ज करके अंतिम चार में जगह बनाई। वह रिकर्व वर्ग में अकेली भारतीय बची हैं। उनका सामना दुनिया की नंबर दो तीरंदाज दक्षिण कोरिया की लिम सिहयिओन से होगा जिसने शंघाई में पहले चरण में स्वर्ण पदक जीता था। दीपिका ने पहले दौर में स्लोवेनिया की टिंकारा कार्डिनार को शूटआफ में हराया था। इसके बाद वियतनाम की लोक थि दाओ को 6 -2 से , फ्रांस की लिसा बारबेलिन को 6-0 से, तुर्की की एलिफ बेरा गोकिर को 6-4 से हराया।

## पीवी सिंधू मलेशिया मास्टर्स के सेमीफाइनल में, अष्मिता हारी



**कुआलालंपुर।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू ने मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त हान युइ को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने छठी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी को 55 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में 21-13, 14-21, 21-12 से हराया। पूर्व विश्व चैम्पियन सिंधू का सामना अब इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वरदानी या थाईलैंड की बुसानन ओंगामरूंगफान से होगा। अन्य मुकाबलों में अष्मिता चालिहा को क्वार्टर फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त झांग यि मैन ने 21 -10, 21 -15 से हराया। आखिरी बार दो साल पहले सिंगापुर ओपन जीतने वाली सिंधू ने आक्रामक शुरूआत की और पहला गेम आसानी से जीत लिया। दूसरे गेम में चीनी खिलाड़ी ने वापसी की लेकिन तीसरे गेम में सिंधू ने उसे कोई मौका नहीं दिया।

## सेंथिल, अभय क्यूएसएफ स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में

**दोहा।** भारत के वेलावन सेंथिल कुमार और अभय सिंह 53500 डॉलर ईनामी राशि के क्यूएसएफ 3 स्क्वाश टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मे पहुंच गए। यह पीएसए विश्व टूर ब्रांज श्रेणी का टूर्नामेंट है। मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन सेंथिल कुमार ने मिस्र के सातवी वरीयता प्राप्त उमर मोसाद को 12-11, 11-3, 9-3 से हराया। चोट के कारण मोसाद ने 30 मिनट मे कोर्ट छोड़ दिया। एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय ने छठी वरीयता प्राप्त फ्रांस के आगस्टे डुसोर्ड को 11- 5, 5-11, 10-12, 11-5, 9-3 से मात दी। सेंथिल कुमार का सामना अब मिस्र के शीर्ष वरीयता प्राप्त तारिक मोमेन से होगा जबकि अभय की टक्कर मलेशिया के तीसरी वरीयता प्राप्त ऐन योउ एंग से होगी।

## अमेरिका ने बांग्लादेश पर टी20 श्रृंखला में ऐतिहासिक जीत दर्ज की

**ह्यूस्टन।** पाकिस्तानी मूल के तेज गेंदबाज अली खान के आखिरी दो ओवरों मे तीन विकेट की मदद से अमेरिका ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच मे बांग्लादेश को छह रन से हराकर आईसीसी के पूर्णकालिक सदस्य देश के खिलाफ श्रृंखला मे ऐतिहासिक जीत दर्ज की। पहले टी20 में पांच विकेट से जीत दर्ज करने के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत अमेरिका ने दूसरा मैच भी जीतकर तीन मैचो की श्रृंखला में 2-0 की विजई बढ़त बना ली। यह श्रृंखला अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए अहम है। खान ने आखिरी दो ओवरों में तीन विकेट लेकर जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होने 25 रन देकर तीन विकेट लिए।

## अटवाल और जीव ने 69 के समान कार्ड खेले, संयुक्त 19वें स्थान पर

बेटन हार्बर (अमेरिका)। भारतीय गोल्फर अर्जुन अटवाल और जीव मिल्खा सिंह ने चैम्पियंस टूर पर किचन ऐड सीनियर पीजीए चैम्पियनशिप के पहले दौर मे समान दो अंडर 69 के कार्ड खेले जिससे दोनों संयुक्त रूप से 19वे स्थान पर बने हुए है। जीव ने तीन पार से शुरूआत की। उन्होने चौथे होल पर बर्डी लगाई और फिर सातवें से नौवें होल मे लगातार तीन बर्डी से चार अंडर का शानदार स्कोर बनाए थे।बैक नाइन पर हालांकि वह बर्डी का मौका चूक गए और 12वें होल मे डबल बोगी से 69 का कार्ड बना सके।अटवाल ने 10वे होल मे बर्डी से शुरूआत की और 12वें होल मे दूसरी बर्डी लगाई।

## भारतीय महिला टीम प्रो लीग के यूरोप चरण में लगातार दूसरा मैच हारी

**एंटवर्प ( बेल्जियम )।** भारतीय महिला हॉकी टीम को एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण में लगातार दूसरी पराजय झेलनी पड़ी और इस बार उसे बेल्जियम ने 2 . 0 से हराया। नए कोच हरेंद्र सिंह और कप्तान सलीमा टेटे के साथ भारतीय महिला टीम को बुधवार को पहले मैच में अर्जेंटीना ने 5 . 0 से हराया था। बेल्जियम के लिए दोनों गोल फील्ड गोल थे जो 34वें मिनट में अलेक्सिया टी सरस्टेवेंस और दो मिनट बाद डेवाएट लुईस ने किए। भारत ने आक्रामक शुरूआत करके पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया था।

# बेल्जियम से हारी भारतीय पुरूष हॉकी टीम

**एंटवर्प ( बेल्जियम )।** डिफेंस में चूक का खामियाजा भारतीय टीम को भुगतना पड़ा और दुनिया की तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम ने उसे एफआईएच प्रो लीग में 4- । से हरा दिया। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने पहले मैच में बुधवार को अर्जेंटीना को शूटआउट में 5-4 से हराया था। पहला क्वार्टर गोलरहित रहने के बाद बेल्जियम ने 22वें मिनट में कप्तान फेलिक्स डेनाएर के फील्ड गोल पर बढत बना ली। हाफटाइम के चार मिनट बाद अलेक्जेंडर हेनड्रिक्स ने मेजबान के लिए पेनल्टी कॉर्नर पर दूसरा गोल किया। बेल्जियम के खिलाड़ियों की तेज रफ्तार पासिंग और बेहतरीन कौशल से भारतीय डिफेंस छितर बितर हो गया। बेल्जियम के लिए तीसरा गोल सेड्रिक चार्लियर ने 49वें मिनट में किया। भारत के लिए अभिषेक ने एकमात्र गोल किया लेकिन आखिरी मिनटों में हेंडरिक्स ने पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल करके बेल्जियम की जीत पर मुहर लगा दी। मैच में शुरू ही से भारतीय डिफेंस बिखरा हुआ दिखा और उसके पास बेल्जियम के हमलों का जवाब नहीं था। अनुभवी गोलकीपर पी आर श्रीजेश ही अकेले किला लड़ाते रहे।

### भारतीय जूनियर पुरूष हॉकी टीम स्थानीय डच क्लब से हारी

ब्रेडा (नीदरलैंड)। भारतीय जूनियर पुरूष हॉकी टीम मौजूदा यूरोप दौरे के तीसरे मैच मे स्थानीय डच क्लब ब्रेडासे हॉकी वेरेनिजिंग पुश से 4-5 से हार गई। पहले मैच मे पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से जीत दर्ज करने के बाद भारत को बेल्जियम की जूनियर टीम ने पिछले मैच मे 3-2 से हराया था। कप्तान रोहित (18वां मिनट), सौरभ आनंद कुशवाह (24वां मिनट), अंकित पाल (32वां मिनट) और अर्शदीप सिंह (58वां मिनट) ने भारत के लिए गोल दागे।

# तेज, दक्ष, अनुज और जितेंद्रबने सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज



**लखनऊ।** तेज प्रताप सिंहए दक्ष गोपालए अनुज गौतम और जितेंद्र प्रताप सिंह ने लखनऊ जिला बाक्सिंग टूर्नामेंट ने रिंग में शानदार प्रदर्शन से सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज की ट्रॉफी जीत ली। दूसरी ओर महिला वर्ग में केडी सिंह बाबू स्टेडियम की सनाया पालए काजल पाण्डेयए वैष्णवी पालए आयुषी द्विवेदी और अंजली यादव ने स्वर्ण पदक व सुरभि कश्यपए सलोनी गुप्ताए सुजीता कुमारीए श्रेया सिंह ने रजत पदक जीते। केडी सिंह बाबू स्टेडियम के नवनिर्मित बाक्सिंग हाल में बाक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ व क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय लखनऊ के समन्वय से आयोजित प्रतियोगिता में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के मुक्केबाजों ने कुल 16 स्वर्ण व 11 रजत अपने नाम किए। सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज मिनी बालक वर्ग में केडी सिंह के तेज प्रताप सिंहए सब जूनियर में सीबीए के दक्ष गोपालए जूनियर में जोश बाक्सिंग अकादमी के अनुज गौतम और सीनियर में केडी सिंह के जितेंद्र प्रताप सिंह चुने गए। समापन समारोह में मुख्य अतिथि भगवती सिंह संयुक्त शिक्षा निदेशक, शिविर कार्यालय, माध्यमिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश और विशिष्ट अतिथिगण उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डाआनन्देश्वर पाण्डेय और उत्तर प्रदेश एमेच्योर बाक्सिंग एसोसिएशन के सचिव प्रमोद कुमार ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। समापन समारोह की अध्यक्षता बाक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ के अध्यक्ष अतुल अग्निहोत्री ने की जबकि सचिव सहदेव सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### लखनऊ के अथर्व ने पहले दिन जीते दोहरे स्वर्ण



लखनऊ। लखनऊ के अथर्व सक्सेना ने 23वीं उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय जूनियर एवं 24वीं सब जूनियर वुशू प्रतियोगिता के पहले दिन दोहरे स्वर्ण जीतकर मेजबान को शानदार शुरुआत दिलाई। अथर्व सक्सेना ने ग्रुप सी में बालक चंगक्वान व बालक दाउ शू में स्वर्ण जीतने के साथ बालक गुन शू में रजत पदक जीता।केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बैडमिंटन हॉल में उत्तर प्रदेश वुशू संघ के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डाणआनन्देश्वर पाण्डेय ने किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि का स्वागत उत्तर प्रदेश वुशू संघ के महासचिव मनीष कक्कड़ ने किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश वुशू संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष टीपी हवेलियाए उत्तर प्रदेश टेनिस संघ के सचिव पुनीत अग्रवाल, उत्तर प्रदेश रोइंग संघ के सचिव सुधीर शर्मा, कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के सचिव जसपाल सिंह और लखनऊ वुशू संघ की सचिव अंजलि कक्कड़ व अध्यक्ष पंकज जायसवाल सहित अन्य मौजूद रहे। प्रतियोगिता में पहले दिन सांडा अंडर.12 के प्रारंभिक मुकाबले शुरू हो गए। इसके अलावा ताउलू में ग्रुप सी सब जूनियर वर्ग की स्पर्धाएं खेली गई।

## नागल का सामना फ्रेंच ओपन के पहले दौर में खाचानोव से

**पेरिस।** भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल क सामना फ्रेंच ओपन के पहले दौर में दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी रूस के कारेन खाचानोव से होगा। दुनिया के 94वें नंबर के खिलाड़ी नागल को मुख्य ड्रॉ में सीधे प्रवेश मिला है। वह 2019 में प्रग्नेश गुणेश्वरन के बाद फ्रेंच ओपन के मुख्य ड्रॉ में सीधे प्रवेश पाने वाले पहले भारतीय पुरूष खिलाड़ी बने। वह क्लेकोर्ट पर खेले जाने वाले इस ग्रैंडस्लैम से पहले हालांकि अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं। उन्हें मोंटे कार्लो मास्टर्स के तीसरे दौर में होल्गर रूने ने हराया। इसके बाद वह बोर्डो चैलेंजर और जिनीवा ओपन में भी पहले दौर में हार गए। वहीं खाचानोव ने फरवरी में कतर ओपन 250 जीता और इस सत्र में उनका रिकॉर्ड 21 . 7 का है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ ( फोन: 0522-4036600 ) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक: शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।